

दैनिक

सुप्रभात रायपुर

आम आदमी का खास अखबार

# प्रतिदिन राजधानी



▸ संस्थापक-स्व. श्री रामचंद नचरानी ▸ प्रधान संपादक - शांति देवी नचरानी ▸ वर्ष : 26 ▸ अंक : 115 गुरुवार, 14 मई 2026 ▸ पृष्ठ : 12 ▸ मूल्य ₹ 2.00 RNI NO. CHH HIN/2001/05596


3 ▸ वाहनों के उपयोग में ...

E-mail pratidincg@gmail.com E-paper https://epaper.pratidinrajdhani.in WhatsApp +91 62629 04444

'या कमाल है' को लेकर... ◂ 8

जिन किसी व्यक्ति को समाचार या विज्ञापन देना है संपर्क करे : मो. नं. 9806044444, 6262904444 इस नंबर के अलावा अन्य नंबर पर दी गई सूचना से समाचार पत्र का लेना-देना नही रहेगा...

## मोदी कैबिनेट में लिए गए कई महत्वपूर्ण फैसलें

# किसानों की आय, इंफ्रास्ट्रक्चर और ऊर्जा सुरक्षा को मिलेगी मजबूती : मोदी

**एजेंसी, नई दिल्ली**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बुधवार को कहा कि केंद सरकार किसानों की आय बढ़ाने, देश के बुनियादी ढांचे को मजबूत करने और ऊर्जा सुरक्षा को नई ताकत देने के लिए लगातार बड़े फैसले ले रही है। प्रधानमंत्री ने कैबिनेट द्वारा लिए गए चार प्रमुख निर्णयों पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि ये फैसले देश में विकास, निवेश और रोजगार के नए अवसर पैदा करेंगे।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में हुई केंद्रीय मंत्रिमंडल की बैठक में बुधवार को कुल 3,18,165 करोड़ रुपये के चार बड़े फैसलों को मंजूरी दी गई। इनमें खरीफ फसलों के न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) में वृद्धि, नागपुर अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के उन्नयन, कोल गैसीफिकेशन परियोजनाओं को बढ़ावा और अहमदाबाद (सरखेज)–धोलेरा सेमी हाईस्पीड डबल रेल लाइन परियोजना शामिल हैं।

मोदी ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर कहा कि देशभर के किसान भाई–बहनों के हितों की रक्षा और उनकी आय में वृद्धि के लिए हम निरंतर महत्वपूर्ण निर्णय ले रहे हैं। इसी दिशा में हमारी सरकार ने वर्ष 2026–27 के मार्केटिंग सीजन के लिए खरीफ फसलों के न्यूनतम समर्थन मूल्य यानि



एमएसपी में बढ़ोतरी को मंजूरी दी है। उन्होंने कहा कि इस फैसले से देश के करोड़ों अन्नदाताओं को उनकी उपज का उचित और लाभकारी मूल्य मिलेगा तथा उनके जीवन में खुशहाली आएगी।

प्रधानमंत्री ने नागपुर एयरपोर्ट से जुड़े फैसले को शहर के बुनियादी ढांचे के लिए बड़ा प्रोत्साहन बताते हुए कहा कि इससे नागपुर एक प्रमुख एविएशन और कार्गो हब के रूप में तेजी से उभरेगा। उन्होंने कहा कि इससे संपर्क व्यवस्था मजबूत होगी, व्यापार को बढ़ावा मिलेगा और विकास के नए अवसर पैदा होंगे।

मोदी ने अहमदाबाद (सरखेज)–धोलेरा सेमी हाईस्पीड डबल लाइन परियोजना को भारत के रेल आधुनिकीकरण की दिशा में ऐतिहासिक कदम बताया। उन्होंने कहा कि स्वदेशी तकनीक पर आधारित यह देश की पहली सेमी हाईस्पीड रेल परियोजना होगी, जिससे गुजरात में कनेक्टिविटी बेहतर होगी, यात्रा समय कम होगा और धोलेरा को भविष्य उन्मुख औद्योगिक केंद्र के रूप में मजबूती मिलेगी। इस परियोजना की लागत करीब 20,665 करोड़ रुपये आंकी गई है।

प्रधानमंत्री ने सतही कोयला एवं लिग्नाइट गैसीफिकेशन परियोजनाओं को बढ़ावा देने संबंधी 37,500 करोड़ रुपये की योजना को ऊर्जा सुरक्षा मजबूत करने वाला कदम बताया। उन्होंने कहा कि इससे निवेश बढ़ेगा, युवाओं के लिए रोजगार के अवसर पैदा होंगे और प्रौद्योगिकी तथा नवाचार को बढ़ावा मिलेगा।

## रंगासामी 5वीं बार पुडुचेरी के मुख्यमंत्री बने 'नमो पुडुचेरी' योजना पर किए हस्ताक्षर

**एजेंसी, पुडुचेरी**

राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन नेता और ऑल इंडिया एनआर कांग्रेस (एआईएनआरसी) संस्थापक एन. रंगासामी ने बुधवार को पांचवीं बार पुडुचेरी के मुख्यमंत्री पद की शपथ ली। उप राज्यपाल कैलाशनाथन ने उन्हें पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। उनके साथ भाजपा के ए. नमस्सिवायम और एनआर कांग्रेस के मल्लादी कृष्ण राव ने मंत्री पद की शपथ ली।

आज सुबह 9:47 बजे उप राज्यपाल भवन परिसर में पुडुचेरी के मुख्यमंत्री और मंत्रियों का शपथ ग्रहण समारोह आयोजित किया गया। जिसमें



एन. रंगासामी ने पांचवीं बार पुडुचेरी के मुख्यमंत्री पद की शपथ ली। उनके साथ भाजपा के ए. नमस्सिवायम और एनआर कांग्रेस के मल्लादी कृष्ण राव ने मंत्री पद की शपथ ली। मल्लाडी कृष्णा राव ने तेलुगु में शपथ ली।

कार्यक्रम की शुरुआत वंदे मातरम् और राष्ट्रगान से हुई, जबकि तीसरे क्रम में तमिल थाई वाझ्थु गाया गया। शपथ ग्रहण समारोह में भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन सहित पार्टी के अन्य पदाधिकारी मौजूद थे। एक सप्ताह के भीतर मंत्रियों का पूर्ण शपथ ग्रहण होगा। विभागों का आवंटन उसी समय घोषित किया जाएगा।

पांचवीं बार मुख्यमंत्री पद की शपथ लेने के बाद रंगासामी पैदल विधानसभा पहुंचे। वहां उन्होंने पुलिस परेड की सलामी ली और अपने कक्ष में महत्वपूर्ण फाइलों पर हस्ताक्षर करने के बाद पत्रकारों के साथ बातचीत में कहा कि पुडुचेरी का पांचवीं बार मुख्यमंत्री बनना मेरे लिए खुशी की बात है। आज हमने कई योजनाओं से संबंधित फाइलों पर हस्ताक्षर किए हैं। पीले राशन कार्डधारकों को भी बीमा योजना का लाभ देने की व्यवस्था की गई है।

### भाजपा प्रदेश कार्यसमिति की बैठक सम्पन्न

## वैभवपूर्ण और आर्थिक समृध्दिशाली भारत बनाना हमारा लक्ष्य - शिवप्रकाश

**रायपुर (प्रतिदिन राजधानी)**

भारतीय जनता पार्टी प्रदेश कार्यालय कुशाभाऊ ठाकरे परिसर में बुधवार को भाजपा की प्रदेश कार्यसमिति बैठक आहूत की गई। बैठक का शुभारंभ राष्ट्रीय सह संगठन महामंत्री शिवप्रकाश, मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, क्षेत्रीय संगठन महामंत्री अजय जम्वाल, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण देव, प्रदेश संगठन महामंत्री पवन साय, केन्द्रीय मंत्री तोखन साहू, उप मुख्यमंत्री द्वय अरूण साव एवं विजय शर्मा ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया।



भाजपा राष्ट्रीय सह संगठन महामंत्री शिवप्रकाश ने उपस्थित पदाधिकारियों को मार्गदर्शन देते हुए कहा कि सांस्कृतिक राष्ट्रवाद की जो चर्चा हम करते हैं उससे जन–जन को जोड़ने का कार्य करने वाले महापुरूष पश्चिम बंगाल से आते है। भारतीय जनसंघ के संस्थापक डॉ. श्यामाप्रसाद मुखर्जी की कर्मभूमि प. बंगाल में भाजपा की जीत हमारी वैचारिक जीत है। इसके साथ ही असम सहित दूसरे राज्यों में हमारी महत्वपूर्ण जीत हुई है।

हम भारत को वैभवपूर्ण एवं विकसित भारत बनाने के लक्ष्य को लेकर चल रहे हैं। समरस समाज का निर्माण हमारा लक्ष्य हो। कार्यकर्ता की संवेदनशीलता का भाव प्रेरणा का स्त्रोत होता है। वैभवपूर्ण और आर्थिक समृध्दिशाली भारत बनाना हमारा लक्ष्य है। विकास और सुशासन में संतुलन बनाते हुए 140 करोड़ भारतवासियों में सांस्कृतिक गौरव का भाव स्थापित करना है। उस लक्ष्य के लिए भाजपा की राजनीतिक यात्रा चल रही है। हम सब मिलकर फिर से मजबूत छत्तीसगढ़ व विकसित भारत के लिए जुटेंगे।

## राज्यपाल डेका ने अपने काफिले से घटाया

**रायपुर, (प्रतिदिन राजधानी)**



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा राष्ट्रहित में की गई अपील को सकारात्मक रूप देते हुए राज्यपाल श्री रमेन डेका ने अपने आधिकारिक काफिले (कारकेड) में चलने वाले वाहनों की संख्या कम कर दिए हैं। उन्होंने आम जनता से भी मितव्ययता बरतने का आव्हान किया है। राज्यपाल श्री डेका ने प्रधानमंत्री की अपील को न केवल स्वयं लागू किया बल्कि राज्य शासन से भी यह अपेक्षा की है कि तत्काल इस दिशा में प्रभावी कदम उठाए जाए।

राज्यपाल श्री डेका ने प्रधानमंत्री जी द्वारा सभी उल्लेखित बिन्दुओं, निजी वाहन का उपयोग कम करते हुए पब्लिक ट्रांसपोर्ट का ज्यादा से ज्यादा उपयोग करने तथा घरेलु संसाधनों का विवेकपूर्ण उपयोग करने के संबंध में आम जनता से विशेष अपील की है। उन्होने कहा कि देश की आर्थिक मजबूती के लिए प्रत्येक नागरिक को अपनी भूमिका निभानी चाहिए।

### सीबीएसई 12वीं का परिणाम घोषित

## 85.20 प्रतिशत विद्यार्थी पास, लड़कियों ने फिर मारी बाजी

**एजेंसी, नई दिल्ली**

केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) ने बुधवार को 12वीं कक्षा का परिणाम घोषित कर दिया। इस वर्ष कुल 85.20 प्रतिशत विद्यार्थी परीक्षा में सफल रहे, जो पिछले साल के मुकाबले 3.19 प्रतिशत कम है। परीक्षा परिणाम में लड़कियों का प्रदर्शन लड़कों से बेहतर रहा है।

बोर्ड द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार, इस वर्ष 17,80,365 विद्यार्थियों ने पंजीकरण कराया था, जिनमें से 17,68,818 विद्यार्थी परीक्षा में शामिल हुए। इनमें 15,07,109 विद्यार्थी सफल घोषित किए गए। पास प्रतिशत में 3.19 प्रतिशत की कमी आई, जो 2025 के 88.39 प्रतिशत से घटकर 2026 में 85.20 प्रतिशत हो गया।

सीबीएसई के अनुसार लड़कियों का पास प्रतिशत 88.86 रहा, जबकि लड़कों का उत्तीर्ण प्रतिशत 82.13 प्रतिशत दर्ज किया गया। इस तरह लड़कियों ने लड़कों से 6.73 प्रतिशत बेहतर प्रदर्शन किया।

क्षेत्रवार प्रदर्शन में त्रिवेंद्रम क्षेत्र सबसे आगे रहा, जहां 95.62 प्रतिशत विद्यार्थी




सफल हुए। इसके बाद चेन्नई, बेंगलुरु और विजयवाड़ा क्षेत्र का स्थान रहा। दिल्ली पश्चिम क्षेत्र का परिणाम 92.34 प्रतिशत और दिल्ली पूर्व क्षेत्र का परिणाम 91.73 प्रतिशत रहा। ओवरऑल दिल्ली क्षेत्र का पास प्रतिशत 91.97 प्रतिशत दर्ज किया गया जबकि प्रयागराज में सबसे कम 72.43 प्रतिशत पास प्रतिशत रहा।

विदेश स्थित सीबीएसई स्कूलों का परिणाम 90.50 प्रतिशत रहा। वहीं दिव्यांग (सीडब्ल्यूएसएन) विद्यार्थियों का उत्तीर्ण प्रतिशत 90.16 प्रतिशत दर्ज किया गया।

बोर्ड ने बताया कि इस वर्ष 1,63,800 विद्यार्थियों को कंपार्टमेंट श्रेणी में रखा गया है, जो कुल परीक्षार्थियों का 9.26 प्रतिशत है। इसके अलावा, 90 प्रतिशत या उससे अधिक अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों की संख्या 94,028 रही, जबकि 95 प्रतिशत से अधिक अंक हासिल करने वाले 17,113 विद्यार्थी रहे।

छत्तीसगढ़ के 34 हजार स्टूडेंट्स शामिल हुए थे, जिसमें 28 हजार पास हुए। कुल मिलाकर पूरे प्रदेश में 80.88 प्रतिशत बच्चे परीक्षा में सफल हुए हैं। देशभर का औसत पास प्रतिशत 85.20 प्रतिशत है।

स्कूलों के प्रदर्शन की बात करें तो केंद्रीय विद्यालयों (केवी) का परिणाम सबसे बेहतर रहा, जहां 98.55 प्रतिशत विद्यार्थी सफल हुए। जवाहर नवोदय विद्यालयों (जेएनवी) का परिणाम 98.47 प्रतिशत रहा। सरकारी स्कूलों का 89.55 प्रतिशत, सरकारी सहायता प्राप्त स्कूलों का 86.07 प्रतिशत, एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालय (ईएमआरएस) का 85.55 और स्वतंत्र स्कूलों का परिणाम 84.22 प्रतिशत दर्ज किया गया है।

सीबीएसई ने कहा कि छात्रों की डिजिटल मार्कशीट, माइग्रेशन सर्टिफिकेट और अन्य दस्तावेज डिजिलॉकर के माध्यम से उपलब्ध कराए गए हैं। विद्यार्थी बोर्ड की आधिकारिक वेबसाइट और डिजिलॉकर प्लेटफॉर्म के जरिए अपना परिणाम देख सकते हैं।

उल्लेखनीय है कि सीबीएसई की कक्षा 12 की बोर्ड परीक्षाएं 17 फरवरी से 9 अप्रैल तक आयोजित की गई थीं।

## कंगना नचरानी को अकाउंटेंसी में मिले 100 अंक, अन्य विषयों में भी शानदार प्रदर्शन

**जतिन नचरानी**

**रायपुर (प्रतिदिन राजानी)**

केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) ने बुधवार 13 मई को कक्षा 12वीं परीक्षा के परिणाम घोषित कर दिए। रायपुर के प्रतिष्ठित व्यवसायी कैलाश नचरानी की सुपुत्री कंगना नचरानी ने शानदार अंकों के साथ सफलता हासिल कर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया है।



कृष्णा पब्लिक स्कूल, डूंडा कमल विहार की छात्रा कंगना ने असाधारण प्रदर्शन किया है। उनकी सबसे बड़ी उपलब्धि अकाउंटेंसी विषय में शत–प्रतिशत (100) अंक प्राप्त करना रही। इसके साथ ही उन्होंने इकोनॉमिक्स में 98, बिजनेस स्टडीज में 97, पिजिकल एजुकेशन में 91 और इंग्लिश कोर में 86 अंक अर्जित किए हैं।

कंगना की इस गौरवशाली उपलब्धि पर उनके घर और स्कूल में खुशी का माहौल है। अपनी सफलता का श्रेय उन्होंने अपने माता–पिता के मार्गदर्शन और शिक्षकों की कड़ी मेहनत को दिया है। कंगना ने बताया कि निरंतर अभ्यास और विषयों के प्रति स्पष्ट समझ ने ही उन्हें इस मुकाम तक पहुंचाया है।

विद्यालय प्रबंधन और प्राचार्य ने भी कंगना की इस उपलब्धि की सराहना करते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है। राजधानी के व्यावसायिक जगत और परिजनों की ओर से उन्हें बधाइयां मिलने का सिलसिला जारी है।




## ब्रिक्स बैठक के लिए उज्बेकिस्तान ईरान, कजाकिस्तान के नेता पहुंचे दिल्ली

**एजेंसी, नई दिल्ली**

ब्रिक्स देशों के विदेश मंत्रियों की 14–15 मई को होने वाली बैठक में भाग लेने के लिए उज्बेकिस्तान के उप विदेश मंत्री अलोएव बखरोमजोन जोराबोएविच, ईरान के उप विदेश मंत्री डॉ. काजेम गरीबाबादी, कजाकिस्तान के प्रथम उप विदेश मंत्री येरजहान अशिकबायेव और नाइजीरिया के विदेश मंत्रालय के स्थायी सचिव डुनोमा उमर अहमद बुधवार को यहां पहुंचे।

विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने अलग–अलग एक्स पोस्ट में इन अधिकारियों के आगमन की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि सचिव (पश्चिम) सिबी जॉर्ज ने ईरान के उप विदेश मंत्री डॉ. काजेम गरीबाबादी से द्विपक्षीय और क्षेत्रीय मुद्दों पर चर्चा की।



उज्बेकिस्तान, कजाखस्तान और नाइजीरिया के अधिकारियों का भी यहां आगमन पर स्वागत किया गया।

उल्लेखनीय है कि ये सभी नेता ब्रिक्स देशों के विदेश मंत्रियों की 14–15 मई को नई दिल्ली में होने वाली दो दिवसीय बैठक में भाग लेने के लिए भारत आए हैं। बैठक की अध्यक्षता विदेश मंत्री डॉ एस जयशंकर करेंगे। इसमें ब्राजील, रूस, दक्षिण अफ्रीका, मिस्र, इथोपिया और इंडोनेशिया के विदेश मंत्री शामिल होंगे। इसमें चीन का शेरपा प्रतिनिधिमंडल भाग लेगा।

बैठक के दौरान ब्रिक्स सदस्य देशों के विदेश मंत्री आपसी हित के वैश्विक और क्षेत्रीय मुद्दों पर विचारों का आदान–प्रदान करेंगे। कार्यक्रम के तहत 14 मई को दोपहर एक बजे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ 'सेवा तीर्थ' में सभी विदेश मंत्रियों की संयुक्त मुलाकात होगी। इसके बाद 3 बजकर 10 मिनट पर दूसरे सत्र की शुरुआत होगी और शाम 7 बजे भारत मंडपम में डॉ जयशंकर की ओर से रात्रिभोज का आयोजन होगा। अगले दिन 15 मई को सुबह 10 बजे तीसरे सत्र की शुरुआत होगी।

## छग विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने घटाया काफिला

**रायपुर (प्रतिदिन राजधानी)**



छत्तीसगढ़ विधानसभा अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा वर्तमान वैश्विक परिस्थितियों को देखते हुए देशवासियों से की गई अपील का सम्मान करते हुए एक महत्वपूर्ण निर्णय लिया है। डॉ. रमन सिंह ने अपने प्रोटोकॉल काफिले से 4 वाहनों का उपयोग कम करने का फैसला लिया है।

डॉ. रमन सिंह ने कहा कि यह राष्ट्रहित में संसाधनों के संरक्षण और जिम्मेदार नागरिक कर्तव्य की भावना से जुड़ा एक महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने कहा कि जब वैश्विक परिस्थितियां चुनौतीपूर्ण हैं, तब परिवार के मुखिया के रूप में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा संसाधनों के संरक्षण का संदेश हम सभी भारतवासियों के लिए अनुकरणीय है और ऐसे समय में प्रत्येक जनप्रतिनिधि और नागरिक का दायित्व बनता है कि वह संयम, सादगी और जिम्मेदारी का परिचय दे।

## छग बनने के बाद पहली बार टाउन एंड कंट्री प्लानिंग विभाग में सहायक संचालक के 21 पदों पर भर्ती

**रायपुर (प्रतिदिन राजधानी)**

छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग द्वारा आवास एवं पर्यावरण विभाग अंतर्गत सहायक संचालक (योजना) के 21 पदों पर भर्ती के लिए अंतिम चयन परिणाम जारी कर दिया गया है। राज्य गठन के बाद यह पहला अवसर है जब टाउन एंड कंट्री प्लानिंग विभाग में सहायक संचालक (योजना) के पदों पर नियमित भर्ती की गई है।

वित्त मंत्री श्री ओपी चौधरी ने इस महत्वपूर्ण उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि यह भर्ती केवल रिक्त पदों की पूर्ति नहीं है, बल्कि छत्तीसगढ़ के सुव्यवस्थित, वैज्ञानिक और दूरदर्शी शहरी विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

उन्होंने कहा कि नियोजित



विकास, आधुनिक शहरों के निर्माण और पर्यावरणीय संतुलन को बनाए रखने में टाउन एंड कंट्री प्लानिंग विभाग की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। नई नियुक्तियों से विभाग को युवा, प्रशिक्षित और ऊर्जावान अधिकारियों का सहयोग मिलेगा, जो प्रदेश के शहरों और कस्बों के विकास को नई गति देंगे।

श्री चौधरी ने कहा कि मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में राज्य सरकार युवाओं को अधिकतम रोजगार अवसर उपलब्ध कराने और शासन–प्रशासन में योग्य प्रतिभाओं को स्थान देने के लिए लगातार कार्य कर रही है। यह चयन प्रक्रिया उसी प्रतिबद्धता का प्रमाण है।

लोक सेवा आयोग द्वारा जारी परिणाम के अनुसार लिखित परीक्षा 5 अप्रैल 2026 को आयोजित की गई थी तथा साक्षात्कार 12 मई 2026 को संपन्न हुआ। लिखित परीक्षा और साक्षात्कार में प्राप्त अंकों के आधार पर अंतिम चयन सूची जारी की गई है।

वित्त मंत्री श्री ओपी चौधरी ने चयनित सभी अभ्यर्थियों को बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए कहा कि उन्हें प्रदेश के नियोजित और संतुलित विकास में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाने का अवसर मिलेगा। उन्होंने आशा व्यक्त की कि चयनित अधिकारी अपने ज्ञान, कौशल और समर्पण से छत्तीसगढ़ के विकास में उल्लेखनीय योगदान देंगे।

प्रतिदिन राजधानी
रायपुर, गुरूवार, 14 मई 2026
https://epaper.pratidinrajdhani.in

# वाहनों के उपयोग में मितव्ययिता बरतने मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े के सख्त निर्देश

## अनावश्यक वाहनों को तत्काल कम करने और केवल जरूरी वाहनों के उपयोग के दिए निर्देश

रायपुर (प्रतिदिन राजधानी)

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के ईंधन संरक्षण, संसाधनों के विवेकपूर्ण उपयोग और सादगीपूर्ण जीवनशैली अपनाने के आह्वान से प्रेरित होकर छत्तीसगढ़ की महिला एवं बाल विकास तथा समाज कल्याण मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े ने ने विभागीय स्तर पर वाहनों के उपयोग को लेकर महत्वपूर्ण निर्देश जारी किए हैं।




मंत्री श्रीमती राजवाड़े ने अपने अधीन महिला एवं बाल विकास विभाग तथा समाज कल्याण विभाग में वाहनों के समुचित उपयोग और मितव्ययिता बरतने के संबंध में विभाग की प्रमुख सचिव श्रीमती शहला निगार को आवश्यक निर्देश दिए हैं। उन्होंने दोनों विभागाध्यक्ष कार्यालयों को उपयोग में लिए जा रहे वाहनों की तत्काल समीक्षा कर संख्या घटाने तथा केवल अत्यंत आवश्यक वाहनों को ही पुन: आवंटित करने के निर्देश दिए हैं। शेष वाहनों का उपयोग फिलहाल नहीं किए जाने को कहा गया है। उन्होंने अपने निवास कार्यालय में कार्यरत अधिकारियों और कर्मचारियों को भी पूल व्हीकल व्यवस्था अपनाने के निर्देश दिए हैं, ताकि ईंधन की बचत के साथ संसाधनों का बेहतर उपयोग सुनिश्चित किया जा सके।

मंत्री श्रीमती राजवाड़े ने कहा कि वर्तमान समय में ईंधन संरक्षण केवल आर्थिक आवश्यकता नहीं, बल्कि राष्ट्रहित और पर्यावरण संरक्षण से जुड़ी सामूहिक जिम्मेदारी है। जनप्रतिनिधियों और शासकीय संस्थाओं को स्वयं उदाहरण प्रस्तुत करते हुए सादगी और अनुशासन का संदेश देना चाहिए। इसी क्रम में उन्होंने सुरक्षा संबंधी अत्यंत आवश्यक परिस्थितियों को छोड़कर पायलट वाहन, फॉलो गाड़ी एवं अन्य विशेष प्रोटोकॉल वाहनों का उपयोग नहीं करने का भी निर्णय लिया है।

## दक्षिता जैन मेरिट सूची मे

रायपुर (प्रतिदिन राजधानी)



12वीं बोर्ड सीबीएसई कामर्स की परीक्षा में शानदार प्रदर्शन 93प्रतिशत करते हुए दक्षिता जैन चौबे कॉलोनी निवासी रायपुर ने 93प्रतिशत अंक हासिल किया है वह केपीएस की छात्रा है इसका श्रेय उन्होंने मम्मी वंदना पापा पारस जैन और अपने दादा स्वर्गीय श्री वल्लभ चंद जी जैन दादी विजया जैकको दिया है। आगे बड़ी होकर कलेक्टर बनकर देश प्रदेश की सेवा करना चाहती है अपने दादा का सपना पूरा करना चाहती है।

## होली हार्ट्स कबीर नगर के होनहारों ने सीबीएसई 12वीं में लहराया परचम

रायपुर (प्रतिदिन राजधानी)

रायपुर के कबीर नगर स्थित होली हार्ट्स एजुकेशनल एकेडमी के विद्यार्थियों ने केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड द्वारा घोषित कक्षा 12वीं के परीक्षा परिणामों में शानदार प्रदर्शन किया है। इस वर्ष के नतीजों में विज्ञान और वाणिज्य दोनों ही संकायों के छात्र-छात्राओं ने अपनी कड़ी मेहनत से विद्यालय का नाम रोशन किया है। परीक्षा परिणामों में विज्ञान संकाय की जेनेट जे मैथ्यू ने 87.2 प्रतिशत अंक हासिल कर पूरे स्कूल में शीर्ष स्थान प्राप्त किया है। वहीं वाणिज्य संकाय में अबीर खान ने 86 प्रतिशत अंकों के साथ उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए अपनी श्रेणी में पहला स्थान बनाया है। इसके साथ ही वाणिज्य संकाय के ही युगांश राहंगडाले ने 83.8 प्रतिशत अंक और विज्ञान संकाय के शुभ शुक्ला ने 81.6 प्रतिशत गौरवान्वित किया है। वाणिज्य संकाय के प्रतिभावान छात्र देवांश जैन ने भी 78.8 प्रतिशत अंक हासिल कर अपनी सफलता का लोहा मनवाया है।

## अध्यक्ष दीपक जायसवाल ने नाली निर्माण हेतु पार्षद प्रभा विश्वकर्मा सहित किया भूमिपूजन

रायपुर (प्रतिदिन राजधानी)

आज रायपुर नगर पालिक निगम के महापौर मती मीनल चौबे के निर्देश पर नगर पालिक निगम रायपुर के लोककर्म विभाग अध्यक्ष दीपक जायसवाल ने नगर निगम जोन 9 अंतर्गत महर्षि वाल्मिकी वार्ड कमांक 32 क्षेत्र में अवंति विहार कालोनी में वासुदेव केयर हॉस्पिटल के सामने नई सीसी रोड एवं नाली निर्माण का नया विकास कार्य शीघ्र करने महर्षि वाल्मिकी वार्ड पार्षद मती प्रभा मनोज विश्वकर्मा सहित फल फोडकर एवं कुदाल चलाकर कार्यारंभ एव भूमिपूजन किया। इस दौरान सामाजिक कार्यकर्ता रविन्द्र सिंह ठाकुर, जोन 9 कार्यपालन अभियता शरद ध्रुव, सहायक अभियंता सैय्यद जोहेब उपअभियता सु अंकिता जनार्दन सहित स्थानीय क्षेत्र के गणमान्यजनों, सामाजिक कार्यकर्ताओ, आमजनो, नवयुवको की उपस्थिति रही। 9 कार्यपालन अभियंता, सहायक अभियता, उपअभियंता को अधोसरचना मद अंतर्गत जनहित में जनसुविधा विस्तार हेतु स्वीकृति अनुसार अवंति विहार कालोनी में नई सीसी रोड एव नाली का नया विकास कार्य तत्काल प्रारंभ करवाकर तय समय सीमा के भीतर सतत मॉनिटरिंग कर गुणवत्ता सहित प्राथमिकता से पूर्ण करवाना सुनिश्चित करने के निर्देश दिये।



## सहयोग एक सामाजिक संस्था के द्वारा अपना 14वां कार्यक्रम बेटी अभिभावक सम्मान समारोह

### समाज के अच्छे कार्य करता है इस बार सहयोग ग्रुप में उन बेटियों और अभिभावकों का सम्मान

रायपुर (प्रतिदिन राजधानी)

सहयोग एक सामाजिक संस्था के द्वारा अपना 14वां कार्यक्रम बेटी अभिभावक सम्मान समारोह 24 में दिन रविवार को शाम को 6:00 बजे विंदावन हाल कटोरा तालाब के पास मे करने जा रहा है. सहयोग एक सामाजिक सस्था हमेशा समाज के अच्छे कार्य करता है इस बार सहयोग ग्रुप में उन बेटियों और अभिभावकों का सम्मान करने का विचार लाया है जिनको भगवान ने भाई नहीं दिया है इस बार उन भाग्यवान माता-पिता का सम्मान करने जा रहा है जिनको भगवान ने बेटियों के रूप में महारानियां दी है. इस बार सहयोग संस्था के सम्मानित शामिल परिवारों को हर परिवार को एक सफारी कंपनी का सूटकेस और स्वरूप दिया जाएगा साथ में फ्रेम किया हुआ सम्मान पत्र दिया जाएगा और सभी परिवारों को शाल पहना कर सम्मानित किया जाएगा इस सम्मान समारोह में उन माता-पिता नाज होगा कि यह सम्मान उन्हें बेटियों के कारण मिल रहा है जिनके में आदर्श माता-पिता है यह सम्मान उन बेटियों और मां-बाप का है जिन्हें अपने आप पर नाज है संस्था के राष्ट्रीय अध्यक्ष चंदर देवानी ने इस बार सहयोग ग्रुप की महिला टीम का भी गठन किया है और यह कार्यक्रम जो की महिलाओं को समर्पित है तो सारे कार्यक्रम की रूपरेखा भी महिलाओं के द्वारा रचित की गई है और कार्यक्रम भी महिला टीम द्वारा ही संचालित किया जाएगा।




## आईआईआईटी में डिजिटल दक्षता एवं एआई एकीकरण पर चरणबद्ध प्रशिक्षण सम्पन्न

### शासकीय कार्यों में दक्षता एवं उत्पादकता बढ़ाने पर विशेष जोर

रायपुर (प्रतिदिन राजधानी)

सुशासन एवं अभिसरण विभाग द्वारा नवा रायपुर स्थित भारतीय सूचना प्रौद्योगिकी संस्थान (द्धद्धद्धञ्) में फ्रडिजिटल उत्पादकता एवं एआई एकीकरण विषय पर चरणबद्ध एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम सम्पन्न हुआ । कार्यक्रम का उद्देश्य शासकीय अधिकारियों एवं कर्मचारियों की डिजिटल दक्षता बढ़ाना, प्रशासनिक कार्यों में तकनीक आधारित कार्य संस्कृति को प्रोत्साहित करना तथा कृत्रिम बुद्धिमत्ता (द्ध) का जिम्मेदारी से उपयोग के प्रति जागरूकता विकसित करना था।



प्रशिक्षण कार्यक्रम में सामान्य प्रशासन विभाग के 100 से अधिक अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने सहभागिता की। कार्यक्रम में कार्यालयीन कार्यों में दक्षता वृद्धि, त्वरित निर्णय प्रक्रिया, दस्तावेज निर्माण, सूचना संक्षेपण एवं कार्य निष्पादन को अधिक प्रभावी बनाने में डिजिटल तकनीकों एवं एआई टूल्स की उपयोगिता पर विस्तार से जानकारी दी गई।

प्रशासनिक कार्यों में एआई के व्यावहारिक उपयोग की दी जानकारी कार्यक्रम के दौरान ट्रिपल आईटी के डायरेक्टर डॉ. ओ.पी. व्यास द्वारा विभिन्न तकनीकी एवं व्यावहारिक सत्र संचालित किए गए। उन्होंने जनरेटिव एआई के उपयोग, उसकी संभावनाओं एवं सीमाओं तथा प्रशासनिक कार्यों में उसकी उपयोगिता पर विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि एआई मानव बुद्धिमत्ता का सहयोगी उपकरण है, जिसका उपयोग कार्यों को अधिक व्यवस्थित एवं प्रभावी बनाने में किया जा सकता है।

**हैंड्स-ऑन प्रशिक्षण से अधिकारियों में बढ़ा आत्मविश्वास**

प्रशिक्षण का प्रमुख आकर्षण इंटरैक्टिव एवं हैंड्स-ऑन सत्र रहे, जिनमें प्रतिभागियों ने विशेषज्ञों के मार्गदर्शन में एआई टूल्स का व्यावहारिक उपयोग किया। अधिकारियों को शासन में एआई के वास्तविक उपयोग मामलों, डिजिटल उत्पादकता समाधानों एवं दैनिक प्रशासनिक कार्यों में तकनीक के प्रभावी उपयोग का अभ्यास कराया गया। इससे प्रतिभागियों में नई तकनीकों को अपनाने एवं उनका उपयोग करने के प्रति आत्मविश्वास विकसित हुआ। कार्यक्रम में एआई का जिम्मेदारी एवं विवेकपूर्ण उपयोग पर विशेष जोर दिया गया। प्रतिभागियों को बताया गया कि एआई एक अत्यंत उपयोगी एवं शक्तिशाली तकनीक है, परंतु यह पूर्णतः त्रुटिहीन नहीं है, इसलिए एआई का उपयोग करते समय मानव निगरानी, समालोचनात्मक सोच एवं बौद्धिक जिम्मेदारी बनाए रखना आवश्यक है।

## महापौर मीनल अधोसरंचना मद से निर्माणाधीन नालो की प्रगति प्रत्यक्ष देखी

रायपुर (प्रतिदिन राजधानी)

आज रायपुर नगर पालिक निगम की महापौर श्रीमती मीनल चौबे ने नगर निगम जोन 5 अंतर्गत कुशालपुर क्षेत्र पंडित वामनराव लाखे वार्ड एवं प्रोफेसर कालोनी क्षेत्र महामाया मंदिर वार्ड जोन 6 क्षेत्र अंतर्गत अधोसंरचना मद के तहत वार्डो में बारिश में जलभराव की समस्या दूर कर गंदे पानी की सुगम निकास व्यवस्था करने निर्माणाधीन नये नालो की प्रगति का वहां पहुंचकर प्रत्यक्ष अवलोकन किया एवं नालो के निर्माण कार्य की प्रगति की स्थल समीक्षा कर कार्य को तत्काल गतिमान कर बारिश के पूर्व पूर्ण करवाना सुनिश्चित करने के सख्त निर्देश दिये। ताकि नालो हेतु प्राप्त राशि का पूर्ण सदुपयोग हो सके एवं नागरिको को बारिश में इस वर्ष जल भराव से त्वरित राहत प्राप्त हो सके। महापौर श्रीमती मीनल चौबे ने कुशालपुर में निर्माणाधीन नाले की प्रगति प्रत्यक्ष देखी एवं प्रोफेसर कालोनी में पहुंचकर वहां भैय्या तालाब के समीप निर्माणाधीन नाले की प्रगति का प्रत्यक्ष अवलोकन कर समीक्षा करते हुए उसका कार्य गतिमान करने आवश्यक निर्देश अधिकारियों को दिये। महापौर श्रीमती मीनल चौबे ने कुशालपुर में निर्माणाधीन नाला की प्रगति का अवलोकन करने के दौरान वार्ड की सफाई व्यवस्था का प्रत्यक्ष निरीक्षण किया। इस दौरान वार्ड में गंदगी मिलने पर गहन नाराजगी व्यक्त करते हुए महापौर ने वार्ड में अच्छी तरह सफाई व्यवस्था कायम करने के सख्त निर्देश दिये। महापौर ने कुशालपुर और प्रोफेसर कालोनी के निर्माणाधीन नाले का कार्य बारिश के पूर्व पूर्ण नहीं किये जाने की स्थिति में संबंधित ठेकेदारो पर कड़ी कार्यवाही करने के स्पष्ट निर्देश अधिकारियों को दिये। महापौर ने कहा कि नाला निर्माण कार्य में किसी प्रकार की लापरवाही कदापि सहन नहीं की जायेगी।



### कार्य को तत्काल गतिमान कर बारिश के पूर्व पूर्ण करवाने दिये सख्त निर्देश

### वार्डो में सफाई व्यवस्था का निरीक्षण कर गंदगी मिलने पर गहन नाराजगी व्यक्त कर अच्छी तरह सफाई करवाने दिये निर्देश

महापौर श्रीमती मीनल चौबे द्वारा जोन 5 अंतर्गत पंडित वामनराव लाखे वार्ड के कुशालपुर में निर्माणाधीन नाले की प्रगति के निरीक्षण के दौरान वार्ड पार्षद श्री कृष्णा सोनकर, अधीक्षण अभियंता श्री इमरान खान, कार्यपालन अभियंता श्री पदमाकर श्रीवास जोन 5 कमिश्नर श्री खीरसागर नायक, सहायक अभियंता श्री नागेश रामटेके, जोन स्वास्थ्य अधिकारी श्री संदीप वर्मा और जोन 6 अंतर्गत महामाया मंदिर वार्ड में प्रोफेसर लोनी में नाला निर्माण की प्रगति के निरीक्षण के दौरान महामाया मंदिर वार्ड पार्षद श्रीमती जयश्री नायक, जोन 6 जोन कमिश्नर श्री हितेन्द्र यादव, कार्यपालन अभियंता श्री दिनेश सिन्हा, उपअभियंता श्री अंकुर अग्रवाल की उपस्थिति रही।

## रायन इंटरनेशनल शाला का सुनहरा परिणाम

रायपुर (प्रतिदिन राजधानी)

रायपुर (छ. ग.) के अग्रणी विद्यालयों में से एक रायन इंटरनेशनल स्कूल, रायपुर के कक्षा बारहवीं के विद्यार्थियों ने

सी.बी.एस.ई. बोर्ड परीक्षा परिणाम में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया है। विद्यार्थियों ने श्रेष्ठ

परिणाम प्राप्त कर यह सिद्ध किया है कि कड़ी मेहनत एवं लगन सदैव सफलता दिलाती है। विज्ञान एवं वाणिज्य संकाय के

विद्यार्थियों ने अपने उत्कृष्ट प्रदर्शन से विद्यालय को नई ऊँचाइयों तक पहुँचाया है।

रायन इंटरनेशनल स्कूल एक ऐसा संस्थान है जहाँ विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास पर विशेष ध्यान दिया जाता है। यहाँ विद्यार्थियों को न केवल शैक्षणिक उत्कृष्टता के लिए प्रेरित किया जाता है, बल्कि उनके बौद्धिक, सांस्कृतिक एवं नैतिक

विकास पर भी समान रूप से बल दिया जाता है। अनुशासन, संस्कार एवं नैतिक शिक्षा विद्यालय की प्रमुख विशेषताएँ हैं,

जो विद्यार्थियों को जीवन में सफलता प्राप्त करने हेतु सक्षम बनाती हैं।। यहाँ के शिक्षक-शिक्षिकाएँ भी विशेष योग्यता से

युक्त हैं, जिनके सहयोग से विद्यार्थियों का सर्वांगीण विकास होता है। विद्यार्थियों के सर्वोत्तम परीक्षा परिणाम से पूरा स्कूल परिवार प्रसन्नचित्त है। विद्यालय के संस्थापक डॉ. ए.एफ. पिंटो एवं शाला निर्देशिका डॉ. मैडम ग्रेस पिंटो ने सभी विद्यार्थियों को हार्दिक शुभकामनाएँ देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।



## अध्यक्ष सचिन बी. मेघानी ने पेयजल आपूर्ति पर ली आवश्यक बैठक, मांगे सुझाव



रायपुर (प्रतिदिन राजधानी)

– रायपुर नगर पालिक निगम की महापौर श्रीमती मीनल चौबे के निर्देश पर नगर निगम जोन 10 जोन अध्यक्ष श्री सचिन बी. मेघानी ने जोन 10 जोन कार्यालय में स्वच्छ सर्वेक्षण अभियान 2025-26 की तैयारी और स्वच्छता फीडबैक सहित वार्डों में बारिश पूर्व सफाई, गर्मी में वार्डों में रहवासियों को पेयजल आपूर्ति व्यवस्था को लेकर नगर निगम जोन 10 जोन कमिश्नर श्री मोनेश्वर शर्मा सहित नगर निगम एमआईसी सदस्य डॉ अनामिका सिंह, वार्ड पार्षद श्री विनय पंकज निर्मलकर, श्री विनय प्रताप सिंह ध्रुव, श्री मनोज जांगड़े, श्रीमती सुषमा तिलक साहू, श्रीमती गायत्री नौरंगे और जोन स्वास्थ्य अधिकारी श्री अमित बेहरा एवं अन्य सम्बंधित जोन 10 अधिकारियों की उपस्थिति में आवश्यक बैठक ली और पार्षदों से इस पर उनके सुझाव मांगे.बैठक में बारिश पूर्व सुगम निकास प्रबंध करने सभी नालियों और नालों की तल्ले तक अभियानपूर्वक सघन सफाई वार्ड पार्षदों से समन्वय रखकर प्राथमिकता के साथ करवाने के निर्देश दिए गए और गर्मी में वार्डो में नागरिकों को सुगम पेयजल आपूर्ति निरन्तर सतत मॉनिटरिंग करते हुए वार्ड पार्षदों से समन्वय रखकर प्राथमिकता के साथ सुनिश्चित करवाने के निर्देश नगर निगम जोन 10 जोन अध्यक्ष श्री सचिन बी. मेघानी द्वारा जोन 10 के सम्बंधित जोन अधिकारियों को दिए गए.

बैठक में नगर निगम जोन 10 जोन अध्यक्ष श्री सचिन बी. मेघानी ने वार्ड पार्षदों को रायपुर शहर को स्वच्छ रैंकिंग में श्रेष्ठ स्थान दिलवाने वार्डो में रहवासियों को जानकारी देकर जागरूक बनाकर स्वच्छता एप्प में अधिक से अधिक संख्या में रायपुर शहर के हितार्थ अधिकतम स्वच्छता फीडबैक दिलवाने सकारात्मक सहभागिता दर्ज करवाने की विनम्र अपील की .

## रायपुर पश्चिम विधायक ने वार्ड 69 की सफाई व्यवस्था पर जताई नाराजगी, ठेकेदार और सुपरवाइजरों पर कड़ी कार्रवाई

रायपुर (प्रतिदिन राजधानी)

आज रायपुर पश्चिम विधायक प्रदेश के पूर्व केबिनेट मंत्री श्री राजेश मूणत ने रायपुर पश्चिम विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत रायपुर नगर निगम जोन 8 अंतर्गत माधव राव सप्रे वार्ड कमांक 69 अंतर्गत यादव पारा एवं सतनामी पारा के आस पास निरीक्षण के दौरान कचरो के ढेर एवं गंदगी देखकर इसे लेकर गहन नाराजगी व्यक्त की। पश्चिम विधायक ने वार्ड 69 के पार्षद श्री महेन्द्र औसर और जोन 8 जोन कमिश्नर श्रीमती राजेश्वरी पटेल की उपस्थिति में नगर निगम जोन 8 वार्ड 69 की सफाई व्यवस्था का निरीक्षण किया और इस संबंध में वार्डवासियों से चर्चा की एवं जोन कमिश्नर को वार्ड की सफाई व्यवस्था सुधारने आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश जनहित में जनस्वास्थ्य सुरक्षा हेतु दिये। नगर निगम जोन 8 जोन कमिश्नर श्रीमती राजेश्वरी पटेल ने जोन 8 अंतर्गत माधवराव सप्रे वार्ड क्रमांक 69 के सतनामी पारा एवं यादव पारा के आस पास कचरों के ढेर मिलने और वार्ड में निर्धारित संख्या में ठेका सफाई कर्मचारी ड्यूटी पर मिलने पर वार्ड 69 के अनुबंधित सफाई ठेकेदार मेसर्स शिव कृपा कंस्ट्रक्शन को नोटिस जारी कर 20 हजार रू. का जुर्माना केन्द्र सरकार के स्वच्छ सर्वेक्षण अभियान की तैयारी के दौरान ठेका कार्य में लापरवाही किये जाने पर किया है एवं अनुबंध की शर्तों का पालन कर वार्ड 69 की सफाई व्यवस्था में अगले 2 दिनो के भीतर सुधार लाने के कडे निर्देश सफाई ठेकेदार को दिये है अन्यथा की स्थिति में नियमानुसार कार्यवाही कर वार्ड 69 के सफाई ठेके अनुबंध को निरस्त करने की कार्यवाही करने की चेतावनी दी है। जोन 8 जोन कमिश्नर ने जोन कार्यालय में जोन क्षेत्र के सभी वार्डो के सफाई ठेकेदारो की स्वच्छता सर्वेक्षण अभियान 2025-25 की तैयारी को लेकर आवश्यक बैठक ली। जिसमें ठेका वार्ड सफाई सुपरवाईजर एवं वार्ड प्रभारी उपस्थित रहे।



## महापौर मीनल कलाकेन्द्र का संचालन गुणवत्ता और श्रेष्ठता से करने के दिए निर्देश



रायपुर (प्रतिदिन राजधानी)

रायपुर नगर पालिक निगम की महापौर श्रीमती मीनल चौबे ने नगर पालिक निगम रायपुर द्वारा संचालित कलाकेन्द्र का निरीक्षण किया। वहां पहुंचकर महापौर ने कला संबंधी विविध सांस्कृतिक गतिविधियां कर रहे शिक्षको से मुलाकात कर उनका सामान्य परिचय प्राप्त किया। महापौर ने अधिकारियों को कलाकेन्द्र का गुणवत्ता और श्रेष्ठता के साथ जनहित में विविध गतिविधियां कर संचालन करने के निर्देश दिये। महापौर ने इंटरनेशनल स्वीमिंग पुल की व्यवस्था का निरीक्षण कर उसको अच्छी संबंधित अधिकारियों को दिये। महापौर ने नालदा परिसर के समीप स्मार्ट चौबे ने नगर निगम लोककर्म विभाग अध्यक्ष दीपक जायसवाल, पर्यावरण एवं उद्यानिकी विभाग अध्यक्ष भोलाराम साहू स्वामी आत्मानंद वार्ड पार्षद आनंद अग्रवाल, संत रविदास वार्ड पार्षद अर्जुन यादव, उपायुक्त डॉ अंजलि शर्मा, जोन 7 के संबंधित अधिकारियों की उपस्थिति में कलाकेन्द्र इंटरनेशनल स्वीमिंग पुल एव नालदा परिसर की व्यवस्था का प्रत्यक्ष अवलोकन किया।

लेख समाचार प्रचार-प्रसार प्रकाशित हेतु संपर्क करे : 9806044444

प्रतिदिन राजधानी

रायपुर, गुरूवार, 14 मई 2026

https://epaper.pratidinrajdhani.in

## सम्पादकीय

# लीक नहीं ठीक


हमारे तंत्र की नाकामी और परीक्षा तंत्र में भ्रष्टाचारियों की बढ़ती सेंध का ही नतीजा है कि पेपर लीक के बाद नेशनल एलिजिबिलिटी-कम-एंट्रेंस टेस्ट यानी नीट परीक्षा 2026 रद्द कर दी गई। भारत में मेडिकल और डेंटल कोर्सेज में दाखिले के लिए तीन मई को परीक्षा आयोजित की गई थी, जिसमें करीब पौने तेईस लाख छात्रों ने परीक्षा दी थी। ये परीक्षाएं देश के 551 शहरों और विदेशों के 14 शहरों में 5400 केंद्रों पर आयोजित की गई थीं। दरअसल, पेपर लीक होने के आरोपों के बाद जांच एजेंसियों की सिफारिश पर परीक्षा रद्द की गई है। केंद्र सरकार ने कथित रूप से डेटा लीक और धांधली की व्यापक जांच के लिए सीबीआई जांच के आदेश दिए हैं। परीक्षा आयोजित करने वाली संस्था नेशनल टेस्टिंग एजेंसी ने कहा है कि व्यवस्था में विश्वास बहाली के लिए फिर से परीक्षा करने का निर्णय लिया गया है। कहा जा रहा है कि एनटीए ने कानून प्रवर्तन एजेंसियों द्वारा साझा निष्कर्षों की प्रारंभिक जांच के आधार पर परीक्षा स्थगन का फैसला लिया। निस्संदेह, इस फैसले ने उन लाखों छात्रों को निराश ही किया है जो महीनों से परीक्षा की तैयारी में लगे थे। अब उन्हें नये सिरे से परीक्षा की तैयारी करनी होगी। नीट प्रवेश परीक्षा स्थगित किए जाने के बाद तमाम विपक्षी दलों ने एनटीए व केंद्र सरकार पर तीखे हमले बोले हैं। कहा जा रहा है कि एनटीए में सुधार नहीं, अब पूरी संरचना बदलने की जरूरत है। एक संसदीय समिति की रिपोर्ट का हवाला देकर कहा जा रहा है कि एनटीए के बुनियादी पुनर्गठन की जरूरत है। राजनेता पीपर लीक व प्रश्नपत्रों में गलती सामने आने को छात्रों के भविष्य से खिलवाड़ बता रहे हैं। साथ ही पूरी परीक्षा प्रणाली को बदलने की मांग की जा रही है। साथ ही एनटीए के उद्देश्य और कार्यक्षमता को लेकर शंका जतायी जा रही है।

वहीं कांग्रेस का आरोप है कि एनटीए द्वारा आयोजित 14 राष्ट्रीय परीक्षाओं में से पांच में पेपर लीक और अनियमितताओं के मामले उजागर हुए हैं। इनमें जेईई मेन्स 2025 उत्तर कुंजी के दोषपूर्ण होने पर प्रश्नपत्र में 12 प्रश्न वापस लेने पड़े थे। मांग है कि एनटीए को केंद्रीयकृत करने के बजाय संसद के प्रति जवाबदेह बनाया जाए। वहीं एनटीए कह रहा है कि छात्रों को नया आवेदन नहीं करना होगा, न ही कोई अतिरिक्त परीक्षा शुल्क लगेगा। यह भी कि एनटीए अपने संसाधनों का प्रयोग करके दोबारा परीक्षा आयोजित करेगी। साथ ही एनटीए ने परीक्षा में गड़बड़ी की जवाबदेही स्वीकारी है। दरअसल, आरोप है कि नीट का पेपर 'क्वेश्चन बैंक' के जरिये लीक किया गया, जिसमें फिजिक्स, कैमिस्ट्री और बायोलॉजी के तीन से ज्यादा सवाल थे। जिसमें आधे हूबहू परीक्षा में आए। आशंका है कि सोशल मीडिया के जरिये ये प्रश्नपत्र लाखों तक पहुंचे। हालांकि, इस मामले का खुलासा सीकर से हुआ, लेकिन कहते हैं कि पेपर पहले केरल से एक मई को आया और उसके तार नासिक से लेकर उत्तराखंड तक जुड़े थे। एनटीए ने कहा है कि सात मई की रात एक व्हिसलब्लोअर से उन्हें पेपर लीक की सूचना मिली। बताते हैं कि सीकर के एक पीजी संचालक ने पेपर लीक की सूचना पुलिस को दी। कालांतर में पेपर से जुड़ी ऑनलाइन चैट वायरल हो गई।

# नीट पेपर लीक : शिक्षा व्यवस्था पर कलंक

# टूटते सपने और व्यवस्था की भयावह विफलता

**भारत पहले भी कई बड़े पेपर लीक घोटाले देख चुका है। उत्तर प्रदेश शिक्षक भर्ती परीक्षा, रेलवे भर्ती परीक्षा, राजस्थान शिक्षक भर्ती, मध्यप्रदेश व्यापमं घोटाला और 2024 के नीट विवाद ने पहले ही युवाओं का भरोसा कमजोर कर दिया था। 2024 में बिहार और झारखंड में पेपर लीक के आरोप सामने आए थे। कई गिरफ्तारियां हुईं, लेकिन तब भी पूरी परीक्षा रद्द नहीं हुई। छात्रों के मन में यह सवाल रह गया कि क्या मेहनत का कोई मूल्य बचा है? अब 2026 में फिर वही कहानी सामने आई है, लेकिन इस बार मामला और भी गंभीर दिखाई देता है।**




कांतिलाल मांडोत।

भारत में प्रतियोगी परीक्षाएं केवल एक परीक्षा नहीं होतीं, बल्कि करोड़ों युवाओं के भविष्य, परिवारों की उम्मीदों और वर्षों की मेहनत का परिणाम होती हैं। मेडिकल जैसे प्रतिष्ठित क्षेत्र में प्रवेश पाने के लिए छात्र दिन-रात मेहनत करते हैं। कई छात्र गांवों की कठिन परिस्थितियों से निकलकर, आर्थिक अभाव झेलकर और मानसिक दबाव सहकर परीक्षा की तैयारी करते हैं। ऐसे में जब नीटजैसी राष्ट्रीय परीक्षा में पेपर लीक, सॉल्वर गैंग और करोड़ों की डील का खुलासा होता है, तो यह केवल एक परीक्षा घोटाला नहीं रह जाता, बल्कि पूरे शिक्षा तंत्र और प्रशासनिक व्यवस्था पर गंभीर प्रश्नचिह्न बन जाता है।

नीट 2026 परीक्षा रद्द होने के पीछे बिहार और राजस्थान से सामने आए खुलासों ने पूरे देश को झकझोर दिया। बिहार के नालंदा में पुलिस ने जिस सॉल्वर गैंग का भंडाफोड़ किया, उसने यह साबित कर दिया कि परीक्षा माफिया कितनी गहराई तक अपनी जड़ें जमा चुका है। 50 से 60 लाख रुपये में एक सीट की डील होना केवल अपराध नहीं, बल्कि शिक्षा के व्यवसायीकरण का भयावह चेहरा है। यह गिरोह असली अभ्यर्थियों की जगह सॉल्वर बैठाने की तैयारी कर रहा था। सबसे चौंकाने वाली बात यह रही कि इसका मास्टरमाइंड एक मेडिकल कॉलेज का छात्र निकला। जिस युवा को भविष्य में डॉक्टर बनकर लोगों की जान बचानी थी, वही शिक्षा व्यवस्था को संक्रमित करने में लगा था।

राजस्थान में सामने आए 'हाथ से लिखे गेस पेपर' ने इस पूरे मामले को और संदिग्ध बना दिया। जांच में पता चला कि परीक्षा से पहले छात्रों तक ऐसे प्रश्न पहुंच चुके थे, जिनमें से बड़ी संख्या असली परीक्षा में आई। यदि यह केवल संयोग माना जाए, तब भी इतने बड़े स्तर पर सवालों का मिलान होना सामान्य नहीं कहा जा सकता। इससे यह आशंका और मजबूत हो जाती है कि परीक्षा प्रणाली के भीतर कहीं न कहीं गंभीर सेंध लगी है।

सबसे बड़ा नुकसान उन लाखों छात्रों का हुआ है जिन्होंने ईमानदारी से तैयारी की थी। करोड़ों परिवारों ने अपने बच्चों को कोचिंग दिलाने के लिए जमीन बेची, कर्ज लिया और अपनी जरूरतों को त्याग दिया। कई छात्र दिन में 12-14 घंटे पढ़ाई करते हैं। वे सामाजिक जीवन छोड़ देते हैं, मनोरंजन छोड़ देते हैं और केवल एक लक्ष्य पर केंद्रित रहते हैं। लेकिन जब परीक्षा रद्द होती है, तो उनकी महीनों की मेहनत और मानसिक संतुलन दोनों पर गहरा आघात पड़ता है। एक छात्र की मानसिक स्थिति को समझना बेहद जरूरी है। परीक्षा की तैयारी पहले ही तनाव, चिंता और भय से भरी होती है। छात्र लगातार तुलना, प्रतियोगिता और असफलता के डर में जीते हैं।

जब पेपर लीक जैसी घटनाएं सामने आती हैं, तो उनके भीतर यह भावना जन्म लेती है कि मेहनत से ज्यादा महत्व पैसे और पहुंच का है। यह भावना युवाओं को भीतर से तोड़ देती है। कई छात्र अवसाद में चले जाते हैं। कुछ खुद को असफल मानने लगते हैं। कई बार यही मानसिक दबाव आत्मघाती विचारों तक पहुंच जाता है। 2020 में मध्यप्रदेश की छात्रा विधि सूर्यवंशी का मामला आज भी लोगों को झकझोरता है। गलत रिजल्ट आने के बाद उसने आत्महत्या कर ली थी, जबकि बाद में ओएमआर जांच में उसके अंक कहीं अधिक निकले। ऐसी घटनाएं बताती हैं कि परीक्षा संबंधी त्रुटियां केवल तकनीकी गलती नहीं होतीं, बल्कि किसी परिवार के जीवन का विनाश बन सकती हैं। जब एक छात्र वर्षों की मेहनत के बाद भी व्यवस्था पर भरोसा नहीं कर पाता, तो यह केवल व्यक्तिगत दुख नहीं, बल्कि राष्ट्रीय असफलता है। नीट परीक्षा रद्द होने से प्रशासनिक और आर्थिक नुकसान भी बहुत बड़ा हुआ है। देशभर में लाखों छात्रों के लिए परीक्षा केंद्र बनाए गए थे। सुरक्षा व्यवस्था, परिवहन, प्रश्नपत्र छपाई, निगरानी, तकनीकी प्रबंधन और कर्मचारियों की तैनाती पर करोड़ों रुपये खर्च हुए। अब दोबारा परीक्षा कराने में फिर उतना ही खर्च होगा। यह पैसा आखिरकार जनता के टैक्स से आता है। यानी भ्रष्टाचार और लापरवाही का बोझ अंततः देश की जनता ही उठाती है। इतने बड़े स्तर पर परीक्षा आयोजित होने के बावजूद यदि पेपर लीक, सॉल्वर गैंग और फर्जीवाड़ा रोका नहीं जा सका, तो यह हमारी प्रशासनिक निगरानी की गंभीर विफलता को दर्शाता है।

प्रश्न यह उठता है कि जब डिजिटल निगरानी, बायोमेट्रिक सिस्टम और साइबर सुरक्षा जैसे आधुनिक साधन मौजूद हैं, तब भी परीक्षा माफिया इतनी आसानी से सक्रिय कैसे हो जाते हैं? क्या व्यवस्था के भीतर कहीं मिलीभगत है? क्या निगरानी एजेंसियां केवल औपचारिकता निभा रही हैं? यदि हर वर्ष ऐसी घटनाएं दोहराई जा रही हैं, तो इसका अर्थ है कि सुधार केवल कागजों तक सीमित हैं। यह स्थिति देश की प्रतिभा के लिए भी खतरनाक है। जब योग्य छात्र निराश होकर पीछे हटने लगते हैं और धनबल या अपराध के जरिए लोग आगे बढ़ने लगते हैं, तब पूरे समाज की गुणवत्ता प्रभावित होती है। चिकित्सा जैसे संवेदनशील क्षेत्र में यदि गलत तरीके से प्रवेश पाने वाले छात्र डॉक्टर बनेंगे, तो इसका असर सीधे जनता की जान पर पड़ेगा। एक अयोग्य डॉक्टर केवल एक व्यक्ति की नहीं, बल्कि अनगिनत जिंदगियों की सुरक्षा के लिए खतरा बन सकता है। आज आवश्यकता केवल दोषियों की गिरफ्तारी की नहीं, बल्कि पूरी परीक्षा प्रणाली के पुनर्गठन की है। प्रश्नपत्र निर्माण से लेकर वितरण तक हर स्तर पर जवाबदेही तय होनी चाहिए। परीक्षा केंद्रों की निगरानी पूरी तरह तकनीक आधारित होनी चाहिए। पेपर तैयार करने वाले विशेषज्ञों और प्रिंटिंग सिस्टम की सुरक्षा अंतरराष्ट्रीय स्तर की होनी चाहिए। साथ ही, ऐसे मामलों में त्वरित न्याय और कठोर दंड भी जरूरी है, ताकि भविष्य में कोई इस तरह के अपराध का साहस न कर सके। सरकार और एजेंसियों को यह समझना होगा कि हर बार परीक्षा रद्द कर देना समाधान नहीं है। इससे छात्रों का विश्वास और कमजोर होता है। आवश्यकता इस बात की है कि ऐसी मजबूत व्यवस्था बनाई जाए जिसमें परीक्षा शुरू होने से पहले ही लीक की संभावना समाप्त हो जाए। शिक्षा व्यवस्था में विश्वास कायम रखना किसी भी लोकतांत्रिक राष्ट्र की सबसे बड़ी जिम्मेदारी होती है। नीट 2026 विवाद ने यह स्पष्ट कर दिया है कि यदि समय रहते कठोर और पारदर्शी सुधार नहीं किए गए, तो देश के युवाओं का भरोसा पूरी तरह टूट सकता है। यह केवल परीक्षा का संकट नहीं, बल्कि भविष्य का संकट है। करोड़ों छात्रों की आंखों में जो सपने हैं, उन्हें बचाने के लिए व्यवस्था को अब जागना ही होगा। क्योंकि जब मेहनत हारने लगे और भ्रष्टाचार जीतने लगे, तब किसी भी राष्ट्र का भविष्य सुरक्षित नहीं रह सकता।

## रेलवे समाचार

# बिलासपुर रेल मंडल के चांपा स्टेशन में चौथी रेल लाइन से जोड़ने के लिए नॉन इंटरकनेक्टिविटी का कार्य किया जायेगा

## चांपा-जांजगीर नैला सेक्शन मे ऑटो सिग्नलिंग का कार्य एवं चौथी रेलवे लाइन का कार्य किया जायेगा....

**रायपुर।** अधोसंरचना विकास हेतु दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे में अनेक परियोजनाओं पर कार्य किया जा रहा है । इसी प्रकार बिलासपुर-झारसुगुड़ा के बीच तीसरी एवं चौथी रेलवे लाइन परियोजना दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे की महत्वपूर्ण परियोजना है यह व्यस्त रेल मार्ग है, जो इस पूरे क्षेत्र को उत्तर एवं दक्षिण भारत से जोड़ती है । परिचालन को और भी सुचारू तथा नई गाडियों के मार्ग प्रशस्त करने के लिए नई लाइनों का निर्माण कार्य किया जा रहा है । इससे आधारभूत संरचना में तथा यात्री सुविधाओं में वृद्धि के साथ यात्री ट्रेनों की समय बद्धता में वृद्धि होगी । इसी क्रम में बिलासपुर से झारसुगुड़ा के बीच 206 किलोमीटर चौथी रेल लाइन का निर्माण कार्य किया जा रहा है । जिसमे अब तक 180 किलोमीटर से अधिक का रेल लाइन का निर्माण कार्य पूर्ण किया गया है । इसके अंतर्गत बिलासपुर-झारसुगुड़ा सेक्शन के चांपा स्टेशन में चौथी लाइन से जोड़ने का कार्य किया जाएगा । चांपा स्टेशन में चौथी रेललाइन में जोड़ने का यहा कार्य दिनांक 07 जून से 19 जून, 2026 तक (विभिन्न तिथियो में) किया जायेगा । रेल यात्रियो को कम से कम असुविधा हो इसलिए ये कार्य किए जा रहे है । रेल विकास से संबधित इस कार्य के लिए इन ट्रेनों का परिचालन अल्पकालिक बाधित रहेगा एवं इस कार्य के पूर्ण होते ही गाडियों की समयबद्धता एवं गति में तेजी आयेगी । इस कार्य के फलस्वरूप कुछ यात्री गाड़ियों का परिचालन प्रभावित रहेगा । जिसका विवरण इस प्रकार है:

### प्रभावित होने पैसेंजर गाडियां

- दिनांक 08 से 19 जून 2026 तक रायगढ़ से चलने वाली 68735 रायगढ़-बिलासपुर मेमू पैसेंजर रद्द रहेगी।
- दिनांक 07 से 18 जून 2026 तक बिलासपुर से चलने वाली 68736 बिलासपुर-रायगढ़ मेमू पैसेंजर रद्द रहेगी ।
- दिनांक 08 से 19 जून 2026 तक गेवरारोड से चलने वाली 68745 गेवरारोड-रायपुर मेमू पैसेंजर रद्द रहेगी।
- दिनांक 07 से 18 जून 2026 तक रायपुर से चलने वाली 68746 रायपुर-गेवरारोड मेमू पैसेंजर रद्द रहेगी।
- दिनांक 08 से 19 जून 2026 तक कोरबा से चलने वाली 58203 कोरबा-रायपुर पैसेंजर रद्द रहेगी ।
- दिनांक 07 से 18 जून 2026 तक रायपुर से चलने वाली 58204 रायपुर-कोरबा पैसेंजर रद्द रहेगी ।
- दिनांक 08 से 19 जून 2026 तक बिलासपुर व गेवरारोड से चलने वाली 68734/68733 बिलासपुर-गेवरारोड-बिलासपुर मेमू पैसेंजर रद्द रहेगी ।
- दिनांक 08 से 19 जून 2026 तक बिलासपुर व कोरबा से चलने वाली 68732/68731 बिलासपुर-कोरबा-बिलासपुर मेमू पैसेंजर रद्द रहेगी ।
- दिनांक 08 से 19 जून 2026 तक रायगढ़ व बिलासपुर से चलने वाली 68737/68738 रायगढ़-बिलासपुर-रायगढ़ मेमू पैसेंजर रद्द रहेगी ।
- दिनांक 08 से 19 जून 2026 तक बिलासपुर से चलने वाली 58210 बिलासपुर-गेवरारोड पैसेंजर रद्द रहेगी।

### प्रभावित होने वाली एक्सप्रेस गाडियां :-

- दिनांक 07 से 18 जून 2026 तक टाटानगर से चलने वाली 18113 टाटानगर-बिलासपुर एक्सप्रेस रद्द रहेगी।
- दिनांक 08 से 19 जून 2026 तक बिलासपुर से चलने वाली 18114 बिलासपुर-टाटानगर एक्सप्रेस रद्द रहेगी ।
- दिनांक 08 से 19 जून 2026 तक टाटानगर व नेताजी सुभाष चंद्र बोस इतवारी से चलने वाली 18109/18110 टाटानगर-नेताजी सुभाष चंद्र बोस इतवारी-टाटानगर एक्सप्रेस रद्द रहेगी ।
- दिनांक 12 से 16 जून 2026 तक दुर्ग से चलने वाली 13287 दुर्ग-आरा साउथ बिहार एक्सप्रेस रद्द रहेगी।
- दिनांक 10 से 14 जून 2026 तक आरा से चलने वाली 13288 आरा-दुर्ग साउथ बिहार एक्सप्रेस रद्द रहेगी।
- दिनांक 11 से 15 जून 2026 तक अहमदाबाद व हावड़ा से चलने वाली 12833/12834 अहमदाबाद-हावड़ा-अहमदाबाद एक्सप्रेस रद्द रहेगी।
- दिनांक 12 जून 2026 को हावड़ा से चलने वाली 12870 हावड़ा-सीएसएमटी एक्सप्रेस रद्द रहेगी।
- दिनांक 14 जून 2026 को सीएसएमटी से चलने वाली 12869 सीएसएमटी-हावड़ा एक्सप्रेस रद्द रहेगी।
- दिनांक 12 व 15 जून 2026 को हटिया से चलने वाली 22846 हटिया-पुणे एक्सप्रेस रद्द रहेगी।
- दिनांक 14 व 17 जून 2026 को पुणे से चलने वाली 22845 पुणे-हटिया एक्सप्रेस रद्द रहेगी।
- दिनांक 10 जून 2026 को पुरी से चलने वाली 20813 पुरी-जोधपुर एक्सप्रेस रद्द रहेगी।
- दिनांक 13 जून 2026 को जोधपुर से चलने वाली 20814 जोधपुर-पुरी एक्सप्रेस रद्द रहेगी।
- दिनांक 10 व 11 जून 2026 को पोरबंदर से चलने वाली 12905 पोरबंदर-शालीमार एक्सप्रेस रद्द रहेगी।
- दिनांक 12 व 13 जून 2026 को शालीमार से चलने वाली 12906 शालीमार-पोरबंदर एक्सप्रेस रद्द रहेगी।
- दिनांक 14 जून 2026 को ओखा से चलने वाली 22905 ओखा-शालीमार एक्सप्रेस रद्द रहेगी।
- दिनांक 16 जून 2026 को शालीमार से चलने वाली 22906 शालीमार-ओखा एक्सप्रेस रद्द रहेगी।
- दिनांक 13 जून 2026 को कामाख्या से चलने वाली 22512 कामाख्या-एलटीटी एक्सप्रेस रद्द रहेगी।
- दिनांक 16 जून 2026 को एलटीटी से चलने वाली 22511 एलटीटी-कामाख्या एक्सप्रेस रद्द रहेगी।
- दिनांक 13 जून 2026 को उदयपुर से चलने वाली 20971 उदयपुर-शालीमार एक्सप्रेस रद्द रहेगी।
- दिनांक 14 जून 2026 को शालीमार से चलने वाली 20972 शालीमार-उदयपुर एक्सप्रेस रद्द रहेगी।
- दिनांक 10 जून 2026 को गया से चलने वाली 22358 गया-एलटीटी एक्सप्रेस रद्द रहेगी।
- दिनांक 12 जून 2026 को एलटीटी से चलने वाली 22357 एलटीटी-गया एक्सप्रेस रद्द रहेगी।
- दिनांक 12 जून 2026 को वास्कोडिगमा से चलने वाली 17321 वास्कोडिगमा-जसीडीह एक्सप्रेस रद्द रहेगी।
- दिनांक 15 जून 2026 को जसीडीह से चलने वाली 17322 जसीडीह-वास्कोडिगमा एक्सप्रेस रद्द रहेगी।
- दिनांक 11 जून 2026 को हैदराबाद से चलने वाली 17005 हैदराबाद-रक्सौल एक्सप्रेस रद्द रहेगी।
- दिनांक 14 जून 2026 को रक्सौल से चलने वाली 17006 रक्सौल-हैदराबाद एक्सप्रेस रद्द रहेगी।
- दिनांक 09 व 13 जून 2026 को चर्लपल्ली से चलने वाली 17007 चर्लपल्ली-दरभंगा एक्सप्रेस रद्द रहेगी।
- दिनांक 12 व 16 जून 2026 को दरभंगा से चलने वाली 17008 दरभंगा-चर्लपल्ली एक्सप्रेस रद्द रहेगी।
- दिनांक 14 जून 2026 को श्रीगंगानगर से चलने वाली 20471 श्रीगंगानगर-पुरी एक्सप्रेस रद्द रहेगी।
- दिनांक 17 जून 2026 को पुरी से चलने वाली 20472 पुरी-श्रीगंगानगर एक्सप्रेस रद्द रहेगी।
- दिनांक 13 जून 2026 को शालीमार से चलने वाली 22830 शालीमार-भुज एक्सप्रेस रद्द रहेगी।
- दिनांक 16 जून 2026 को भुज से चलने वाली 22829 भुज-शालीमार एक्सप्रेस रद्द रहेगी।
- दिनांक 10 जून 2026 को रानी कमलापति से चलने वाली 22169 रानी कमलापति-सांतरागाछी एक्सप्रेस रद्द रहेगी।
- दिनांक 11 जून 2026 को सांतरागाछी से चलने वाली 22170 सांतरागाछी-रानी कमलापति एक्सप्रेस रद्द रहेगी।
- दिनांक 10 जून 2026 को सांतरागाछी से चलने वाली 20828 सांतरागाछी-जबलपुर एक्सप्रेस रद्द रहेगी।
- दिनांक 11 जून 2026 को जबलपुर से चलने वाली 20827 जबलपुर-सांतरागाछी एक्सप्रेस रद्द रहेगी।
- दिनांक 12 जून 2026 को पोरबंदर से चलने वाली 12949 पोरबंदर-सांतरागाछी एक्सप्रेस रद्द रहेगी।
- दिनांक 14 जून 2026 को सांतरागाछी से चलने वाली 12950 सांतरागाछी-पोरबंदर एक्सप्रेस रद्द रहेगी।
- दिनांक 09 जून 2026 को इंदौर से चलने वाली 20917 इंदौर-पुरी हमसफर एक्सप्रेस रद्द रहेगी।
- दिनांक 11 जून 2026 को पुरी से चलने वाली 20918 पुरी-इंदौर हमसफर एक्सप्रेस रद्द रहेगी।
- दिनांक 11 जून 2026 को बलसाड से चलने वाली 22909 बलसाड-पुरी एक्सप्रेस रद्द रहेगी।
- दिनांक 14 जून 2026 को पुरी से चलने वाली 22910 पुरी-बलसाड एक्सप्रेस रद्द रहेगी।
- दिनांक 09 जून 2026 को पुरी से चलने वाली 22866 पुरी-एलटीटी एक्सप्रेस रद्द रहेगी।
- दिनांक 11 जून 2026 को एलटीटी से चलने वाली 22865 एलटीटी-पुरी एक्सप्रेस रद्द रहेगी।
- दिनांक 13 जून 2026 को सांतरागाछी से चलने वाली 20822 सांतरागाछी-पुणे एक्सप्रेस रद्द रहेगी।
- दिनांक 15 जून 2026 को पुणे से चलने वाली 20821 पुणे-सांतरागाछी एक्सप्रेस रद्द रहेगी।
- दिनांक 12 जून 2026 को बिलासपुर से चलने वाली 22843 बिलासपुर-बक्सर एक्सप्रेस रद्द रहेगी।
- दिनांक 13 जून 2026 को पटना से चलने वाली 22844 पटना-बिलासपुर एक्सप्रेस रद्द रहेगी।
- दिनांक 13 जून 2026 को मालदाटाउन से चलने वाली 13425 मालदाटाउन-सूरत एक्सप्रेस रद्द रहेगी।
- दिनांक 15 जून 2026 को सूरत से चलने वाली 13426 सूरत-मालदाटाउन एक्सप्रेस रद्द रहेगी।
- दिनांक 15 जून 2026 को नांदेड़ से चलने वाली 12767 नांदेड़-सांतरागाछी एक्सप्रेस रद्द रहेगी।
- दिनांक 17 जून 2026 को सांतरागाछी से चलने वाली 12768 सांतरागाछी-नांदेड़ एक्सप्रेस रद्द रहेगी।
- दिनांक 12 व 13 जून 2026 को हटिया से चलने वाली 12812 हटिया-एलटीटी एक्सप्रेस रद्द रहेगी।
- दिनांक 14 व 15 जून 2026 को एलटीटी से चलने वाली 12811 एलटीटी-हटिया एक्सप्रेस रद्द रहेगी।
- दिनांक 12 व 13 जून 2026 को विशाखापटनम से चलने वाली 20807 विशाखापटनम-अमृतसर हीराकुंड एक्सप्रेस रद्द रहेगी।
- दिनांक 13 व 14 जून 2026 को अमृतसर से चलने वाली 20808 अमृतसर-विशाखापटनम हीराकुंड एक्सप्रेस रद्द रहेगी।
- दिनांक 09 व 12 जून 2026 को यशवंतपुर से चलने वाली 12251 यशवंतपुर-कोरबा एक्सप्रेस रद्द रहेगी।
- दिनांक 11 व 14 जून 2026 को कोरबा से चलने वाली 12252 कोरबा-यशवंतपुर एक्सप्रेस रद्द रहेगी।
- दिनांक 11 व 15 जून 2026 को तिरुअनंतपुरम नॉर्थ से चलने वाली 22648 तिरुअनंतपुरम नॉर्थ-कोरबा एक्सप्रेस रद्द रहेगी।
- दिनांक 13 व 17 जून 2026 को कोरबा से चलने वाली 22647 कोरबा-तिरुअनंतपुरम नॉर्थ एक्सप्रेस रद्द रहेगी।
- दिनांक 10 व 11 जून 2026 को एलटीटी से चलने वाली 12151 एलटीटी-शालीमार एक्सप्रेस रद्द रहेगी।
- दिनांक 12 व 13 जून 2026 को शालीमार से चलने वाली 12152 शालीमार-एलटीटी एक्सप्रेस रद्द रहेगी।
- दिनांक 11 से 15 जून 2026 तक पुरी व योगनगरी ऋषिकेश से चलने वाली 18477/18478 पुरी-योगनगरी ऋषिकेश-पुरी उत्कल एक्सप्रेस रद्द रहेगी।

### परिवर्तित मार्ग से चलने वाली गाडियां:-

- **दिनांक 11 व 13 जून 2026 को हावड़ा से चलने वाली 12222 हावड़ा-पुणे दुरन्तो एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग व्हाया झारसुगुड़ा-टिटलागढ़-रायपुर होकर चलेगी ।**
- **दिनांक 13 व 15 जून 2026 को पुणे से चलने वाली 12221 पुणे-हावड़ा दुरन्तो एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग व्हाया रायपुर-टिटलागढ़-झारसुगुड़ा होकर चलेगी ।**
- **दिनांक 11 व 13 जून 2026 को सीएसएमटी से चलने वाली 12261 सीएसएमटी-हावड़ा दुरन्तो एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग व्हाया रायपुर-टिटलागढ़-झारसुगुड़ा होकर चलेगी ।**
- **दिनांक 12 व 15 जून 2026 को हावड़ा से चलने वाली 12262 हावड़ा-सीएसएमटी दुरन्तो एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग व्हाया झारसुगुड़ा-टिटलागढ़-रायपुर होकर चलेगी ।**
- **दिनांक 12 व 13 जून 2026 को एलटीटी से चलने वाली 12101 एलटीटी-शालीमार ज्ञानेश्वरी एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग व्हाया रायपुर-टिटलागढ़-झारसुगुड़ा होकर चलेगी ।**
- **दिनांक 14 व 15 जून 2026 को शालीमार से चलने वाली 12102 शालीमार-एलटीटी ज्ञानेश्वरी एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग व्हाया झारसुगुड़ा-टिटलागढ़-रायपुर होकर चलेगी ।**
- **दिनांक 11 व 15 जून 2026 को भुवनेश्वर से चलने वाली 12880 भुवनेश्वर-एलटीटी एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग व्हाया झारसुगुड़ा-टिटलागढ़-रायपुर होकर चलेगी ।**
- **दिनांक 13 व 17 जून 2026 को एलटीटी से चलने वाली 12879 एलटीटी-भुवनेश्वर एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग व्हाया रायपुर-टिटलागढ़-झारसुगुड़ा होकर चलेगी ।**

### बीच में समाप्त होने वाली गाड़ी

- **दिनांक 08 से 19 जून 2026 तक 68861/ 68862 गोंदिया-झारसुगुड़ा-गोंदिया मेमू पैसेंजर बिलासपुर स्टेशन में समाप्त तथा प्रारम्भ होगी तथा झारसुगुड़ा-बिलासपुर-झारसुगुड़ा के मध्य रद्द रहेगी ।**
- **दिनांक 08 से 19 जून 2026 तक कोरबा से चलने वाली 18237 कोरबा-अमृतसर छत्तीसगढ़ एक्सप्रेस बिलासपुर स्टेशन से प्रारम्भ होगी तथा कोरबा-बिलासपुर के मध्य रद्द रहेगी ।**
- **दिनांक 07 से 18 जून 2026 तक विशाखापटनम से चलने वाली 18518 विशाखापटनम-कोरबा लिंक एक्सप्रेस बिलासपुर स्टेशन में समाप्त होगी तथा बिलासपुर-कोरबा के मध्य रद्द रहेगी ।**
- **दिनांक 08 से 19 जून 2026 तक कोरबा से चलने वाली 18517 कोरबा-विशाखापटनम लिंक एक्सप्रेस बिलासपुर स्टेशन से प्रारम्भ होगी तथा कोरबा-बिलासपुर के मध्य रद्द रहेगी ।**
- **दिनांक 10 व 13 जून 2026 को निज़ामुद्दीन से चलने वाली 12410 निज़ामुद्दीन-रायगढ़ गोंडवाना एक्सप्रेस बिलासपुर स्टेशन में समाप्त होगी तथा बिलासपुर-रायगढ़ के मध्य रद्द रहेगी ।**
- **दिनांक 12 व 15 जून 2026 को रायगढ़ से चलने वाली 12409 रायगढ़-निज़ामुद्दीन गोंडवाना एक्सप्रेस बिलासपुर स्टेशन से प्रारम्भ होगी तथा रायगढ़-बिलासपुर के मध्य रद्द रहेगी ।**

### विलंब से रवाना होने वाली गाडियां :-

- **दिनांक 11 से 15 जून 2026 तक पुणे से चलने वाली 12129 पुणे-हावड़ा आजाद हिन्द एक्सप्रेस अपने निर्धारित समय से 03 घंटे देरी से रवाना होगी।**
- **दिनांक 11 से 15 जून 2026 तक सीएसएमटी से चलने वाली 12809 सीएसएमटी-हावड़ा एक्सप्रेस अपने निर्धारित समय से 02 घंटे 30 मिनट घंटे देरी से रवाना होगी।**
- **दिनांक 12 से 16 जून 2026 तक गोंदिया से चलने वाली 12070 गोंदिया-रायगढ़ जनशताब्दी एक्सप्रेस अपने निर्धारित समय से 02 घंटे देरी से रवाना होगी।**
- **दिनांक 12 से 16 जून 2026 तक रायपुर से चलने वाली गाड़ी संख्या 18249 व 18251 रायपुर-कोरबा हसदेव एक्सप्रेस अपने निर्धारित समय से 2 घंटे देरी से रवाना होगी।**
- **दिनांक 12 से 16 जून 2026 तक कोरबा से चलने वाली गाड़ी संख्या 18239 कोरबा-नेताजी सुभाष चंद्र बोस इतवारी शिवनाथ एक्सप्रेस अपने निर्धारित समय से 1 घंटे 30 मिनट देरी से रवाना होगी।**

**नोट - दिनाँक 08 से 19 जून 2026 तक 18250/18249 तथा 18252/18251 कोरबा-रायपुर-कोरबा हसदेव एक्सप्रेस कोरबा-बिलासपुर-कोरबा के मध्य पैसेंजर बनकर चलेगी।**

# शासन के मिशन मोड में किए जाने वाले कार्यों की हुई समीक्षा

## मुख्य सचिव ने अधिकारियों की ली बैठक

**रायपुर (प्रतिदिन राजधानी)**

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के मंशा अनुसार छत्तीसगढ़ शासन विशिष्ट क्षेत्रों में तीव्र और लक्षित विकास के लिए महत्वपूर्ण योजनाओं के कार्यों को मिशन मोड में संचालित करेगा। इस संबंध मे आज यहां मंत्रालय महानदी भवन में मुख्य सचिव विकासशील की अध्यक्षता में अधिकारियों की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में अधिकारियों ने बताया कि राज्य सरकार ने लक्षित विकास के लिए नए मिशन शुरू किए है। जिन्हें पूरी तरह मिशन मोड में संचालित किया जाएगा। अधिकारियों ने बैठक में अपनी विभागीय योनजाओं के संबंध में प्रस्तुतिकरण के जरिए विस्तार से जानकारी रखी।



बैठक में अधिकारियों ने मुख्यमंत्री एआई मिशन के संबंध में बताया कि उभरती हुए तकनीकों और प्रौद्योगिकियों में छत्तीसगढ़ को देश का अग्रणी राज्य बनाना है। इसके लिए यहां के युवाओं को एआई आधारित स्टार्टअप के लिए बढ़ावा दिया जाएगा। शासन व्यवस्था के कार्यों में भी एआई का उपयोग किया जाएगा। इसके लिए शासन के अधिकारी-कर्मचारियों को प्रशिक्षित किया जा रहा है। इसी तरह से छात्र-छात्राओं, युवाओं को भी प्रशिक्षण दिया जा रहा है। मुख्यमंत्री खेल उत्कर्ष मिशन के तहत ग्रामीण और जमीनी स्तर पर छिपी हुई खेल प्रतिभा की पहचान कर उन्हें निखारा जाएगा। खिलाड़ियों को सुविधाएं दी जाएगी। राज्य के खिलाड़ियों को राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं के लिए तैयार करना तथा महिला खिलाड़ियों की भागीदारी को बढ़ाया जाएगा। मुख्यमंत्री पर्यटन मिशन के अंतर्गत प्रमुख पर्यटन स्थलों को वैश्विक मानचित्र पर लाने के लिए थीम-आधारित पर्यटन सर्किट विकसित किए जाएंगे। सांस्कृतिक मेलों, उत्सवों और प्रदर्शनियों का आयोजन तथा स्थानीय स्तर पर 'होमस्टे' योजना को बढ़ावा दिया जाएगा। पर्यटन के तहत स्थानीय युवाओं को टूर-गाइडों के कौशल विकास के जरिए रोजगार के नए अवसर उपलब्ध कराये जाएंगे। मुख्यमंत्री अधोसंरचना मिशन के जरिए राज्य के बुनियादें ढांचें, सड़कों, पुलों और शहरी-ग्रामीण कनेक्टिविटी को मिशन मोड में मजबूत करना है। प्रदेश में आर्थिक विकास को गति देने के लिए अधोसंरचना का तेजी से निर्माण किया जाना है। तहत प्रदेश के युवाओं में उद्यमिता को बढ़ावा देना और नए पर उतारना। नए स्टार्टअप्स के लिए अंकित आनंद, वित्त विभाग के सचिव डॉ. रोहित यादव, विशेष सचिव वित्त चंदन कुमार, विशेष सचिव उच्च शिक्षा जय प्रकाश मौर्य सहित सूचना प्रौद्योगिकी एवं चिप्स के अधिकारी शामिल हुए।

# मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने किया ईंधन संरक्षण और संसाधनों के संयमित उपयोग का आह्वान

## 'नेशन फर्स्ट' की भावना के साथ ईंधन संरक्षण को जनभागीदारी का अभियान बनाना समय की आवश्यकता

**रायपुर (प्रतिदिन राजधानी)**

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा राष्ट्रहित में ईंधन संरक्षण एवं संसाधनों के संयमित उपयोग को लेकर किए गए आह्वान का समर्थन करते हुए कहा है कि वैश्विक ऊर्जा संकट और पर्यावरणीय चुनौतियों के इस दौर में पेट्रोल-डीजल जैसे मूल्यवान संसाधनों का जिम्मेदारीपूर्ण उपयोग करना हम सभी का राष्ट्रीय दायित्व है।



मुख्यमंत्री साय ने कहा कि ऊर्जा संरक्षण केवल आर्थिक आवश्यकता नहीं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के सुरक्षित भविष्य और पर्यावरण संरक्षण से जुड़ा एक महत्वपूर्ण विषय है। मुख्यमंत्री साय ने कहा कि इसी भावना से प्रेरित होकर राज्य शासन द्वारा शासकीय स्तर पर ईंधन की खपत कम करने और संसाधनों के विवेकपूर्ण उपयोग की दिशा में ठोस पहल की जा रही है। उन्होंने कहा की कि उनके आधिकारिक भ्रमणों के दौरान अब केवल अत्यावश्यक वाहनों को ही कारकेड में शामिल किया जाएगा। साथ ही मंत्रीगणों तथा विभिन्न निगम-मंडलों के पदाधिकारियों से भी वाहनों एवं अन्य सरकारी संसाधनों के संयमित उपयोग का आग्रह किया गया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार शासकीय परिवहन व्यवस्था को अधिक पर्यावरण अनुकूल बनाने की दिशा में भी कार्य करेगी। इसके तहत समस्त शासकीय वाहनों को चरणबद्ध तरीके से इलेक्ट्रिक वाहनों (ईवी) में परिवर्तित करने की दिशा में ठोस कार्यवाही प्रारंभ की जाएगी। उन्होंने कहा कि यह कदम न केवल ईंधन की बचत करेगा, बल्कि प्रदूषण नियंत्रण और हरित ऊर्जा को बढ़ावा देने में भी महत्वपूर्ण भूमिका मुख्यमंत्री साय ने प्रदेशवासियों से सार्वजनिक परिवहन का अधिकाधिक उपयोग करने, कारपूलिंग अपनाने तथा अनावश्यक निजी वाहनों के उपयोग से बचने की अपील की। उन्होंने कहा कि छोटी-छोटी आदतों में बदलाव लाकर हम बड़े सकारात्मक परिवर्तन ला सकते हैं।

# हर घर पहुँचा जीवनदायी जल : चिन्ताटोकामेटा में जल जीवन मिशन बनी बदलाव की मिसाल



**रायपुर (प्रतिदिन राजधानी)**

भैरमगढ़ विकासखंड के दूरस्थ ग्राम चिन्ताटोकामेटा में जल जीवन मिशन ने ग्रामीणों के जीवन में ऐतिहासिक परिवर्तन ला दिया है। अब गांव के हर घर तक नल के माध्यम से स्वच्छ पेयजल की नियमित आपूर्ति हो रही है, जिससे वर्षों पुरानी पानी की समस्या का समाधान हो गया है।

पहले गांव के लोग एकमात्र हैंडपंप और नदी पर निर्भर थे। पानी भरने के लिए महिलाओं और बच्चों को लंबी कतारों में घंटों इंतजार करना पड़ता था। कई बार दूर नदी से पानी लाना पड़ता था, जिससे समय और श्रम दोनों की बड़ी समस्या बनी रहती थी।

जल जीवन मिशन के अंतर्गत गांव के 12 परिवारों को घरेलू नल कनेक्शन उपलब्ध कराए गए हैं। अब प्रत्येक घर तक स्वच्छ पेयजल पहुँचने से ग्रामीणों में खुशी का माहौल है।

19 मार्च 2026 को आयोजित जल उत्सव कार्यक्रम के दौरान ग्रामसभा के माध्यम से 'हर घर जल' प्रमाणन भी किया गया। इस अवसर पर लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के अधिकारियों एवं ग्राम पंचायत प्रतिनिधियों ने ग्रामीणों को जल संरक्षण, जलकर तथा जल आपूर्ति प्रणाली के संचालन-संरक्षण की जानकारी दी।

ग्रामीणों ने बताया कि पहले पानी की व्यवस्था करना रोज़ की बड़ी चुनौती थी, लेकिन अब घर पर ही पर्याप्त मात्रा में साफ पानी मिलने से जीवन काफी आसान हो गया है।

जल जीवन मिशन की यह सफलता केवल पेयजल उपलब्ध कराने तक सीमित नहीं है, बल्कि यह ग्रामीण सहभागिता, जागरूकता और विकास की नई मिसाल बनकर उभरी है।

# अनुशासित परिश्रम, तप और त्याग से मिलती है सफलता : सोनमणि बोरा

## प्रमुख सचिव ने पीएम सेजस विद्यालय कुम्हारी का किया निरीक्षण

**रायपुर (प्रतिदिन राजधानी)**

आदिम जाति, अनुसूचित जाति एवं पिछड़ा वर्ग तथा अल्पसंख्यक विकास विभाग के प्रमुख सचिव और दुर्ग जिले के प्रभारी सचिव सोनमणि वोरा ने आज दुर्ग जिले के कुम्हारी स्थित पीएम विद्यालय का निरीक्षण किया। उन्होंने निरीक्षण के दौरान विद्यालय के सभी विभागों का बारीकी से अवलोकन किया। बोरा ने विद्यालय की लाइब्रेरी, विज्ञान प्रयोगशाला, अटल लैब, स्पोर्ट्स रूम सहित सभी कक्षाओं का निरीक्षण किया। उन्होंने प्राथमिक विभाग में संचालित जादुई पिटारा गतिविधियों तथा मिडिल विभाग में स्मार्ट क्लास के माध्यम से कराए जा रहे शिक्षण कार्य को देखकर प्रसन्नता व्यक्त की। उन्होंने विद्यार्थियों से सहजता के साथ चर्चा कर पढ़ाई-लिखाई एवं खेलकूद की जानकारी ली। इस मौके पर कलेक्टर अभिजीत सिंह उपस्थित थे।



प्रमुख सचिव बोरा ने विद्यार्थियों से चर्चा में कहा कि अनुशासित परिश्रम, तप और त्याग से सफलता मिलती है। उन्होंने पीएमविद्यालय निरीक्षण के दौरान बच्चों से संवाद करते हुए कहा कि जीवन में सफलता के लिए प्रारंभिक पायदान से ही विद्यार्थियों को विद्या अध्ययन के साथ ही ज्ञान पिपासु शिक्षार्थी और अभ्यर्थी भी बनना चाहिए। उन्होंने इस दौरान विद्यालय के उत्कृष्ट परीक्षा परिणाम एवं विद्यार्थियों की उपलब्धियों की सराहना की तथा सभी कक्षाओं के टॉपर विद्यार्थियों से मुलाकात कर उन्हें सम्मानित भी किया। प्रमुख सचिव बोरा और कलेक्टर सिंह ने विद्यार्थियों को जीवन में लक्ष्य बनाकर कार्य करने हेतु प्रेरित किया और यह भी पूछा कि वे जीवन में क्या बनेंगे। यह पूछने पर टॉपर्स ने सी.ए., साइबर इंजीनियर, कलेक्टर बनने की इच्छा जाहिर की। अधिकारियों ने विद्यार्थियों को उज्ज्वल भविष्य हेतु शुभकामनाएं देते हुए शिक्षकों के प्रयासों की प्रशंसा की तथा विद्यालय की शैक्षणिक एवं सह-शैक्षणिक गतिविधियों को सराहनीय बताया।

सम्मानित विद्यार्थियों में कक्षा 12वीं की छात्रा रिया साहू जिन्होंने राज्य स्तर पर चतुर्थ स्थान प्राप्त की है। वहीं कक्षा 10वीं की छात्रा सादेवांगन ने जिला स्तर पर आठवां स्थान अर्जित की है। कक्षा 8वीं में पायल रजानी एवं नैतिक आमटे ने संकुल स्तर पर प्रथम एवं द्वितीय स्थान हासिल की है। इसी प्रकार कक्षा 5वीं की छात्रा शिवानी पटेल प्रथम स्थान पर रही, जबकि भव्या साहू एवं रूपाली साहू ने द्वितीय स्थान प्राप्त कर विद्यालय का गौरव बढ़ाया।

# भारतीय व्यापार महोत्सव 2026 को लेकर कैट प्रतिनिधिमंडल ने वित्त मंत्री चैधरी से की मुलाकात

**छत्तीसगढ़ की व्यापक सहभागिता एवं व्यापारिक संभावनाओं पर हुई चर्चा**

**रायपुर (प्रतिदिन राजधानी)**

देश के सबसे बड़े व्यापारिक संगठन कॉन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (CAIT) के राष्ट्रीय वाइस चेयरमेन एवं राष्ट्रीय व्यापारी कल्याण बोर्ड (भारत सरकार) के सदस्य अमर पारवानी, छत्तीसगढ़ इकाई के चेयरमेन जितेन्द्र दोशी, विक्रम सिंहदेव, अध्यक्ष परमानंद जैन, वाइस चेयरमेन सुरिन्दर सिंह, जीवत बजाज, महामंत्री अवनीत सिंह, कोषाध्यक्ष विजय पटेल, कार्यकारी अध्यक्ष राजेंद्र जग्गी, वासु माखीजा राम मंधान, भरत जैन, राकेश ओचवानी, शंकर बजाज ने संयुक्त रूप से बताया कि नई दिल्ली स्थित भारत मंडपम में 12 -15 अगस्त तक



आयोजित होने वाले देश के सबसे बड़े ट्रेड फेयर भारतीय व्यापार महोत्सव 2026 के संबंध में आज कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (ष्ट्रढ्ढञ्ज) के राष्ट्रीय वाईस चेयरमेन अमर पारवानी जी एवं ष्ट्रढ्ढञ्ज छत्तीसगढ़ के पदाधिकारियों ने छत्तीसगढ़ शासन के माननीय वित्त, आवास एवं पर्यावरण तथा वाणिज्यिक कर मंत्री ओपी चैधरी जी से सौजन्य मुलाकात कर महोत्सव की रूपरेखा, व्यापारिक संभावनाओं एवं प्रदेश की सहभागिता को लेकर विस्तृत चर्चा की।

बैठक के दौरान व्यापार, उद्योग, स्टार्टअप, स्ब्स्ब्ध एवं स्थानीय उत्पादों को राष्ट्रीय स्तर पर प्रोत्साहन देने के विषय पर सकारात्मक संवाद हुआ। प्रतिनिधिमंडल ने महोत्सव के माध्यम से छत्तीसगढ़ के व्यापार, उद्योग एवं स्थानीय उत्पादों को देशभर में नई पहचान दिलाने तथा निवेश एवं व्यापारिक अवसरों को बढ़ावा देने की आवश्यकता पर भी विस्तार से चर्चा की।

इस अवसर पर माननीय मंत्री ओपी चैधरी जी ने भारतीय व्यापार महोत्सव 2026 की सराहना करते हुए इसे व्यापार एवं उद्योग जगत के लिए महत्वपूर्ण पहल बताया। उन्होंने महोत्सव में छत्तीसगढ़ की सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित करने के साथ हर संभव सहयोग प्रदान करने का आश्वासन भी दिया।

बैठक में प्रदेश के व्यापारिक विकास, निवेश संवर्धन एवं 'वोकल फॉर लोकल' एवं 'आत्मनिर्भर भारत' को बढ़ावा देने जैसे विषयों पर भी सार्थक चर्चा हुई।

माननीय मंत्री ओपी चैधरी जी से मुलाकात में कैट एवं युवा टीम के पदाधिकारी मुख्य रूप उपस्थित रहे: - अमर पारवानी, अवनीत सिंह, भरत जैन, शंकर बजाज, दीपक विधानी, निलेष मुंदडा, नागेन्द्र तिवारी, कान्ति पटेल, रतनदीप सिंह, विक्रांत राठौर, शैलेन्द्र शुक्ला एवं सर्वेष दौलतानी।

# प्लेसमेंट कर्मचारी कल्याण संघ ने नवपदस्थ आयुक्त संबित मिश्रा से की मुलाकात

**रायपुर (प्रतिदिन राजधानी)**

न्यूनतम वेतन ?18,000, जॉब सुरक्षा एवं नवीन 04 श्रम कानूनों के शीघ्र क्रियान्वयन की प्रमुख मांग आज प्लेसमेंट कर्मचारी कल्याण संघ, नगर निगम रायपुर के अध्यक्ष श्री संजय एड़े, सचिव श्री खेमूलाल निषाद सहित संघ के पदाधिकारियों एवं सदस्यों द्वारा नवपदस्थ आयुक्त, नगर पालिक निगम रायपुर श्री संबित मिश्रा से सौजन्य मुलाकात कर पुष्पगुच्छ भेंट करते हुए स्वागत एवं शुभकामनाएं प्रेषित की गई।



इस अवसर पर संघ के प्रतिनिधिमंडल में शैलेन्द्र, ललित, लोकनाथ, सकुन, नीलू, निकिता, मनीष, अजीत कसार, ओम बंजारे, उमाशंकर अन्य सदस्य उपस्थित रहे। मुलाकात के दौरान संघ द्वारा नगर निगम रायपुर में कार्यरत लगभग 5500 से अधिक प्लेसमेंट कर्मचारियों की समस्याओं, मांगों एवं नवीन 04 श्रम कानूनों के प्रभावी क्रियान्वयन के संबंध में विस्तृत ज्ञापन आयुक्त महोदय को सौंपा गया।

संघ ने अवगत कराया कि नगर निगम रायपुर में कार्यरत प्लेसमेंट कर्मचारी विगत 15-20 वर्षों से निरंतर स्वच्छता, पेयजल, जन्म-मृत्यु पंजीयन, कार्यालयीन कार्य, स्वास्थ्य, राजस्व, निर्माण एवं शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के क्रियान्वयन में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। नगर निगम की व्यवस्थाओं को सुचारू रूप से संचालित करने में इन कर्मचारियों का महत्वपूर्ण योगदान है, किंतु वर्तमान में अधिकांश कर्मचारियों को अत्यंत कम वेतन में कार्य करना पड़ रहा है, जिससे परिवार का पालन-पोषण एवं दैनिक आवश्यकताओं की पूर्ति करना कठिन हो गया है।

**संघ की प्रमुख मांगें:-**

प्लेसमेंट कर्मचारियों हेतु न्यूनतम वेतन ?18,000 प्रतिमाह तत्काल लागू किया जाए।

# मॉडल जिला बनाने पर जोर, प्रभारी सचिव सोनमणि बोरा ने योजनाओं की समीक्षा की

**रायपुर (प्रतिदिन राजधानी)**

प्रमुख सचिव एवं दुर्ग जिले के प्रभारी सचिव श्री सोनमणि बोरा ने आज दुर्ग जिले के अधिकारियों की बैठक लेकर शासन की योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने बैठक में शासन की योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन, विभागीय समन्वय और जनसमस्याओं के त्वरित समाधान पर विशेष जोर दिया। लोक निर्माण विभाग कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित बैठक में उन्होंने कहा कि दुर्ग जिला सामाजिक, आर्थिक, शैक्षणिक और प्रशासनिक दृष्टि से प्रदेश का महत्वपूर्ण जिला रहा है, इसलिए इसकी पहचान को बनाए रखते हुए अधिकारी बेहतर तालमेल के साथ कार्य करें।



उन्होंने विभागीय समन्वय से दुर्ग जिले के मॉडल जिले के रूप में विकसत करने पर बल दिया।

प्रमुख सचिव श्री बोरा ने समीक्षा बैठक में कहा कि आमजनों को विभागीय सेवाओं का त्वरित लाभ मिले, यह अधिकारियों की प्राथमिक जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि शासन की महत्वाकांक्षी सुशासन तिहार के अंतर्गत शिविरों में प्राप्त आवेदनों का गंभीरता और संवेदनशीलता के साथ गुणवत्तापूर्ण निराकरण सुनिश्चित किया जाए। बैठक में कलेक्टर अभिजीत सिंह एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक विजय अग्रवाल सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

**शुद्ध पेयजल, नाला सफाई और पीएम आवास पर जोर**

प्रभारी सचिव श्री बोरा ने कहा कि ग्रीष्म ऋृतु को देखते हुए आमजनों के लिए शुद्ध पेयजल व्यवस्था सुनिश्चित हो। साथ ही आवश्यकतानुसार टैंकरों के माध्यम से जलापूर्ति भी सुनिश्चित किया जाए।

# सूबेदार/उप निरीक्षक संवर्ग/प्लाटून कमांडर की प्रारंभिक लिखित परीक्षा 12 जुलाई को

**रायपुर (प्रतिदिन राजधानी)**

छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग द्वारा सूबेदार/उप निरीक्षक संवर्ग/प्लाटून कमांडर के पद के लिए कुल 33 जिलों से 1एक 37 लाख 323 ऑनलाइन आवेदन प्राप्त हुए थे। छत्तीसगढ़ पुलिस मुख्यालय द्वारा दस्तावेज एवं शारीरिक माप परीक्षण के बाद कुल 63 हजार 342 अभ्यर्थी अर्हता प्राप्त हुए हैं। शारीरिक माप परीक्षण के बाद अर्हता प्राप्त अभ्यर्थियों की प्रारंभिक लिखित परीक्षा 12 जुलाई 2026 (रविवार) को सुबह 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक 33 जिले में केन्द्र बनाए गए हैं। सूबेदार/उप निरीक्षक संवर्ग/प्लाटून कमांडर के पद के प्रारंभिक लिखित परीक्षा के लिए जिला सरगुजा (अंबिकापुर), कोरिया (बैकुण्ठपुर), बिलासपुर, धमतरी, दुर्ग, दंतेवाड़ा, बस्तर (जगदलपुर), जांजगीर-चांपा, जशपुर, कवर्धा, उत्तर बस्तर कांकेर को केन्द्र बनाए गए हैं। इसी प्रकार कोरबा, महासमुन्द, रायपुर, रायगढ़, राजनांदगांव, बलौदाबाजार-भाटापारा, बलरामपुर-रामानुजगंज, सूरजपुर, गरियाबंद, नारायणपुर, कोण्डागांव, बीजापुर, सुकमा, बेमेतरा, बालोद, गौरेला-पेण्ड्रा-मरवाही, मुंगेली, खैरागढ़-छुईखदान-गंडई, मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर, मोहला-मानपुर-अम्बागढ़ चौकी, सक्ती, सारंगढ़-बिलाईगढ़ को परीक्षा केन्द्रों पर आयोजित की जाएगी। छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग द्वारा सूबेदार/उप निरीक्षक संवर्ग/प्लाटून कमांडर के पद के लिए प्रारंभिक लिखित परीक्षा 12 जुलाई 2026 को सुबह 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक आयोजित की जाएगी। परीक्षा हेतु आयोग द्वारा प्रवेश पत्र परीक्षा तिथि के 15 दिवस पूर्व जारी किया जाएगा।

# प्रधानमंत्री मातृत्व वंदना योजना से लाभान्वित हुई आरती जगत

**रायपुर (प्रतिदिन राजधानी)**

केंद्र सरकार द्वारा महिलाओं एवं बालिकाओं के स्वास्थ्य संरक्षण और पोषण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से संचालित प्रधानमंत्री मातृत्व वंदना योजना जरूरतमंद परिवारों के लिए संबल साबित हो रही है। जिला मुख्यालय महासमुंद के बजरंग चौक वार्ड क्रमांक 11, नयापारा निवासी आरती जगत भी इस योजना से लाभान्वित होकर बेहद खुश हैं। द्वितीय बालिका के जन्म पर उन्हें शासन की ओर से 6000 रुपये की आर्थिक सहायता प्राप्त हुई, जिससे परिवार को राहत मिली और घर में खुशियों का माहौल बन गया।



श्रीमती आरती जगत ने बताया कि गर्भावस्था के दौरान आंगनबाड़ी कार्यकर्ता द्वारा उन्हें प्रधानमंत्री मातृत्व वंदना योजना की जानकारी दी गई। आवश्यक दस्तावेज एवं पंजीयन प्रक्रिया पूरी करने के बाद उन्हें योजना का लाभ मिला। शासन से प्राप्त सहायता राशि नवजात बालिका एवं माता के पोषण, स्वास्थ्य जांच तथा आवश्यक देखभाल में उपयोग हुआ।

उन्होंने कहा कि आर्थिक सहयोग मिलने से परिवार को काफी सहारा मिला है। साथ ही बालिका के जन्म को लेकर परिवार में उत्साह का माहौल है। आरती जगत कहती है कि शासन की यह जनकल्याणकारी योजना महिलाओं के स्वास्थ्य संरक्षण के साथ-साथ बेटियों के प्रति समाज में सकारात्मक संदेश भी दे रही है। आरती जगत ने केंद्र एवं राज्य शासन के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री मातृत्व वंदना योजना गर्भवती एवं धात्री माताओं के लिए लाभदायक है। इससे महिलाओं को गर्भावस्था के दौरान बेहतर पोषण एवं स्वास्थ्य सुविधाएं प्राप्त करने में सहायता मिल रही है। उन्होंने अन्य महिलाओं से भी इस योजना का लाभ लेने की अपील की।

उल्लेखनीय है कि जिले में प्रधानमंत्री मातृत्व वंदना योजना के अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2025-26 में 7968 हितग्राहियों को 39 करोड़ 84 लाख रुपए का लाभ प्राप्त हुआ है।

# दिग्विजय स्टेडियम में समर कैम्प शुरू दो सौ से अधिक बच्चे ले रहे हिस्सा

**राजनांदगांव,, प्रतिदिन राजधानी**

दिग्विजय स्टेडियम समिति द्वारा सोमवार को संध्या 4 बजे दिग्विजय स्टेडियम के इंडोर हाल में टेबल टेनिस, शतरंज स्नूकर, बिलियर्ड्स एवं पुल टेबलों के समर कैंप का उद्घाटन महापौर मधुसूदन यादव, समाजसेवी खूबचंद पारख, जिला सहकारी केंद्रीय बैंक अध्यक्ष सचिन बघेल, विधायक प्रतिनिधि संतोष अग्रवाल एवं स्थानीय पार्षद प्रियंका पंकज कुंजरेकर के आतिथ्य में संपन्न हुआ।

अतिथियों का स्वागत स्टेडियम समिति के सचिव रमेश पटेल, सह-सचिव योगेश बागड़ी एवं प्रबंधक देवेंद्र ठाकुर ने किया। 10 जून तक जारी रहने वाले इस समर कैंप में बड़ी संख्या में अभिभावकों ने अपने बच्चों का रजिस्ट्रेशन कराया है। समारोह में विनोद राठी, मनोज बैद, रघुवीर वाधवा, गोलू सूर्यवंशी, पंकज कुंजरेकर, सुरेंद्र सिंह बग्गा, अनिल डुलानी, सावन वर्मा दीपेश मिश्रा, पार्षद रानू जैन, सुजीत द्विवेदी उपस्थित थे।

इस अवसर पर महापौर



मधुसूदन यादव ने स्टेडियम समिति द्वारा किए गए इन प्रयासों की मुक्तकंठ से सराहना की। उन्होंने समिति को आश्वस्त किया है कि विभिन्न खेलों के इस समर कैंप हेतु जो भी सहयोग होगा, तत्काल ही पूरा करने की कोशिश करेंगे। अतिथियों द्वारा सभी खेलों के नियमों की जानकारी प्रशिक्षकों से प्राप्त कर कुछ देर इन खेलों को स्वयं खेलने से रोक नहीं पाए। अतिथियों ने संपूर्ण परिसर का भ्रमण कर स्टेडियम कमेटी के सचिव रमेश पटेल एवं सह-सचिव योगेश बागड़ी से जल्द किए जाने वाले कार्यों की योजना को समझकर आशा व्यक्त की कि खिलाड़ी निश्चित भविष्य में विभिन्न खेलों की सुविधाओं का लाभ प्राप्त कर अपने खेल को संवारेंगे। अतिथियों ने मैदान में जारी निःशुल्क क्रिकेट प्रशिक्षण शिविर का भी अवलोकन कर 200 से ज्यादा बच्चों को प्रशिक्षण प्राप्त करते देखा एवं प्रशिक्षकों से चर्चा कर प्रसन्नता व्यक्त की। उक्त जानकारी स्टेडियम समिति के सदस्य योगेश बागड़ी ने दी।

# जल संकट और बिजली कटौती पर भड़के विधायक

**भिलाई नगर, प्रतिदिन राजधानी**

भिलाई नगर विधायक देवेंद्र यादव ने सेक्टर-5 स्थित अपने कार्यालय में जनभेंट-मुलाकात कार्यक्रम आयोजित किया। इस दौरान शहर के अलग-अलग क्षेत्रों से बड़ी संख्या में लोग अपनी समस्याएं और मांगें लेकर पहुंचे। विधायक ने एक-एक नागरिक की बात गंभीरता से सुनी और संबंधित अधिकारियों को तत्काल कार्रवाई के निर्देश दिए।

भेंट-मुलाकात में सबसे ज्यादा शिकायतें भीषण गर्मी के बीच जल संकट को लेकर सामने आईं। खुर्सीपार और छावनी क्षेत्र से पहुंचे करीब 50 से अधिक महिला-पुरुषों ने विधायक को बताया कि उनके इलाके में पेयजल की भारी समस्या बनी हुई है। क्षेत्र में नई पानी टंकी का निर्माण कार्य चल रहा है, लेकिन ठेकेदार की लापरवाही और मनमानी के कारण काम समय पर पूरा नहीं हो पाया है। टंकी अब तक शुरू हो जानी थी, लेकिन देरी के चलते लोग पानी के लिए परेशान हो रहे हैं।

इस पर विधायक देवेंद्र यादव ने नाराजगी जताते हुए निगम जोन-4 के अधिकारियों को फोन पर फटकार लगाई। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए



कि प्रभावित इलाकों में तत्काल नियमित रूप से टैंकरों के माध्यम से पानी पहुंचाया जाए और जहां जरूरत हो वहां पाइप लाइन का विस्तार किया जाए। विधायक ने कहा कि गर्मी के मौसम में जनता को पानी के लिए भटकना पड़े, यह किसी भी हालत में स्वीकार नहीं किया जाएगा। इसके अलावा बड़ी संख्या में लोग राशन कार्ड, श्रम कार्ड, पेंशन, सहायता राशि, स्कूलों में बच्चों के प्रवेश और महतारी वंदन योजना से जुड़ी समस्याएं लेकर भी पहुंचे। विधायक देवेंद्र यादव ने सभी मामलों में संबंधित विभागों से समन्वय कर शीघ्र समाधान का भरोसा दिलाया।

उन्होंने कहा कि जनता की समस्या का समाधान करना उनकी प्राथमिकता है। अधिकारी जनता की परेशानी को गंभीरता से लें और समय पर काम करें। लापरवाही किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

# दो दिनी डायरेक्ट टैक्स वर्कशॉप का सफल आयोजन किया गया

**भिलाई नगर, प्रतिदिन राजधानी**

आईसीएआई लिाई शाखा (सीआईआरसी) द्वारा डायरेक्ट टैक्स कमेटी ऑफ आईसीएआई के सहयोग से 8 एवं 9 मई को आईसीएआई भवन, सिविक सेंटर, भिलाई में दो दिवसीय डायरेक्ट टैक्स वर्कशॉप का सफल आयोजन किया गया। इस ज्ञानवर्धक कार्यशाला में लगभग 150 प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की।

कार्यक्रम के द्वितीय दिवस के उद्घाटन सत्र में छत्तीसगढ़ शासन के शिक्षा मंत्री गजेन्द्र यादव मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।

इस अवसर पर अशोक राठी की गरिमामयी उपस्थिति भी रही। अतिथियों ने अपने संबोधन में वर्तमान समय में प्रत्यक्ष कर विषय की उपयोगिता एवं चार्टर्ड अकाउंटेंट्स की महत्वपूर्ण भूमिका पर प्रकाश डाला।

कार्यक्रम का शुभारंभ भिलाई शाखा के



अध्यक्ष सीए सुखदेव राठी द्वारा स्वागत उद्बोधन एवं प्रारंभिक संबोधन से हुआ। उन्होंने शाखा द्वारा आयोजित शैक्षणिक गतिविधियों एवं सदस्यों के ज्ञानवर्धन हेतु किए जा रहे प्रयासों की जानकारी दी।

कार्यशाला के प्रथम दिवस में सीए आशीष गोयल, इंदौर द्वारा कैपिटल गेन टैक्सेशन एवं आईएफए 2025 के अंतर्गत अनअकाउंटेड इनकम विषय पर विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। इसके पश्चात सीए मिलिंद वाधवानी, इंदौर ने एनपीओ एवं अपील फाइलिंग के ड्राफ्टिंग टिप्स विषय पर व्यावहारिक मार्गदर्शन दिया। दिन के अंतिम सत्र में सीए कुशल सोनी, कोटा ने च्टीडीएस एवं टीसीएस तथा रीपील एवं सेविंग्स विषय पर उपयोगी जानकारी साझा की। द्वितीय दिवस में सीए अंकित सोमानी, अजमेर ने च्बेसिक फ्रेमवर्क एवं हेड्स ऑफ इनकमज्ज विषय को सरल एवं प्रभावी ढंग से समझाया। इसके पश्चात सीए पंकज शाह, इंदौर ने च्असेसमेंट एवं री-असेसमेंटज्ज विषय पर अपने अनुभव साझा किए। अंतिम तकनीकी सत्र में सीए अभिषेक जैन, दिल्ली द्वारा च्मेंटेनेंस ऑफ बुक्स ऑफ अकाउंटज्ज, च्टैक्स ऑडिटज्ज एवं च्प्रिजम्प्टिव टैक्सेशनज्ज विषय पर विस्तृत प्रस्तुति दी गई। कार्यक्रम में प्रतिभागियों ने विशेषज्ञ वक्ताओं से प्रत्यक्ष संवाद कर अपनी जिज्ञासाओं का समाधान प्राप्त किया। संपूर्ण आयोजन का उद्देश्य सदस्यों को प्रत्यक्ष कर के नवीनतम प्रावधानों एवं व्यावहारिक पहलुओं से अवगत कराना रहा। कार्यक्रम में भिलाई शाखा के पूर्व अध्यक्षगण सीए संजीव अग्रवाल, सीए माइनेश जैन, सीए पीयूष जैन, सीए पदम बराड़िया, सीए अमित राय, सीए प्रदीप पाल, सीए राकेश धोड़ी, सीए एन. के. टौंक, सीए बस्ती मल सुराना, सीए पायल जैन, सीए राजेश बाफना, सीए जवेरी लाल जैन, सीए प्रफुल कोठारी एवं सीए राहुल बत्रा की विशेष उपस्थिति रही। कार्यक्रम के सफल आयोजन में उपाध्यक्ष सीए दिलीप जैन, कोषाध्यक्ष सीए प्रभजीत सिंह जग्गी एवं सीकासा चेयरमैन सीए तलविंदर सैनी का सक्रिय सहयोग रहा।

शाखा द्वारा कार्यक्रम के सफल संचालन हेतु विशेष रूप से प्रोग्राम डायरेक्टर एवं सेंट्रल काउंसिल सदस्य सीए पंकज शाह का आभार व्यक्त किया गया।

# परिजनों के साथ झगड़ा, कार्रवाई

**राजनांदगांव, प्रतिदिन राजधानी**

कानून एवं शांति व्यवस्था भंग करने वाले आरोपी के विरूद्ध सुरगी पुलिस ने प्रतिबंधात्मक कार्रवाई की।

मिली जानकारी के अनुसार ग्राम बुचीभरदा निवासी एक बुजुर्ग प्रकाश साहू द्वारा सुरगी पुलिस चौकी में आवेदन प्रस्तुत कर बताया कि उसका बेटा रामेश्वर साहू द्वारा प्रतिदिन परिवारजनों के साथ वाद-विवाद एवं झगड़ा किया जाता है। दिनांक घटना को भी आरोपी द्वारा घर में विवाद कर शांतिभंग की स्थिति उत्पन्न की गई।

शिकायत पर त्वरित कार्रवाई करते पुलिस द्वारा मौके पर पहुंचकर जांच एवं पूछताछ की गई। जिसमें यह पाया गया कि आरोपी रामेश्वर साहू परिजनों के साथ लगातार विवाद कर रहा है। जिससे कानून एवं शांति व्यवस्था भंग होने एवं संज्ञेय अपराध घटित होने की प्रबल संभावना थी।

उक्त परिस्थितियों को दृष्टिगत रखते आरोपी रामेश्वर साहू 40 वर्ष निवासी बुचीभरदा को धारा 170 बीएनएसएस के अंतर्गत गिरफ्तार कर धारा 126, 135(3) बीएनएसएस के तहत इस्तगाशा तैयार कर माननीय कार्यपालिक मजिस्ट्रेट राजनांदगांव के समक्ष प्रस्तुत किया गया।

न्यायालय द्वारा जेल वारंट जारी किए जाने पर आरोपी को जिला जेल राजनांदगांव दाखिल कराया गया।

# एनएमडीसी के किरंदुल परियोजना चिकित्सालय को स्मार्ट हॉस्पिटल ऑफ द ईयर सम्मान

**बचेली/किरंदुल, प्रतिदिन राजधानी**

एनएमडीसी के बीआईओएम किरंदुल कॉम्प्लेक्स स्थित परियोजना चिकित्सालय को इंटीग्रेटेड हेल्थ एंड वेल बीइंग काउंसिल द्वारा नौ मई को नोवोटल हैदराबाद कन्वेंशन सेंटर में आयोजित भव्य समारोह में 'स्मार्ट हॉस्पिटल ऑफ द ईयर' पुरस्कार (टियर-2/3 शहर श्रेणी) से सम्मानित किया गया। यह गौरवपूर्ण पुरस्कार परियोजना की ओर से डॉ. एम. वी. लाल एवं डॉ. अभिषेक ने ग्रहण किया।

यह प्रतिष्ठित सम्मान परियोजना चिकित्सालय द्वारा स्वास्थ्य सेवाओं के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य, आधुनिक तकनीकी सुविधाओं, डिजिटल स्वास्थ्य प्रणाली एवं जनसेवा के प्रति समर्पण का प्रमाण है। आज परियोजना चिकित्सालय अत्याधुनिक चिकित्सा सुविधाओं, अनुभवी विशेषज्ञ चिकित्सकों तथा गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाओं के माध्यम से कर्मचारियों, उनके आश्रितों एवं आसपास के ग्रामीण एवं आदिवासी क्षेत्रों के लोगों को निरंतर बेहतर उपचार उपलब्ध करा रहा है।

अमिताभ मुखर्जी अध्यक्ष सहप्रबंध निदेशक



की दूरदर्शी सोच एवं डिजिटलीकरण की पहल से परियोजना चिकित्सालय ने आधुनिक एवं स्मार्ट स्वास्थ्य सेवाओं के क्षेत्र में नई पहचान स्थापित की है। अस्पताल में आईसीयू, एनआईसीयू, सीटी-स्कैन, अल्ट्रासाउंड, एंडोस्कोपी, लेप्रोस्कॉपी, फेको सर्जरी, ब्लड बैंक, कंपोनेंट लैब, आपातकालीन सेवाएं सहित अनेक विश्वस्तरीय सुविधाएं उपलब्ध हैं, जो इसे क्षेत्र के अग्रणी चिकित्सालयों में शामिल करती हैं। किरंदुल कॉम्प्लेक्स के रविंद्र नारायण, अधिशासी निदेशक के कुशल नेतृत्व एवं के. एल. नागवेणी, उपमहाप्रबंधक (मानव संसाधन) के मार्गदर्शन में चिकित्सालय के डॉक्टरों, नर्सों एवं पैरामेडिकल स्टाफ ने अपनी मेहनत, सेवा भावना एवं समर्पण से यह उपलब्धि हासिल की है। इस गौरवपूर्ण उपलब्धि पर परियोजना प्रबंधन, विभागाध्यक्षों, श्रमिक यूनियनों एवं समस्त कर्मचारियों द्वारा परियोजना चिकित्सालय की पूरी टीम को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित की गईं। यह सम्मान भविष्य में भी उत्कृष्ट स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने हेतु पूरी टीम को प्रेरित करता रहेगा।

# बीजापुर में तेंदूपत्ता संग्रहण शुरू

## संग्राहकों को पारिश्रमिक के साथ बोनस भी

**बीजापुर, प्रतिदिन राजधानी**

जिला वनोपज सहकारी यूनियन, बीजापुर द्वारा वर्ष 2026 के तेंदूपत्ता संग्रहण कार्य की शुरुआत कर दी गई है।

जिले के 28 प्राथमिक वनोपज सहकारी समितियों- पामेड़ पुजारी कांकेर, उसूर, हीरापुर, चेरामंगी, कोरसागुड़ा, ईलमिड़ी, देपला, भद्राकाली, सकनापल्ली, चेरपल्ली, मददेड़, बंदेपारा, पामगल, धनोरा, संतोषपुर तोयनार, गुदमा, बरदेला, माटवाड़ा, भैरमगढ़, कोडोली, मिरतुर, कुटरु एवं करकेली के अंतर्गत 45 तेंदूपत्ता लॉटों के 582 फड़ों में संग्रहण कार्य संचालित किया जा रहा है। शासन द्वारा निर्धारित 5.50 रुपए प्रति गड्डी 5500 प्रति मानक बोरा की दर से ग्रामीणों से अच्छी गुणवत्ता के तेंदूपत्तों की खरीदी की जाएगी।

समिति ने ग्रामीणों से अपील की है कि वे चिकने, सपाट, बिना छेद और बिना कटे-फटे अच्छे पत्तों की 50-50 पत्तों की गड्डी बनाकर नजदीकी फड़ में विक्रय करें। अधिक गुणवत्ता वाले तेंदूपत्ता बेचने वाले संग्राहकों को संग्रहण



पारिश्रमिक के साथ बोनस का भी लाभ मिलेगा।

इसके अलावा 500 गड्डी से अधिक तेंदूपत्ता संग्रहण करने वाले संग्राहकों को शासन की सामाजिक सुरक्षा योजनाओं का लाभ दिया जाएगा। योजना के तहत परिवार के मुखिया की सामान्य मृत्यु पर 2 लाख तथा दुर्घटना मृत्यु पर 4 लाख तक की सहायता राशि प्रदान की जाएगी। परिवार के अन्य सदस्यों के लिए भी आर्थिक सहायता का प्रावधान है।

समिति क्षेत्र के मेधावी विद्यार्थियों को भी छात्रवृत्ति एवं शिक्षा प्रोत्साहन राशि दी जाएगी। दसवीं और बारहवीं में उत्कृष्ट अंक प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं के साथ व्यावसायिक एवं गैर-व्यावसायिक पाठ्यक्रमों में अध्ययनरत विद्यार्थियों को भी लाभ मिलेगा। वनोपज अधिक मात्रा में अच्छी गुणवत्ता का तेंदूपत्ता संग्रहण कर निकटतम फड़ों में विक्रय करने की अपील की है।



# मेडिकल कॉलेज डिमरापाल में मना अंतरराष्ट्रीय नर्स दिवस

**जगदलपुर, प्रतिदिन राजधानी**

मेडिकल कॉलेज डिमरापाल में मंगलवार को अंतरराष्ट्रीय नर्स दिवस मनाया गया। कार्यक्रम में स्टाफ नर्सों ने केक काटकर फ्लोरेंस नाइटिंगेल की जयंती मनाई और मरीजों की सेवा का संकल्प लिया। कार्यक्रम के दौरान स्वास्थ्य सेवाओं में नर्सों की भूमिका पर चर्चा की गई।

ज्ञात हो कि हर वर्ष 12 मई को अंतरराष्ट्रीय नर्स दिवस मनाया जाता है। यह दिवस आधुनिक नर्सिंग की जनक मानी जाने वाली फ्लोरेंस नाइटिंगेल की जयंती के अवसर पर आयोजित किया जाता है।

जानकारी के अनुसार पहली बार अंतरराष्ट्रीय नर्स दिवस वर्ष 1974 में मनाया गया था। इंटरनेशनल काउंसिल ऑफ नर्सेस ने हर वर्ष 12 मई को यह दिवस मनाने का निर्णय लिया था।

# बिना ओटीपी नहीं मिलेगा गैस सिलेंडर, उपभोक्ता परेशान

## एजेंसी बोली-शासन के निर्देश का पालन जरूरी

**केशकाल, प्रतिदिन राजधानी**

अब घरेलू गैस सिलेंडर लेने के लिए उपभोक्ताओं को मोबाइल पर आने वाले ओटीपी की जरूरत होगी। केंद्र एवं तेल कंपनियों की नई व्यवस्था के तहत गैस वितरण प्रक्रिया को पारदर्शी और सुरक्षित बनाने के लिए ओटीपी आधारित डिलीवरी अनिवार्य कर दी गई है। इसके चलते केशकाल सहित ग्रामीण क्षेत्रों में उपभोक्ताओं को कई परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।



जानकारी के अनुसार ग्रामीण क्षेत्रों में लगभग 45 दिन और शहरी क्षेत्रों में करीब 25 दिन के अंतराल में मोबाइल पर ओटीपी आने के बाद ही गैस सिलेंडर जारी किया जा रहा है। केशकाल नगर पंचायत होने के बावजूद गैस एजेंसी को ग्रामीण श्रेणी में रखा गया है, जिसके कारण यहां के उपभोक्ताओं को भी 45 दिन की अवधि के बाद ही ओटीपी प्राप्त हो रहा है। इससे नगरवासियों में नाराजगी बढ़ रही है। स्थानीय उपभोक्ताओं का कहना है कि कई बार घर में गैस समाप्त हो जाती है, लेकिन ओटीपी नहीं आने के कारण सिलेंडर नहीं मिल पाता। नेटवर्क समस्या और मोबाइल नंबर अपडेट नहीं होने जैसी दिक्कतों से भी लोगों को परेशानी हो रही है। खासकर बुजुर्ग और ग्रामीण उपभोक्ता नई व्यवस्था को लेकर असहज महसूस कर रहे हैं।

वहीं केशकाल स्थित एचपी गैस एजेंसी संचालकों का कहना है कि वे शासन और विभागीय निर्देशों के अनुसार ही कार्य कर रहे हैं। एजेंसी कर्मियों के मुताबिक यदि रिकॉर्ड में गड़बड़ी या सिलेंडर वितरण में अंतर पाया जाता है तो विभाग की ओर से पेनाल्टी लगाई जाती है। इसी कारण ओटीपी सत्यापन के बाद ही सिलेंडर दिया जा रहा है। एजेंसी से जुड़े कर्मचारियों ने बताया कि नई व्यवस्था लागू होने के बाद कई बार उपभोक्ता नाराज होकर कर्मचारियों से विवाद और दुर्व्यवहार भी कर रहे हैं, जबकि एजेंसी केवल सरकारी नियमों का पालन कर रही है। गौरतलब है कि तेल कंपनियों द्वारा फर्जी कनेक्शन, कालाबाजारी और गलत वितरण पर रोक लगाने के उद्देश्य से ओटीपी आधारित प्रणाली लागू की गई है। हालांकि ग्रामीण क्षेत्रों में नेटवर्क और तकनीकी समस्याओं को देखते हुए लोगों ने शासन से व्यवस्था को सरल बनाने की मांग की है।

# नशीली कैप्सूल जब्त, 2 गिरफ्तार

**जगदलपुर, प्रतिदिन राजधानी**

बस्तर पुलिस ने नशे के कारोबार के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए बोधघाट थाना क्षेत्र से दो युवकों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से प्रतिबंधित नशीली कैप्सूल की 424 कैप्सूल बरामद की गई हैं, जिनकी कुल कीमत लगभग 1 लाख 69 हजार 600 रुपये बताई जा रही है। साथ ही 430 रुपये नकद भी जब्त किए गए हैं।

पुलिस के अनुसार गिरफ्तार आरोपियों की पहचान नयन दीप सिंह उर्फ राजा तथा मोहित बघेल दोनों निवासी जगदलपुर के रूप में हुई है।

पुलिस अधीक्षक शलभ कुमार सिन्हा के निर्देशन में नशे के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत यह कार्रवाई की गई। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक माहेश्वर नाग एवं नगर पुलिस अधीक्षक सुमित कुमार के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी टामेश्वर चौहान के नेतृत्व में पुलिस टीम ने हाटकचोरा बतख गोदाम चौक के पास रेड कार्रवाई की।

मुखबिर से सूचना मिली थी कि दो युवक प्रतिबंधित नशीली कैप्सूल बेचने के लिए ग्राहक का इंतजार कर रहे हैं। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर दोनों संदिग्धों को पकड़ा और तलाशी लेने पर उनके पास रखी पॉलीथिन



से 53 पत्ते में कुल 424 नग प्रतिबंधित कैप्सूल बरामद किए।

आरोपी किसी प्रकार का वैध दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर सके, जिसके बाद उनके खिलाफ एनडीपीएस एक्ट की धारा 21(सी) के तहत मामला दर्ज कर गिरफ्तार किया गया। दोनों आरोपियों को 11 मई को विशेष नडीपीएस न्यायालय जगदलपुर में पेश किया गया।

# गुजरात की आईपीएल में सबसे बड़ी जीत...हैदराबाद ने अपना सबसे छोटा स्कोर बनाया, सुदर्शन के लगातार तीसरे सीजन 500 रन पूरे







**अहमदाबाद।** गुजरात टाइटंस ने आईपीएल 2026 के 56वें मैच में सनराइजर्स हैदराबाद को 82 रन से हरा दिया। अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में गुजरात ने 168 रन बनाए। जवाब में हैदराबाद की टीम 14.5 ओवर में सिर्फ 86 रन पर सिमट गई। यह गुजरात की आईपीएल इतिहास में रन के लिहाज से सबसे बड़ी जीत रही, वहीं हैदराबाद ने सबसे छोटा स्कोर बनाया। गुजरात के साई सुदर्शन ने 61 रन की पारी खेली और लगातार तीसरे सीजन 500 रन पूरे करने का रिकॉर्ड बनाया।

### गुजरात ने रन के लिहाज से सबसे बड़ी जीत दर्ज की

हैदराबाद को 82 रन से हराकर गुजरात ने आईपीएल इतिहास में अपनी सबसे बड़ी जीत दर्ज की। इससे पहले टीम की सबसे बड़ी जीत 77 रन की थी, जो उसने राजस्थान के खिलाफ इसी सीजन जयपुर में हासिल की थी।

**गुजरात इस सीजन पावरप्ले में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाली टीम :** गुजरात ने आईपीएल 2026 में पावरप्ले के दौरान सबसे ज्यादा विकेट लेने का रिकॉर्ड अपने नाम कर लिया। गुजरात के खिलाफ शुरुआती झटकों के बाद गुजरात के पावरप्ले विकेट की संख्या 25 पहुंच गई।

**रबाडा ने इस सीजन पावरप्ले में 16 विकेट चटकाए :** कगिसो रबाडा आईपीएल 2026 में पावरप्ले के सबसे सफल गेंदबाज बन गए हैं। सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ 3 विकेट लेते ही उनके शुरुआती 6 ओवरों में विकेटों की संख्या 16 पहुंच गई। वह अब आईपीएल इतिहास में एक सीजन के पावरप्ले में सबसे ज्यादा विकेट लेने के मामले में मोहम्मद शमी की बराबरी से सिर्फ एक विकेट दूर हैं।

**गुजरात का इस सीजन सबसे धीमा पावरप्ले, एसआरएच की सबसे किफायती गेंदबाजी :** गुजरात ने आईपीएल 2026 में अपना सबसे कम पावरप्ले स्कोर बनाया। टीम ने शुरुआती 6 ओवर में 2 विकेट पर सिर्फ 34 रन बनाए। वहीं हैदराबाद ने भी इस सीजन पावरप्ले में पहली बार इतने कम रन दिए।

**सिराज ने पहले ओवर में विकेट लेने के मामले में शमी की बराबरी की :** मोहम्मद सिराज ने आईपीएल 2026 में पहले ओवर में चौथा विकेट हासिल किया। उन्होंने हैदराबाद के खिलाफ ट्रैविस हेड को आउट कर यह उपलब्धि हासिल की। सिराज अब इस सीजन पहले ओवर में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाजों की सूची में मोहम्मद शमी के बराबर पहुंच गए हैं। इस लिस्ट में राजस्थान के जोफ्रा आर्चर टॉप पर हैं।

### गुजरात के पेसर्स ने झटके 9 विकेट

यह आईपीएल में दूसरा मौका रहा, जब गुजरात टाइटंस के तेज गेंदबाजों ने एक पारी में 9 विकेट लिए। इससे पहले गुजरात के पेसर्स ने 2023 में भी हैदराबाद के खिलाफ हैदराबाद में 9 विकेट झटके थे।

### हैदराबाद ने आईपीएल में अपना सबसे छोटा स्कोर बनाया

हैदराबाद की टीम गुजरात के खिलाफ 86 रन पर ऑलआउट हो गई। यह आईपीएल इतिहास में हैदराबाद का सबसे कम स्कोर है। इससे पहले टीम का सबसे छोटा टोटल 2019 में मुंबई के खिलाफ 96 रन था। 86 रन गुजरात के खिलाफ किसी टीम का दूसरा सबसे कम ऑलआउट स्कोर भी है। इससे पहले 2022 में लखनऊ 82 रन पर सिमटी थी।

### हैदराबाद की रन के लिहाज से सबसे बड़ी हार

हैदराबाद को गुजरात के खिलाफ 82 रन से हार का सामना करना पड़ा। यह आईपीएल इतिहास में रन के लिहाज से टीम की सबसे बड़ी हार रही। इससे पहले हैदराबाद की सबसे बड़ी हार 2025 में कोलकाता के खिलाफ 80 रन की थी।

### गुजरात ने लगातार पांचवीं जीत दर्ज की

गुजरात ने आईपीएल 2026 में लगातार पांचवीं जीत हासिल की। टीम इस सीजन लगातार 5 मैच जीतने वाली दूसरी टीम बनी। इससे पहले सनराइजर्स हैदराबाद भी लगातार 5 मुकाबले जीत चुकी है। यह गुजरात की आईपीएल इतिहास में संयुक्त रूप से सबसे लंबी विनिंग स्ट्रीक भी है। इससे पहले टीम ने 2022 सीजन में भी लगातार 5 मैच जीते थे।

### सुदर्शन ने लगातार तीसरे सीजन 500 रन बनाए

साई सुदर्शन ने आईपीएल में लगातार तीसरे सीजन 500+ रन पूरे करने का रिकॉर्ड बनाया।। सुदर्शन 2024 से लगातार हर सीजन में 500 से ज्यादा रन बना रहे हैं। वह अब विराट कोहली, शिखर धवन और क्रिस गेल जैसे दिग्गज बल्लेबाजों की सूची में शामिल हो गए हैं। आईपीएल इतिहास में लगातार सबसे ज्यादा 500+ रन बनाने का रिकॉर्ड डेविड वॉर्नर के नाम है, जिन्होंने 2014 से 2020 तक लगातार 6 सीजन में यह कारनामा किया था। क्रिस गेल और साई सुदर्शन आईपीएल इतिहास के इकलौते बल्लेबाज हैं, जिन्होंने लगातार 500+ रन वाले हर सीजन में 140 से ज्यादा के स्ट्राइक रेट से बल्लेबाजी की। डेविड वॉर्नर ने भी लगातार 500+ रन बनाए, लेकिन 2020 सीजन में उनका स्ट्राइक रेट 140 से कम रहा था। सुदर्शन के अलावा हैदराबाद के हेनरिक क्लासन ने भी इस सीजन अपने 500 रन पूरे किए। 508 रन बनाकर वे इस साल के टॉप स्कोरर हैं।

### सुदर्शन ने लगातार तीसरी फिफ्टी लगाई

साई सुदर्शन ने आईपीएल 2026 में लगातार तीसरी फिफ्टी जमाई। सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ 61 रन की पारी के साथ उन्होंने गुजरात टाइटंस के लिए लगातार सबसे ज्यादा 50+ स्कोर बनाने के रिकॉर्ड की बराबरी कर ली। इससे पहले हार्दिक पंड्या और शुभमन गिल भी लगातार तीन 50+ स्कोर बना चुके हैं।

## कगिसो रबाडा जीटी की तेज गेंदबाजी के नेतृत्वकर्ता बन गए हैं : सबा करीम

**अहमदाबाद।** आईपीएल 2026 खेले गए मुकाबले में गुजरात टाइटंस (जीटी) ने सनराइजर्स हैदराबाद (एसआरएच) को हराकर अंकतालिका में पहला स्थान हासिल कर लिया है। जीटी की जीत में तेज गेंदबाज कगिसो रबाडा की अहम भूमिका रही। भारतीय टीम के पूर्व विकेटकीपर सबा करीम ने रबाडा की प्रशंसा करते हुए कहा है कि वह गुजरात की तेज गेंदबाजी के नेतृत्वकर्ता बन गए हैं। जियो हॉटस्टार पर सबा करीम ने कहा, 'रबाडा बेहतरीन फॉर्म में हैं और जीटी की तेज गेंदबाजी के नेतृत्वकर्ता बन गए हैं। एसआरएच के खिलाफ उन्होंने अपनी ताकत का शानदार इस्तेमाल किया और पिच से अतिरिक्त बाउंस पैदा किया। वह पूरे स्पेल में शानदार दिखे। अभिषेक शर्मा और ईशान किशन



की विकेट के लिए जिस तरह से उन्होंने योजना बनाई, वह देखने में बहुत बढ़िया था। कुल मिलाकर, वह बाकी बॉलर्स के लिए टोन सेट करते हैं और गेंदबाजी की योजना का नेतृत्व करते हैं। अन्य गेंदबाज उन्हें फॉलो करते हैं।' एसआरएच के खिलाफ रबाडा ने 4 ओवर में 28 रन देकर 3 विकेट लिए। रबाडा का पूरे सीजन में बेहतरीन प्रदर्शन रहा है। वह सीजन के दूसरे सफल गेंदबाज हैं और 12 मैचों में 21 विकेट ले चुके हैं। मैच पर नजर डालें तो टॉस गंवाने के बाद पहले बल्लेबाजी करने उतरी गुजरात टाइटंस ने साई सुदर्शन के 61 और वाशिंगटन सुंदर के 50 रनों की मदद से गुजरात ने 5 विकेट पर 168 रन बनाए।

169 रन का लक्ष्य हासिल करने उतरी एसआरएच की बल्लेबाजी बिखर गई। टीम 14.5 ओवर में 86 रन पर सिमट गई और 82 रन से मैच हार गई। जीटी के लिए कगिसो रबाडा के अलावा जेसन होल्डर ने 4 ओवर में 20 रन देकर 3 विकेट लिए। प्रसिद्ध कृष्णा ने 3 ओवर में 23 रन देकर 2 विकेट लिए। सिराज और राशिद को 1-1 विकेट मिला। रबाडा प्लेयर ऑफ द मैच रहे।

## कोलकाता ने बेंगलुरु को 193 रन का टारगेट दिया

### अंगकृष का अर्धशतक, रिंकू ने नाबाद 49 रन बनाए, बेंगलुरु के 3 बॉलर्स को 1-1 विकेट

**रायपुर।** आईपीएल में कोलकाता नाइट राइडर्स ने रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु को 193 रन का टारगेट दिया। बेंगलुरु ने रायपुर के शहीद वीर नारायण सिंह स्टेडियम में टॉस जीतकर पहले बॉलिंग का फैसला किया है। कोलकाता ने 20 ओवर में 4 विकेट 192 रन बनाए। कोलकाता के लिए अंगकृष रघुवंशी ने सबसे ज्यादा 46 गेंदों में 71 रन की शानदार पारी खेली, जिसमें 7 चौके और 3 छक्के शामिल रहे। आखिर में रिंकू सिंह ने तेज बल्लेबाजी करते हुए 29 गेंदों में नाबाद 49 रन बनाए। शुरुआत में फिन एलन ने 8 गेंदों में 18 रन की तेज पारी खेली, जबकि कप्तान अजिंक्य रहाणे ने 13 गेंदों में 19 रन बनाए। कैमरन ग्रीन ने भी 24 गेंदों में 32 रन का योगदान दिया। बेंगलुरु की ओर से भुवनेश्वर कुमार, जोश हेजलवुड और रसिख सलाम डार को 1-1 विकेट मिला। 17 ओवर के बाद कोलकाता का स्कोर 3 विकेट पर 165 रन हो गया है। भुवनेश्वर कुमार के ओवर में 12 रन आए, जिसमें रिंकू सिंह ने शानदार बल्लेबाजी दिखाई। उन्होंने एक चौका लगाने के साथ लगातार तीन गेंदों पर दो-दो रन लिए। रिंकू 18 गेंदों में 30 और अंगकृष रघुवंशी 39 गेंदों में 63 रन बनाकर क्रीज पर मौजूद हैं। अंगकृष रघुवंशी ने शानदार बल्लेबाजी करते हुए इस सीजन की अपनी चौथी फिफ्टी पूरी कर ली। जैकब डफी की धीमी गेंद को उन्होंने लॉन्ग ऑफ की ओर खेलकर



एक रन लिया और 32 बॉल पर 50 रन के आंकड़े तक पहुंचे। 13वें ओवर में रसिख सलाम डार ने बेंगलुरु को बड़ी सफलता दिलाते हुए कैमरन ग्रीन को बोल्ड कर दिया। क्रॉस-सीम लेंथ गेंद नीची रही और ग्रीन लाइन मिस कर गए। गेंद सीधे मिडिल स्टंप से जा टकराई। ग्रीन 24 गेंदों में 32 रन बनाकर आउट हुए। उनके और अंगकृष रघुवंशी के बीच 68 रन की साझेदारी भी यहीं टूटी। 12वें ओवर की पहली बॉल पर कैमरन ग्रीन ने शानदार छक्का जड़ दिया। शॉर्ट गेंद को उन्होंने डीप मिडविकेट के ऊपर 86 मीटर दूर स्टैंड्स में पहुंचाया। इसी के साथ कोलकाता के 100 रन पूरे हुए और ग्रीन-रघुवंशी के बीच अर्धशतकीय साझेदारी भी पूरी हुई। 10 ओवर के बाद चयक्र का स्कोर 2 विकेट पर 86 रन हो गया है। अंगकृष रघुवंशी 23 गेंदों में 34 और कैमरन ग्रीन 16 गेंदों में 14 रन बनाकर क्रीज पर हैं। क्रुणाल पंड्या के इस ओवर में 10 रन आए, जिसमें रघुवंशी ने डीप स्क्वेयर लेग पर शानदार छक्का जड़ा। ओवर की आखिरी गेंद पर विराट कोहली से लॉन्ग ऑफ पर हल्की मिसफील्ड भी हुई, लेकिन बल्लेबाज दूसरा रन नहीं ले सके। पावरप्ले में कोलकाता ने 2 विकेट पर 56 रन बनाए। शुरुआत में 5 डॉट बॉल खेलने के बाद अजिंक्य रहाणे ने चौके के साथ खाता खोला। फिन एलन ने डफी के ओवर में 14 रन बटोरे, जबकि उनके अगले ओवर में भी 17 रन आए। हालांकि, भुवनेश्वर कुमार ने एलन को आउट कर बेंगलुरु को बड़ी सफलता दिलाई। इसके बाद जोश हेजलवुड ने अपने पहले ओवर में रहाणे को पवेलियन भेज दिया। तीसरे ओवर की तीसरी बॉल पर भुवनेश्वर कुमार ने बेंगलुरु को बड़ी सफलता दिलाते हुए फिन एलन को आउट किया। ऑफ स्टंप के बाहर जाती गेंद पर एलन विकेटकीपर जितेश शर्मा को कैच दे बैठे।

## जीत से उत्साहित शुभमन बोले हालातों के अनुसार बनाते हैं रणनीति...

**अहमदाबाद।** गुजरात टाइटंस के कप्तान शुभमन गिल ने सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ आईपीएल 2026 मुकाबले में मिली जीत पर खुशी जतायी है। शुभमन ने कहा कि टीम को ये शानदार जीत गेंदबाजों के बेहतर प्रदर्शन से मिली है। गुजरात ने जिस प्रकार से इस सत्र में उतार-चढ़ाव के बाद शीर्ष पर स्थान बनाया है उससे भी प्रशंसकों ने उसकी सराहना की है। वहीं शुभमन ने कहा कि उनकी टीम ने किसी खासा शैली को नहीं अपनाया है, उनकी टीम हालातों के अनुसार रणनीति बनाती है। इसी के साथ ही गुजरात ने लगातार पांचवां मुकाबला जीता। मैच के बाद शुभमन ने कहा, हमें अच्छी तरह पता था कि इस विकेट पर 170 का स्कोर बनाना काफी कठिन होगा और उसका बचाव करना उससे भी मुश्किल रहेगा। हमारे गेंदबाजों ने इस दौरान जबरदस्त खेल दिखाया। हमने मैच से पहले अपनी गेंदबाजी रणनीति को लेकर एक स्पष्ट योजना बनाई थी, जिसपर अमल करने में हम सफल रहे। विशेष रूप से देखा जाये तो हमारी गेंदबाजी बेहतीन रही। उन्होंने बल्लेबाजों साई सुदर्शन 61 और वाशिंगटन सुंदर 50 के अर्धशतकों की भी प्रशंसा की है। शुभमन के अनुसार इन शानदार पारियों से ही टीम 170 रन के अच्छे स्कोर तक पहुंची। साथ ही कहा, उनके बिना, 170 तक पहुंचना वाकई मुश्किल होता। अंकतालिका में शीर्ष पर पहुंचने के बारे में कप्तान ने बताया कि यह लगातार अच्छे प्रदर्शन से संभव हुआ है। अपनी टीम की पहचान को लेकर उन्होंने कहा, हम उस तरह की टीम नहीं हैं जो किसी खास स्टाइल या ब्रांड का क्रिकेट खेलती हो। हम एक ऐसी टीम बनना चाहते हैं जो हालातों का आंकलन करते हुए खेले।

## काउंटी चैम्पियनशिप में सफल वापसी के साथ ही स्टोक्स ने साबित की फिटनेस

**लंदन।** इंग्लैंड क्रिकेट टीम के टेस्ट कप्तान बेन स्टोक्स ने चोट से वापसी करते हुए काउंटी चैम्पियनशिप में अच्छी गेंदबाजी कर साबित कर दिया है कि वह अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट के लिए पूरी तरह से फिट हैं। स्टोक्स की वापसी से इंग्लैंड क्रिकेट टीम ने राहत की सांस ली है। टीम को आने वाले समय में न्यूजीलैंड और पाकिस्तान के खिलाफ खेलना है। ऐसे में स्टोक्स की वापसी से घरेलू टेस्ट सीरीज के दौरान इंग्लैंड की तेज गेंदबाजी बेहतर होगी। जेम्स एंडरसन और स्टुअर्ट ब्रॉड जैसे स्टार खिलाड़ियों के संन्यास के बाद से ही स्टोक्स की भूमिका और भी अहम हो जाती है। स्टोक्स ने डरहम काउंटी क्रिकेट क्लब की ओर से वॉर्सेस्टरशायर काउंटी क्रिकेट क्लब के खिलाफ डिवीजन टू मुकाबले में खेला है। चोट से वापसी के बाद से ही यह उनका पहला प्रतिस्पर्धी मैच था। इंग्लैंड का इस साल एक व्यस्त घरेलू टेस्ट सत्र है, जिसमें उसे आईसीसी विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप के तहत जून में न्यूजीलैंड के खिलाफ तीन टेस्ट और अगस्त-सितंबर में पाकिस्तान के खिलाफ तीन टेस्ट खेलने हैं। ऐसे में तेज गेंदबाजी विकल्पों की कमी को देखते हुए, स्टोक्स को इन महत्वपूर्ण श्रृंखलाओं के दौरान नई गेंद से गेंदबाजी करते हुए देखा जा सकता है।

## मोहन बागान क्लब के पूर्व अध्यक्ष टूटू बोस का 78 साल की उम्र में निधन, सीएम सुवेंदु अधिकारी ने जताया शोक

**कोलकाता।** मोहन बागान फुटबॉल क्लब के पूर्व अध्यक्ष और भारतीय फुटबॉल के सबसे प्रभावशाली खेल प्रशासकों में से एक टूटू बोस का कोलकाता में 78 साल की उम्र में निधन हो गया। उनके निधन पर पश्चिम बंगाल के मुख्यमंत्री सुवेंदु अधिकारी और मोहन बागान क्लब ने शोक व्यक्त किया है। मुख्यमंत्री सुवेंदु अधिकारी ने उनके निधन पर शोक जताते हुए एक्स पर लिखा, 'मोहन बागान क्लब के पूर्व प्रेसिडेंट, पूर्व संसद सदस्य और सीनियर खेल प्रशासक स्वपन साधन बोस (टूटू बसु) के निधन से मुझे बहुत दुख हुआ है।' उन्होंने लिखा, 'मोहन बागान क्लब और टूटू बसु एक-दूसरे के पूरक थे। कई सालों तक खेल प्रशासन में उनका असाधारण योगदान हमेशा यादगार रहेगा। उनका नेतृत्व, विजन और खेल के लिए सच्चा प्यार आने वाली पीढ़ियों को प्रेरित करेगा। मैं उनके दुखी परिवार, प्रियजनों, शुभचिंतकों और अनगिनत प्रशंसकों के प्रति



अपनी हार्दिक संवेदना व्यक्त करता हूं। मैं सर्वशक्तिमान ईश्वर से उनकी दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना करता हूं।' मोहन बागान सुपर जायंट ने सोशल मीडिया पर लिखा, 'आपकी विरासत हमेशा मोहन बागान का हिस्सा रहेगी। रेस्ट इन पीस, टूटू बोस।' टूटू बोस का वास्तविक नाम स्वपन सदा बोस था। वह राज्यसभा के सांसद रहे थे। उनके नेतृत्व में भारतीय फुटबॉल ने बदलाव का दौर देखा। टूटू बोस पहली बार 1989-90 में मोहन बागान एसी के पोर्टफोलियो होल्डर बने। यह भारतीय क्लब फुटबॉल में सबसे लंबे अध्यक्षीय कार्यकाल में से एक रहा। उन्होंने फीफा क्लब टास्क फोर्स के सदस्य के रूप में भी काम किया, जिससे मोहन बागान और भारतीय फुटबॉल को वैश्विक प्रशासन चर्चाओं में एक आवाज मिली। खराब स्वास्थ्य की वजह से उन्होंने 2017 में अपना पद छोड़ दिया था। मई 2022 में, उन्हें फिर से अध्यक्ष चुना गया था। उनके नेतृत्व में मोहन बागान नेशनल टूर्नामेंट में टॉप दावेदार बना रहा। टीम ने अपनी ब्रांड वैल्यू और फैन एंगेजमेंट को बढ़ाया और आधुनिक फुटबॉल के हिसाब से खुद को ढालते हुए एक हेरिटेज क्लब के तौर पर अपनी पहचान बनाए रखी। अप्रैल 2025 में, टूटू बोस ने मोहन बागान में सभी पदों से आधिकारिक रूप से सेवानिवृत्ति ले ली थी।

## पंजाब किंग्स के खिलाफ मुकाबले से पहले अकेले अभ्यास करते दिखे पांड्या

**मुंबई।** मुम्बई इंडियंस टीम का प्रदर्शन आईपीएल के इस सत्र में अच्छा नहीं रहा है और टीम प्लेऑफ की दौड़ से बाहर हो गयी है। टीम को आज बचे हुए लीग मैच में पंजाब किंग्स से खेलना है। मुम्बई की टीम इस मैच में जीत के साथ ही अपना खोया मनोबल हासिल करने का प्रयास करेगी। टीम के कप्तान हार्दिक पांड्या का प्रदर्शन भी इस सत्र में अच्छा नहीं रहा और वह आलोचकों के निशाने पर हैं। पांड्या फिट नहीं होने के कारण पिछले दो मैचों से बाहर थे। अब उनका लक्ष्य आज पंजाब किंग्स के खिलाफ अच्छा प्रदर्शन कर लय हासिल करना चाहेंगे। इसी को देखते हुए पांड्या अकेले ही नेट्स में अभ्यास करते दिखे। इससे साफ है कि वह पंजाब के



खिलाफ मैदान पर उतरेंगे। इससे टीम और प्रशंसकों के बीच उम्मीदें जगी हैं। हालांकि फ्रेंचाइजी ने अभी तक उनकी उपलब्धता पर कोई आधिकारिक बयान नहीं दिया है। पांड्या ने अभ्यास का एक वीडियो भी सोशल मीडिया पर जारी कर अपने फिट होने के संकेत दिये हैं। हार्दिक इससे पहले रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के खिलाफ मैच में नहीं उतरे थे। पीठ की समस्या के कारण उनकी अनुपस्थिति ने टीम के संतुलन और प्रदर्शन को काफी प्रभावित किया है।

## टी20 क्रिकेट में बल्लेबाज हो रहे हावी गेंदबाजों को करने होंगे बदलाव : द्रविड़

**डबलिन।** भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व मुख्य कोच राहुल द्रविड़ ने कहा है कि आजकल के क्रिकेट जिस दौर में पहुंच गया है वहां बल्लेबाज हावी नजर आते हैं और गेंदबाजों की भूमिका उनके मुकाबले कमजोर नजर आती है। द्रविड़ के अनुसार इस प्रकार के हालातों में अपना दबदबा फिर से बनाने के लिए गेंदबाजों को अपने में बदलाव करना होगा। तभी वे बदलते हुए दौर में टिक पायेंगे। इस पूर्व कप्तान मानना है कि पिछले कुछ वर्षों में बल्लेबाजों ने खेल को पूरी तरह से बदल दिया है, जबकि गेंदबाज अभी भी उस स्तर तक पहुंचने के लिए संघर्ष कर रहे हैं। डबलिन में यूरोपीय टी20 प्रीमियर लीग (ईटीपीएल) से जुड़े एक कार्यक्रम के दौरान द्रविड़ ने कहा कि टी20 क्रिकेट में बल्लेबाजी का स्तर लगातार ऊंचा होता जा रहा है। साथ ही कहा, पिछले दो-तीन साल में बल्लेबाजी में जिस तरह का बदलाव आया है, उसे देखते हुए मुझे लगता है कि गेंदबाजों को उस स्तर तक पहुंचने के लिए अब काफी मेहनत करनी होगी। द्रविड़ ने विशेष रूप से युवा भारतीय बल्लेबाजों की भी प्रशंसा करते हुए कहा है कि इन लोगों ने पावरप्ले में बल्लेबाजी के अंदाज को ही बदल दिया है। उन्होंने अभिषेक शर्मा, वैभव सूर्यवंशी, आयुष मात्रे और प्रियांश आर्य जैसे खिलाड़ियों का जिक्र किया, जो अब मैदान के हर हिस्से में बड़े शॉट खेलते हैं।

## टेनिस खिलाड़ी पुरस्कार राशि के मामले में अब पीछे नहीं हटेंगे : पेगुला

**रोम।** टेनिस जगत में खिलाड़ियों की पुरस्कार राशि बढ़ाने की मांग अब जोर पकड़ने लगी है। अब इस अभियान का नेतृत्व कर रही अमेरिकी महिला टेनिस खिलाड़ी जेसिका पेगुला ने कहा है कि खिलाड़ी अब अपनी इस मांग से पीछे नहीं हटेंगे। पेगुला ने कहा कि यह सही समय है जब खिलाड़ियों को टूर्नामेंट के कुल राजस्व में एक बड़ा मिलना चाहिए। वहीं इससे पहले विश्व नंबर-1 पुरुष टेनिस खिलाड़ी यानिक सिनर और महिला वर्ग की नंबर-1 खिलाड़ी एरीना सबालेंका ने भी कहा था कि पुरस्कार राशि बढ़ायी जानी चाहिये। गई है। पेगुला खिलाड़ियों को इस मामले को लेकर एक मंच पर लाने का प्रयास भी कर रही हैं। । उन्होंने कहा कि खिलाड़ियों से इस मामले में सीधे बात करने और उन्हें एकसाथ लाने में उन्हें कोई परेशानी नहीं है। पेगुला ने कहा, मैं किसी भी खिलाड़ी के पास जाकर पूछ सकती हूं कि क्या वह इस मामले में हमसे सहमत है या नहीं । साथ ही कहा कि कुछ खिलाड़ी शायद इस पर



ज्यादा ध्यान नहीं देते पर बड़ी संख्या में खिलाड़ी पूरी तरह से समर्थन में हैं। वह पुरुष और महिला दोनों वर्गों के खिलाड़ियों से लगातार संपर्क कर रही हैं और उन्हें इस अभियान में शामिल कर रही हैं। पेगुला ने संकेत दिया कि अन्य प्रमुख पेशेवर खेलों की तुलना में टेनिस खिलाड़ियों को उनके योगदान के बदले काफी कम हिस्सा मिलता है। उन्होंने एनएफएल (नेशनल फुटबॉल लीग) और एनएचएल (नेशनल हॉकी लीग) जैसी लीगों का उदाहरण देते हुए कहा कि उसमें खिलाड़ियों को लीग के कुल राजस्व का लगभग 50 फीसदी हिस्सा मिलता है। इसके विपरीत, अधिकतर टेनिस टूर्नामेंटों में खिलाड़ियों का यह हिस्सा बहुत कम रहता है। खिलाड़ियों द्वारा जारी एक बयान के अनुसार, फ्रेंच ओपन जैसे प्रतिष्ठित टूर्नामेंट में भी खिलाड़ियों को कुल राजस्व का 14.9 फीसदी से भी कम हिस्सा मिलता है, जो कि अन्य खेलों की तुलना में एक बड़ा अंतर है। वहीं पिछले सप्ताह बेलारुस की, एरीना सबालेंका ने भी इस मामले को उठाया था और कहा था कि यदि खिलाड़ियों को उनका उचित हिस्सा नहीं मिलता, तो उन्हें बहिष्कार जैसे कड़े कदमों पर भी विचार करना चाहिए। वहीं यानिक सिनर ने टूर्नामेंट आयोजकों पर खिलाड़ियों के प्रति सम्मान की कमी का आरोप लगाया था। पेगुला ने इन दोनों शीर्ष खिलाड़ियों के समर्थन की सराहना करते हुए कहा कि जब दुनिया के नंबर-1 खिलाड़ी किसी मुद्दे पर खुलकर बोलते हैं, तो उनकी बात को नजरअंदाज करना असंभव हो जाता है।

व्यापार समाचार प्रचार-प्रसार प्रकाशिकत
हेतु संपर्क करे : 9806044444

प्रतिदिन राजधानी

रायपुर, गुरूवार, 14 मई 2026

https://epaper. pratidinrajdhani.in

## यूडब्ल्यूए इंडिया ने सालाना स्कॉलरशिप देने का एक अहम ऐलान किया...

**रायपुर।** यूनिवर्सिटी ऑफ़ वेस्टर्न ऑस्ट्रेलिया (यूडब्ल्यूए) ने यूडब्ल्यूए इंडिया के जरिए एक अहम स्कॉलरशिप प्रोग्राम का ऐलान किया है। यह भारतीय बाजार में अपने आप में सबसे बड़ी और अहम पहलों में से एक है। इस पहल से यूडब्ल्यूए की उस लंबे समय से चली आ रही प्रतिबद्धता को और मजबूती मिलती है, जिसके तहत वह अलग-अलग एकेडमिक, सामाजिक-आर्थिक और क्षेत्रीय पृष्ठभूमि वाले होनहार स्टूडेंट्स के लिए विश्व स्तर पर मान्यता प्राप्त एजुकेशन को ज़्यादा आसानी से उपलब्ध बनाना चाहता है। प्रोफेसर अमित चकमा, वाइस-चांसलर, यूनिवर्सिटी ऑफ़ वेस्टर्न ऑस्ट्रेलिया ने कहा कि 'स्कॉलरशिप देने की यह अहम प्रतिबद्धता भारत के प्रति यूडब्ल्यूए की गहरी और अटूट निष्ठा को दिखाती है। हम विश्व स्तर पर मान्यता प्राप्त यूडब्ल्यूए शिक्षा तक पहुंच का विस्तार कर रहे हैं और यह सुनिश्चित कर रहे हैं कि आर्थिक तंगी किसी की भी महत्वाकांक्षाओं की राह में रोड़ा न बने। हमारा लक्ष्य पूरे भारत के प्रतिभाशाली छात्रों को सशक्त बनाना है, ताकि वे अपनी पूरी क्षमता का उपयोग कर सकें और वैश्विक स्तर पर करियर बनाने के लिए खुद को तैयार कर सकें।' यूडब्ल्यूए इंडिया के लिए आवेदन अब खुले हैं। मुंबई और चेन्नई में अपने कैंपस के साथ, यूडब्ल्यूए इंडिया स्टेम, बिजनेस और टेक्नोलॉजी के क्षेत्रों में अंडरग्रेजुएट और पोस्टग्रेजुएट प्रोग्राम की एक विस्तृत सीरीज पेश करेगा। ये प्रोग्राम ग्लोबल इंडस्ट्री की मांगों और भारत की बदलती कार्यबल की जरूरतों के अनुरूप होंगे। स्टूडेंट यूडब्ल्यूए की आधिकारिक वेबसाइट: https://www.uwa.edu.au/india पर जाकर प्रोग्राम के बारे में जानकारी ले सकते हैं और आवेदन कर सकते हैं। मुख्य रूप से ट्यूशन फ़ीस में छूट के रूप में दी जाने वाली यह मल्टी-स्ट्रीम स्कॉलरशिप योजना अकादमिक योग्यता, आर्थिक जरूरत, नेतृत्व क्षमता और क्षेत्रीय समावेश को महत्व देती है। साथ ही, यह भारतीय नियामक जरूरतों और यूडब्ल्यूए के वैश्विक मानकों के अनुरूप भी है। इस प्रोग्राम में मेरिट स्कॉलरशिप, ग्लोबल एक्सीलेंस स्कॉलरशिप्स, समानता और सीएसआर-समर्थित फ़ंडिंग, राज्य सरकारों द्वारा को-फंडेड अवसर (शुरुआत में महाराष्ट्र और तमिलनाडु में), और पूर्व स्टूडेंट्स द्वारा समर्थित स्कॉलरशिप शामिल हैं। बड़े पैमाने पर छात्रों को लाभ पहुंचाने और अकादमिक गुणवत्ता के बीच संतुलन बनाने के लिए डिजाइन किया गया यह प्रोग्राम, योग्य छात्रों को कई तरह की सहायता को आपस में जोड़ने की सुविधा देता है। इससे स्टूडेंट्स के सामने आने वाली आर्थिक बाधाएं काफी हद तक कम हो जाती हैं, जबकि उनकी अकादमिक उपलब्धियों का स्तर ऊंचा बना रहता है। सभी स्कॉलरशिप यूडब्ल्यूए की स्थापित नीतियों के तहत संचालित होंगी, और हर एडमिशन चक्र से पहले इनके लिए पात्रता के पारदर्शी मापदंड प्रकाशित किए जाएंगे।

# मोटोरोला ने भारत में लॉन्च किया अपना पहला फोल्डेबल स्मार्टफोन मोटोरोला रेजर फोल्ड

**नई दिल्ली।** मोबाइल टेक्नोलॉजी और इनोवेशन में दुनिया की अग्रणी कंपनी और भारत के नंबर 1 एआई स्मार्टफोन ब्रांड मोटोरोला ने आज अपना पहला फोल्डेबल स्मार्टफोन मोटोरोला रेज़र फोल्ड लॉन्च किया। यह फोन काम और मौज-मस्ती को नए अंदाज़ में पेश करता है और यूज़र्स बिना किसी रुकावट के काम कर सकते हैं, कुछ नया बना सकते हैं और एक साथ कई काम कर सकते हैं। इस डिवाइस में दुनिया का सबसे बेहतरीन फोल्डेबल कैमरा सिस्टम दिया गया है, जिसे इमेजिंग की बेहतरीन क्वालिटी के लिए डीएक्सओमार्क गोल्ड लेबल मिला है। इसमें दुनिया का एकमात्र ट्रिपल 50MP प्रो-ग्रेड फोल्डेबल कैमरा सिस्टम है, जो एडवांस्ड सोनी LYTIA™ 828 और सोनी LYTIA™ 600 कैमरे पर आधारित है और मोटो एआई से लैस है। यह फ्लैगशिप-स्तर की स्पष्टता, सिनेमाई डायनेमिक रेंज, एकदम असली रंग, तेज़ शेडो, कम ग्रेन, ब्लर-फ्री शॉट्स, पैंटोन™ वैलिडेटेड टू कलर्स और स्किनटोन सटीकता देता है। साथ ही मोटो एआई वीडियो




एन्हांसमेंट इंजन के साथ 8K डॉल्बी विजन0 रिकॉर्डिंग की सुविधा है, जिसमें इंडस्ट्री-फर्स्ट ड्यूल टोन मैपिंग इंजन है और सभी लेंस से 60fps तक 4K डॉल्बी विजन® रिकॉर्डिंग भी मिलती है। 6,000mAh सिलिकॉन-कार्बन बैटरी, 80W टर्बोपावर चार्जिंग और 50W वायरलेस चार्जिंग के साथ मोटोरोला रेज़र फोल्ड में शानदार 165H5 LTPO एक्सटर्नल डिस्प्ले और इमर्सिव 2K मेन डिस्प्ले भी है। स्नैपड्रैगन 8 जेन 5 प्रोसेसर से पावर्ड यह फोन एडवांस्ड ऑन-डिवाइस एआई प्रोसेसिंग से इमेजिंग को और भी बेहतर बनाता है। पैंटोनइ क्यूरेटेड रंगों में डायमंड पीके-इंस्पायर्ड फिनिश और साटिन लक्से-इंस्पायर्ड फिनिश तथा IP48 और IP49 ड्यूरेबिलिटी के साथ मोटोरोला रेज़र फोल्ड एक सच्चा प्रीमियम और बेजोड़ स्मार्टफोन अनुभव देता है। मोटोरोला रेज़र फोल्ड इमेजिंग में एक नया मानक स्थापित करता है। इसे इमेजिंग की बेहतरीन क्वालिटी के लिए डीएक्सओमार्क गोल्ड लेबल मिला है, जिसकी बुनियाद मोटो एआई से पावर्ड एडवांस्ड 50MP सोनी LYTIA™ 828 कैमरा और 8K डॉल्बी विजन® रिकॉर्डिंग है। यह सेंसर असाधारण स्पष्टता, बेहतर सिग्नल-टू-नॉइज़ परफॉर्मेंस, एडवांस्ड एआई नॉइज़ रिडक्शन से गहरे ब्लैक और सिनेमाई कंट्रास्ट तथा बेहतर हाइलाइट्स और गहरे शेडो के साथ शानदार फोटोग्राफी करता है। 3.5 डिग्री OIS स्टेबिलाइज़ेशन से फोटोग्राफी और वीडियोग्राफी बेहद स्थिर रहती है, जबकि मोटो एआई रियल टाइम में टेक्सचर, डायनेमिक रेंज और मोशन डिटेक्शन को बेहतर बनाता है।

# इंडस्ट्री से दोगुनी रफ्तार से बढ़ी श्रीराम जनरल इंश्योरेंस

**नई दिल्ली।** निजी क्षेत्र की अग्रणी बीमा कंपनी श्रीराम जनरल इंश्योरेंस ने वित्त वर्ष 2025-26 की चौथी तिमाही में शानदार प्रदर्शन दर्ज किया है। कंपनी का ग्रॉस डायरेक्ट प्रीमियम (जीडीपी) जनवरी-मार्च 2026 तिमाही में 21 फीसदी बढ़कर 1332 करोड़ रुपये पहुंच गया, जबकि पिछले वर्ष समान अवधि में यह 1099 करोड़ रुपये था। यह वृद्धि उद्योग की औसत 11 फीसदी ग्रोथ से काफी अधिक रही। कंपनी की ओर से जारी आंकड़ों के अनुसार पूरे वित्त वर्ष 2025-26 में जीडीपी 24 फीसदी बढ़कर 4636 करोड़ रुपये रहा, जबकि पिछले वित्त वर्ष में यह 3753 करोड़ रुपये था। उद्योग की 9 फीसदी वृद्धि की तुलना में कंपनी की ग्रोथ करीब ढाई गुना रही। शुद्ध मुनाफे में भी उल्लेखनीय बढ़ोतरी दर्ज की गई। चौथी तिमाही में कंपनी का नेट प्रॉफिट 28 फीसदी बढ़कर 167 करोड़ रुपये हो गया, जो पिछले वर्ष समान अवधि में 130 करोड़ रुपये था। वहीं पूरे वित्त वर्ष का कुल शुद्ध लाभ 17 फीसदी बढ़कर 601 करोड़ रुपये पहुंच गया। कंपनी बोर्ड ने 53 फीसदी अंतिम लाभांश को मंजूरी दी है, जिससे कुल लाभांश भुगतान 162 फीसदी हो गया है। कंपनी का मोटर इंश्योरेंस पोर्टफोलियो ग्रोथ का मुख्य आधार बना रहा।

चौथी तिमाही में मोटर सेगमेंट में 21.48 फीसदी वृद्धि दर्ज की गई, जबकि पूरे वित्त वर्ष में यह वृद्धि 23.43 फीसदी रही। हेल्थ इंश्योरेंस सेगमेंट में भी उल्लेखनीय तेजी देखने को मिली, जहां चौथी तिमाही में 524 फीसदी से अधिक की बढ़ोतरी दर्ज हुई। मार्च 2026 तक कंपनी का सॉल्वेंसी रेश्यो 2.95 रहा, जो नियामकीय मानक 1.50 से काफी बेहतर है। कंपनी ने वर्षभर में 19,221 नए फाइनेंशियल एडवाइजर जोड़े, जिससे कुल नेटवर्क बढ़कर 1.05 लाख से अधिक हो गया। वहीं ब्रांच नेटवर्क भी बढ़कर 289 तक पहुंच गया। कंपनी के एमडी एवं सीईओ अनिल अग्रवाल ने कहा कि प्रतिस्पर्धी माहौल के बावजूद कंपनी ने लगातार चौथे वर्ष उद्योग से बेहतर प्रदर्शन किया है।

## होंडा एनएक्स500 को अब अधिक स्मार्ट एडवेंचर टूरिंग के लिए ई-क्लच तकनीक से लैस किया गया है



**नई दिल्ली।** होंडा मोटरसाइकिल एंड स्कूटर इंडिया (एचएमएसआई) ने आज अपनी मिड-साइज़ एडवेंचर टूरिंग मोटरसाइकिल एनएक्स500 में होंडा ई-क्लच तकनीक को शामिल करने की घोषणा की। यह ई-क्लच सिस्टम स्टार्ट करने, गियर बदलने और रुकने के दौरान क्लच के जुड़ाव को अत्यंत सटीक इलेक्ट्रॉनिक नियंत्रण के माध्यम से संचालित करता है, जिससे मैनुअल क्लच ऑपरेशन की आवश्यकता काफी कम हो जाती है। साथ ही, राइडर किसी भी समय इस सिस्टम को ओवरराइड भी कर सकता है। भारत की व्यस्त शहर सड़कों से लेकर लंबे हाईवे सफर तक राइड करने वाले राइडर्स के लिए यह फीचर लगातार क्लच ऑपरेशन से होने वाली थकान को कम करने में मदद करता है। होंडा ई-क्लच इस प्रक्रिया को स्वत: नियंत्रित करता है, जिससे राइडर सड़क पर अधिक ध्यान केंद्रित रख सकता है, जबकि एनएक्स500 के लिए प्रसिद्ध 'हैंड्स-ऑन' राइडिंग अनुभव भी पूरी तरह बना रहता है। इस घोषणा पर होंडा मोटरसाइकिल एंड स्कूटर इंडिया के प्रेसिडेंट एवं सीईओ श्री त्सुत्सुमु ओटानी ने कहा: 'ई-क्लच तकनीक से सुसज्जित होंडा एनएक्स500 भारत में शहरी और टूरिंग दोनों परिस्थितियों में आराम और नियंत्रण को और बेहतर बनाती है। यह राइडर की थकान को कम करते हुए भी उस रोमांचक और हैंड्स-ऑन राइडिंग अनुभव को बनाए रखती है, जिसके लिए होंडा मोटरसाइकिलें जानी जाती हैं।' एनएक्स500 में 471cc का लिक्विड-कूल्ड, पैरेलल-ट्विन इंजन दिया गया है, जो 6-स्पीड ट्रांसमिशन के साथ आता है। इसे ऐसे ट्यून किया गया है कि यह लो और मिड-रेंज में मजबूत टॉर्क प्रदान करे, जबकि हाई आरपीएम पर स्मूद और लाइनियर पावर डिलीवरी दे जिससे यह शहर की राइडिंग और हाईवे टूरिंग दोनों के लिए उपयुक्त बनता है।

**बॉलीवुड समाचार**

## 'क्या कमाल है' को लेकर चर्चा में शरवरी वाघ



अपनी आगामी फिल्म 'क्या कमाल है' को लेकर अभिनेत्री शरवरी वाघ लगातार चर्चा में हैं। हाल ही में फिल्म का नया रोमांटिक गीत 'मस्कारा' रिलीज हुआ है, जिसने दर्शकों के बीच खास जगह बना ली है। इस गाने में शरवरी का अंदाज पुराने दौर की बॉलीवुड अभिनेत्रियों के रोमांस की याद दिला रहा है। अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर अभिनेत्री ने इस गाने की शूटिंग के दौरान के कुछ खास बीटीएस पल साझा किए। अभिनेत्री ने पोस्ट के जरिए निर्देशक इम्तियाज अली के साथ काम करने के अनुभव को बेहद खास बताया। उन्होंने लिखा कि शूटिंग के दौरान वह और इम्तियाज अली एक खास एहसास को 'किस-मिस यारा' कहा करते थे। शरवरी के अनुसार यह एक मजेदार शब्द है, जो पहली बार प्यार में पड़ने पर महसूस होने वाली मीठी, हल्की और गुदगुदाने वाली भावना को दर्शाता है। अभिनेत्री ने बताया कि फिल्म में उनका किरदार 'जिया' कई बार इसी तरह के भावनात्मक और मासूम एहसासों से गुजरता है। उन्होंने कहा कि गाने में उनका नटखट और शरारती अंदाज दर्शकों को काफी पसंद आ रहा है। शरवरी ने यह भी बताया कि इम्तियाज अली के साथ काम करना उनके लिए सीखने वाला अनुभव रहा। उन्होंने निर्देशक की तारीफ करते हुए कहा कि उन्होंने अभिनय की उन बारीकियों को समझने में मदद की, जिनके बारे में वह पहले खुद भी नहीं जानती थीं। शरवरी ने अपनी पोस्ट में लिखा कि उन्होंने इम्तियाज अली को देखकर भावनाओं को समझने और कहानी कहने की कला के बारे में बहुत कुछ सीखा है। उन्होंने निर्देशक का आभार जताते हुए कहा कि उन पर भरोसा करने और हर कदम पर मार्गदर्शन देने के लिए वह हमेशा उनकी शुक्रगुजार रहेंगी। 'मस्कारा' गाने में शरवरी का लुक बेहद क्लासी और आकर्षक रखा गया है। गाने की रोमांटिक धुन, खूबसूरत लोकेशंस और मासूम केमिस्ट्री ने सोशल मीडिया पर इसे तेजी से लोकप्रिय बना दिया है। इस गीत को वेदांग रैना और नीलांजना घोष दस्तीदार ने आवाज दी है।

## ईशान ने द रॉयल्स के एक साल पूरे होने पर किया यादों को ताजा



बीते साल ओटीटी सीरीज द रॉयल्स ने रिलीज होते ही युवाओं के बीच जबर्दस्त क्रेज बनाई थी। इस सीरीज को रिलीज हुए अब एक साल पूरा हो चुका है। अभिनेता ईशान खट्टर ने इस असवसर पर सोशल मीडिया पर एक भावुक पोस्ट किया। उन्होंने सीरीज से जुड़ी कई अनदेखी तस्वीरें और वीडियो साझा करते हुए शूटिंग के दिनों को याद किया। साथ ही उन्होंने फैंस के प्यार और समर्थन के लिए दिल से धन्यवाद भी कहा। ईशान खट्टर ने इंस्टाग्राम पर द रॉयल्स के सेट से जुड़े कई खास पल साझा किए। इन तस्वीरों और वीडियो में कलाकारों की मस्ती, शूटिंग के दौरान की मेहनत और पूरी टीम के बीच की शानदार दोस्ती साफ नजर आ रही है। इसके अलावा, इनमें शूटिंग के दौरान की तैयारियां, मुश्किल सीन्स और टीम के साथ बिताए गए इमोशनल पल भी इन झलकियों में शामिल हैं। पोस्ट के साथ ईशान ने कैप्शन में लिखा, द रॉयल्स को आज एक साल पूरा हो गया है और अब भी मुझे दर्शकों के ढेर सारे मैसेज और प्यार भरे नोट मिल रहे हैं। फैंस का यह प्यार मेरे लिए बहुत खास है और यही मुझे आगे और बेहतर काम करने की प्रेरणा देता है। आने वाले समय में दर्शकों को और भी रोमांचक चीजें देखने को मिल सकती हैं। द रॉयल्स साल 2025 में नेटफ्लिक्स पर रिलीज हुई थी। इस सीरीज में ईशान खट्टर के साथ भूमि पेडनेकर, जीनत अमान, साक्षी तंवर, नोरा फतेही, विहान समत, डिनो मोरिया और मिलिंद सोमन जैसे कलाकार नजर आए थे।

# हंसी का मजेदार तड़का है फिल्म 'पति पत्नी और वो 2'

## रिश्तों में गलतफहमियों और 'कॉमेडी ऑफ एरर्स' से मनोरंजन करती है फिल्म

शादीशुदा जिंदगी में अगर दोस्ती, शक और पुराने रिश्तों की एंट्री हो जाए, तो जिंदगी कितनी उलझ सकती है, यही दिखाने की कोशिश करती है फिल्म 'पति पत्नी और वो 2'।

### फिल्म की कहानी क्या है?

फिल्म की कहानी प्रयागराज में रहने वाले फॉरेस्ट ऑफिसर प्रजापति पांडे के इर्द-गिर्द घूमती है, जो अपने काम में माहिर हैं और विभाग में उनकी अच्छी साख है। उनकी पत्नी अपर्णा एक स्थानीय टीवी रिपोर्टर है, जबकि उनकी सहकर्मी और दोस्त नीलोफर उनके साथ वन विभाग में काम करती हैं। कहानी में मोड़ तब आता है, जब उनकी कॉलेज की पुरानी दोस्त चंचल अचानक उनकी जिंदगी में वापस लौटती है। चंचल अपने प्रेमी से शादी करना चाहती है और उसकी मदद करते-करते प्रजापति की अपनी शादीशुदा जिंदगी में उथल-पुथल मच जाती है। गलतफहमियों का ऐसा जाल बुनता है कि अपर्णा को प्रजापति और नीलोफर के बीच अफेयर का शक होने लगता है, वहीं




चंचल के प्रेमी को लगता है कि प्रजापति और चंचल के बीच कुछ चल रहा है। इन रिश्तों के उलझे धागों के बीच कॉमेडी और कन्फ्यूजन का तड़का फिल्म को आगे बढ़ाता है।

### स्टारकास्ट की एक्टिंग कैसी है?

अभिनय की बात करें, तो आयुष्मान खुराना ने प्रजापति पांडे के किरदार को बेहद सहज तरीके से निभाया है और उनका प्रदर्शन कहानी को मजबूती देता है। वामिका गब्बी अपने किरदार में ठीक लगती हैं, जबकि सारा अली खान का काम औसत कहा जा सकता है। हालांकि, रकुल प्रीत सिंह सबसे ज्यादा प्रभावित करती हैं; उन्होंने अपने अभिनय और कॉमिक टाइमिंग से फिल्म में जान डालने का काम किया है। वहीं आयशा रजा, तिग्मांशु धूलिया और विजय राज ने अपनी शानदार कॉमिक मौजूदगी और स्थानीय बोली पर अपनी पकड़ से कई दृश्यों को बेहद मजेदार बना दिया है।

### फिल्म का डायरेक्शन कैसा है?

निर्देशक मुदस्सर अजीज ने एक सामान्य सी कहानी को 'कॉमेडी ऑफ एरर्स' के अंदाज में पेश करने की कोशिश की है। फिल्म में कई जगह अनीस बज्मी और प्रियदर्शन की फिल्मों जैसी हलचल और भ्रम वाली कॉमेडी की झलक मिलती है। कहानी में बहुत कुछ नया या खास नहीं है, लेकिन कुछ अच्छे मोड़, कलाकारों का सधा हुआ अभिनय और रिश्तों का उलझा खेल दर्शकों को बांधे रखता है। हालांकि, कुछ दृश्य जरूरत से ज्यादा लंबे लगते हैं और कई कॉमेडी पंच उतना असर नहीं छोड़ पाते, जितनी उनसे उम्मीद की गई थी।

### फिल्म का म्यूजिक कैसा है?


संगीत की बात करें, तो फिल्म में पंजाबी रंग थोड़ा ज्यादा महसूस होता है, जो उत्तर प्रदेश की पृष्ठभूमि वाली कहानी में थोड़ा खटकता है। हालांकि, फिल्म 'तेरे नाम' का गाना 'क्यों किसी को वफा के बदले' और फिल्म 'तेजाब' के 'कह दो कि तुम' जैसे गानों का इस्तेमाल कहानी की परिस्थितियों के हिसाब से बेहतर तरीके से किया गया है। लेकिन कई जगह गानों की अधिक लंबाई फिल्म की रफ्तार को धीमा कर देती है।

### फाइनल वर्डिक्ट, देखें या नहीं?

**कुल मिलाकर 'पति पत्नी और वो 2' ऐसी फिल्म है, जो दिमाग पर ज्यादा जोर नहीं डालती, लेकिन रिश्तों की गलतफहमी और हल्के-फुल्के हास्य के सहारे मनोरंजन करने में काफी हद तक सफल रहती है। अगर आपको उलझनों वाली पारिवारिक कॉमेडी फिल्में पसंद हैं, तो यह फिल्म एक बार जरूर देखी जा सकती है।**

# 14 मई को रिलीज होगी तृषा कृष्णन की करुप्पु

तमिल सिनेमा की अभिनेत्री तृषा कृष्णन बहुप्रतीक्षित फिल्म करुप्पु का धमाकेदार ट्रेलर जारी किया गया। इस फिल्म में अभिनेता सूर्या मुख्य भूमिका में हैं, जबकि आरजे बालाजी ने न केवल इसका निर्देशन किया है, बल्कि खलनायक के किरदार में भी नज़र आएंगे। फिल्म 14 मई को सिनेमाघरों में दस्तक देने के लिए तैयार है। करुप्पु एक एक्शन से भरपूर कोर्टरूम ड्रामा है, जो एक लंबे समय से लंबित और उपेक्षित पड़े मामले पर आधारित है। ट्रेलर में कानूनी लड़ाई, तीव्र संवाद और दमदार एक्शन दृश्यों का मिश्रण देखने को मिलता है, जो दर्शकों को न्याय और प्रतिशोध के गहन विषय से रूबरू कराएगा। फिल्म का निर्देशन आरजे बालाजी ने बड़ी कुशलता से किया है, जिन्होंने कहानी को दिलचस्प



बनाने के लिए हर पहलू पर ध्यान दिया है। ट्रेलर करुप्पु में सूर्या को दो भिन्न और प्रभावशाली अवतारों में प्रस्तुत करता है। एक तरफ वह अदालत के भीतर अपनी बात को मजबूती से रखते हुए वकील की भूमिका में दिखते हैं, तो दूसरी तरफ वह सड़कों पर न्याय के लिए संघर्ष करते हुए नजर आते हैं। वह एक ऐसे मामले को अपने हाथों में लेते हैं जिसे वर्षों से अनदेखा किया जा रहा था। उनका किरदार कानूनी पेचीदगियों से जूझने के साथ-साथ शारीरिक टकरावों में भी शामिल होता है, जो फिल्म की गहनता और रोमांच को दर्शाता है। यह दर्शाता है कि न्याय की लड़ाई सिर्फ कोर्टरूम तक सीमित नहीं है, बल्कि उसके बाहर भी एक अलग तरह का संघर्ष जारी है। फिल्म की कहानी एक गंभीर पृष्ठभूमि के साथ शुरू होती है, जहाँ एक वृद्ध व्यक्ति और उसकी पोती न्याय की उम्मीद में बार-बार अदालत के चक्कर लगाते हैं, लेकिन उनके मामले को कभी गंभीरता से नहीं लिया जाता। तृषा कृष्णन भी एक वकील की सशक्त भूमिका में हैं, जो उनकी मदद करने की कोशिश करती हैं। हालांकि, उन्हें डिफेंस काउंसिल यानी आरजे बालाजी से कड़ी प्रतिस्पर्धा का सामना करना पड़ता है, जो अपने किरदार में पूरी तरह से खलनायक के रंग में रंगे हुए दिखते हैं। उनका टकराव फिल्म के ड्रामा को और बढ़ाता है। जैसे-जैसे कहानी आगे बढ़ती है, सूर्या का किरदार करुप्पु इसमें प्रवेश करता है। वह इस अनदेखे मामले को आगे बढ़ाने के लिए पूरी तरह से दृढ़ और आश्वस्त दिखाई देता है।

## साउथ एक्टर दिलीप राज का हार्ट अटैक से निधन
### 47 साल के एक्टर को गोवा ट्रिप में सीने में दर्द उठा

साउथ के पॉपुलर एक्टर दिलीप राज का निधन हो गया है। 47 साल के एक्टर के निधन का कारण कार्डियक अरेस्ट बताया जा रहा है। एक्टर को बेंगलुरु स्थित घर में सुबह सीने में तेज दर्द उठा था। परिवार द्वारा उन्हें नजदीकी अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टर्स ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। रिपोर्ट के अनुसार, कुछ दिनों पहले ही दिलीप राज गोवा ट्रिप पर गए थे। ट्रिप में बार-बार एक्टर के सीने में दर्द उठा था। तब उन्होंने इसे गंभीरता से नहीं लिया। वो घर लौटकर टेस्ट करवाने वाले थे। लेकिन इससे पहले ही एक्टर का निध हो गया। एक्टर के निधन की खबर मिलने के बाद उनके साथ फिल्म मॉकटेल 3 में नजर आ



चुकीं एक्ट्रेस श्वेता प्रसाद ने सोशल मीडिया के जरिए उन्हें श्रद्धांजलि दी है। उन्होंने लिखा, 'दिलीप राज के निधन की चौंकाने वाली खबर सुनकर नींद खुली। अब भी यकीन करना बहुत मुश्किल है। हमारी हर बातचीत उनकी पत्नी और दोनों के एक-दूसरे के लिए प्यार के बारे में ही होती थी।' बता दें कि दिलीप राज की दो बेटियां भी हैं। 2 सितंबर 1978 में दिलीप राज का जन्म बेंगलुरु में हुआ था। डांस में रुचि होने के चलते वो कॉलेज के दिनों में ही डांस ग्रुप का हिस्सा बन गए। आगे उन्होंने बतौर सपोर्टिंग एक्टर कन्नड़ सिनेमा में काम करना शुरू किया और फिर टीवी इंडस्ट्री से जुड़े।

# पुलिस का किरदार निभाने से साफ मना कर दिया था सैफ अली को

बॉलीवुड की अपकमिंग फिल्म 'कर्तव्य' के ट्रेलर लॉन्च के दौरान अभिनेता सैफ अली खान ने अपने करियर के शुरुआती दिनों से जुड़ा एक दिलचस्प किस्सा साझा किया। उन्होंने बताया कि एक समय ऐसा भी था जब एक निर्देशक ने उन्हें पुलिस अधिकारी का किरदार निभाने से साफ मना कर दिया था। निर्देशक को लगता था कि सैफ के व्यक्तित्व में उस तरह की गंभीरता और दबदबा नहीं है। सैफ अली खान ने कहा कि उन्हें आज भी वह पल अच्छी तरह याद है, जब उन्होंने पहली बार फिल्म 'मैं खिलाड़ी तू अनाड़ी' के लिए पुलिस की वर्दी पहनी थी। उस समय फिल्म में अक्षय कुमार पुलिस अधिकारी की भूमिका निभा रहे थे, जबकि सैफ एक अलग किरदार में नजर आए थे। अभिनेता ने बताया कि उस दौर में वह फिल्म इंडस्ट्री को समझने और अभिनय की बारीकियां सीखने की कोशिश कर रहे थे। उन्होंने बताया कि फिल्म के निर्देशक ने उनसे कहा था कि वह कभी भी गंभीरता से पुलिस वाले का किरदार निभाने की कोशिश न करें, क्योंकि उनके अंदर वैसी सख्ती और प्रभाव नहीं दिखाई देता। निर्देशक का



मानना था कि यदि सैफ पुलिस अधिकारी की भूमिका निभाएंगे तो वह गंभीर कम और कॉमिक ज्यादा लगेगा। सैफ ने कहा कि उस समय यह बात सुनना उनके लिए चौंकाने वाला जरूर था, लेकिन उन्होंने इसे आलोचना नहीं बल्कि सीख की तरह लिया। अभिनेता ने कहा कि समय के साथ लगातार मेहनत, अभ्यास और अनुभव इंसान को बेहतर बनाते हैं। उन्होंने माना कि अभिनय में चुनौतियां और दबाव जरूरी होते हैं, क्योंकि बिना दबाव के काम में रोमांच नहीं रहता। सैफ के मुताबिक फिल्मों की शूटिंग के दौरान हर दिन अलग होता है। कभी कोई दिन बेहद कठिन होता है, तो कभी काम आसान और संतुलित लगता है। यही उतार-चढ़ाव कलाकार को आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करते हैं। जब उनसे पूछा गया कि उनके लिए रोमांटिक-कॉमेडी फिल्में करना ज्यादा आसान है या 'कर्तव्य' जैसे गंभीर किरदार निभाना, तो सैफ ने बड़ी ईमानदारी से जवाब दिया। उन्होंने कहा कि शहरी माहौल में पले-बढ़े होने की वजह से रोमांटिक-कॉमेडी फिल्मों से वह खुद को ज्यादा जुड़ा हुआ महसूस करते हैं। सैफ ने कहा कि ऐसी फिल्मों में वह कहीं न कहीं खुद का ही एक हिस्सा निभाते नजर आते हैं। उन्होंने बताया कि परिवार, बच्चों की परवरिश, स्कूल और निजी जिंदगी की जिम्मेदारियां जैसी बातें उनकी असल जिंदगी का हिस्सा हैं।

# माओवादियों के पुराने ठिकानों / डंपों से भारी मात्रा में कैश एवं हथियार गोला-बारूद, विस्फोटक सामग्री एवं दैनिक उपयोग की वस्तुएं बरामद

**बीजापुर, प्रतिदिन राजधानी**



बीजापुर पुलिस, डीआरजी, एसटीएफ, कोबरा एवं केरिपु बल की संयुक्त कार्यवाही

सुरक्षा बलों की कार्यवाही में ?65.52 लाख कैश बरामद किया गया, सुरक्षा बलों के द्वारा अब तक की कुल कार्यवाही में 7.2852 करोड़ नकद एवं 08.20 किलोग्राम सोना (मूल्य 12.80 करोड़) सहित कुल ?20 करोड़ 08 लाख 52 हजार की संपत्ति बरामद की गई है।

बीजापुर क्षेत्र में विगत एक माह से लगातार चलाए जा रहे सर्च अभियानों के परिणामस्वरूप पूर्व माओवादी ठिकानों/डंपों से LMG, SLR, Carbine रायफल सहित 32 हथियार एवं नक्सल संबंधी सामग्री बरामद की गई है, वहीं वर्ष 2024 से अब तक सुरक्षा बलों की कार्यवाही में अब तक कुल 517 हथियार बरामद किए जा चुके हैं।

पुलिस अधीक्षक डॉ. जितेन्द्र कुमार यादव ने जानकारी दी कि भारत सरकार एवं छत्तीसगढ़ शासन की मंशानुसार जिला बीजापुर को नक्सलमुक्त घोषित करने के लक्ष्य के अनुरूप जिले में विशेष नक्सल उन्मूलन अभियान निरंतर संचालित किया जा रहा है। इसी परिप्रेक्ष्य में विगत एक माह से जिला बीजापुर पुलिस, डीआरजी, कोबरा एवं सीआरपीएफ के संयुक्त दलों द्वारा सुदूर एवं अतिसंवेदनशील क्षेत्रों में सघन सर्चिंग एवं एरिया डोमिनेशन अभियान चलाया गया। ग्रामीणों के सक्रिय सहयोग एवं सुदृढ़ आसूचना तंत्र के माध्यम से विभिन्न स्थानों पर नक्सलियों द्वारा जंगलों में छिपाकर रखे गए डम्प का पता लगाया गया, जिस पर सुरक्षा बलों द्वारा प्रभावी कार्यवाही करते हुए भारी मात्रा में हथियार, विस्फोटक सामग्री एवं दैनिक उपयोग की सामग्री बरामद की गई। आज की कार्रवाई के उपरांत वर्ष 2025-26 में जिले में कुल 461 हथियारों की रिकवरी की जा चुकी है। यह आँकड़ा दर्शाता है कि क्षेत्र में विश्वास, शांति एवं विकास की प्रक्रिया निरंतर गति पकड़ रही है।

? जिला बीजापुर में तैनात सुरक्षा बलों को ग्रामीणों के सहयोग एवं मजबूत आसूचना तंत्र के आधार पर संचालित संयुक्त कार्यवाही में आज उल्लेखनीय एवं निर्णायक सफलता प्राप्त हुई है। अभियान के दौरान विभिन्न प्रकार के 32 घातक हथियार तथा बड़ी मात्रा में जिंदा राउंड (गोला-बारूद) बरामद किए गए। यह कार्यवाही बीजापुर पुलिस, डीआरजी, एसटीएफ, कोबरा एवं सीआरपीएफ के संयुक्त प्रयासों से सफलतापूर्वक संपन्न की गई, जो क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ करने तथा नक्सल गतिविधियों पर प्रभावी नियंत्रण स्थापित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। संयुक्त कार्यवाही में कुल ?65,52,000/- नगद राशि के साथ एलएमजी, एसएलआर, कार्बाइन, .303 रायफल एवं उनके कारतूस बरामद किए गए हैं ।

संयुक्त बलों की कार्यवाही के दौरान विगत दिनों थाना पामेड़ क्षेत्रांतर्गत कवरगुट्टा के जंगलों में माओवादी डम्प से बरामद लगभग 40 किलोग्राम अमोनियम नाइट्रेट एवं नेशनल पार्क एरिया से बरामद 100 किलोग्राम अमोनियम नाइट्रेट एवं यूरिया को सुरक्षा मानकों का पालन करते हुए नष्ट किया गया।

? उक्त कार्यवाही से नक्सलियों की लॉजिस्टिक सप्लाई, हथियार आपूर्ति तंत्र एवं आईईडी निर्माण क्षमता को गंभीर रूप से क्षति पहुँची है। यह सफलता नक्सल उन्मूलन अभियान के तहत सुरक्षा बलों के लिए एक महत्वपूर्ण उपलब्धि मानी जा रही है। जिला पुलिस बीजापुर द्वारा भविष्य में भी इसी प्रकार के सघन एवं प्रभावी अभियान लगातार जारी रखे जाएंगे।

? शासन की मंशानुसार पुलिस, डीआरजी एवं केंद्रीय सुरक्षा बलों की संयुक्त कार्रवाई, सतत मुस्तैदी एवं समन्वित अभियान के परिणामस्वरूप जिला बीजापुर निरंतर नक्सलमुक्ति की ओर अग्रसर है । मारे गए नक्सलियों द्वारा बीजापुर क्षेत्र के जंगलों एवं दुर्गम इलाकों में हथियार, विस्फोटक सामग्री तथा दैनिक उपयोग की वस्तुएं छिपाकर रखे जाने की संभावना है।

? आम जनता एवं ग्रामीणजनों से अपील है कि वे सुरक्षा बलों का सहयोग करते हुए किसी भी प्रकार की संदिग्ध सामग्री, विस्फोटक वस्तु अथवा संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल पुलिस एवं केंद्रीय सुरक्षा बलों को दें, ताकि समय रहते आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित की जा सके।

? विगत एक महिना में आत्मसमर्पित माओवादी कैडरों से पूछताछ, अन्य आसूचना इनपुट तथा स्थानीय जनसमुदाय के सहयोग के आधार पर रिकवर किये गए हथियार, गोला-बारूद, इलेक्ट्रॉनिक्स, आईईडी के पुर्ज़े, लॉन्चर एवं अन्य सामग्रियों की संक्षिप्त जानकारी :

1. LMG रायफल - 01 नग
2. SLR रायफल - 04 नग
3. CORBINE रायफल -01 नग
4. 303 रायफल - 05 नग
5. 315 रायफल - 01 नग
6. Single Shot- 05 नग
7. 12 bore - 04 नग
8. BGL लांचर- 07 नग
9. 08 MM पिस्टल- 01 नग
10. VINTAGE BOLT ACTION -01 नग
11. BOLT ACTION- 02 नग,12. LMG मैग्जीन-01नग
13. LMG बैरल- 01 नग
14. SLR रायफल का मैग्जीन - 05 नग , 15. .303 रायफल मैग्जीन- 03 नग ,
16. AK47 रायफल का जिंदा कारतूस - 33 नग
17. SLR रायफल का जिंदा कारतूस - 219 नग
18. INSAS रायफल का जिंदा कारतू- 01 नग
19. 303 रायफल का जिंदा कारतूस - 181 नग
20. 315 रायफल का जिंदा कारतूस - 118 नग
21. पिस्टल जिंदा कारतूस 16 नग
22. 12 बोर का जिंदा कारतूस - 10 नग
23. बीजीएल सेल - 84 नग

इसके अलावा विस्फोटक, उपकरण, टूल्स, मशीन उपकरण एवं दैनिक उपयोग की सामग्री बरामद किया गया है ।

वर्ष 2024 से अब तक सुरक्षा बलों की संयुक्त कार्यवाही में 234 माओवादी मारे गये, 1192 गिरफ्तार एवं 1003 पुनर्वासित हुए, साथ ही 517 हथियार, 1092 आईईडी तथा कुल ?20.0852 करोड़ (?7.2852 करोड़ नकद एवं 08.20 किलोग्राम सोना मूल्य ?12.80 करोड़) बरामद किया गया ।

## कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

**-:: निविदा आमंत्रण सूचना ::-**

क्रमांक 08/लो.क.वि./न.पा.नि./जोन क्र.-02/2026 रायपुर, दिनांक 11/05/2026

नगर पालिक निगम, रायपुर द्वारा निम्न प्रस्तावित कार्य हेतु सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से दो लिफाफा पद्धति में कम/अधिक दर एस.ओ.आर. में लिफाफा ''अ'' में सीलबंद निविदायें तथा लिफाफा ''ब'' में एफ.डी.आर. आमंत्रित की जाती है। इस हेतु कोरा निविदा प्रपत्र दिनांक 27.05.2026 को संध्या 4.00 बजे तक निर्धारित राशि जमा कर प्राप्त की जा सकती है। निविदा प्रपत्र दिनांक 01.06.2026 को संध्या 4.00 बजे तक पंजीकृत डाक से जोन क्रमांक -02 में जमा किया जाएगा। प्राप्त समस्त निविदायें उसी दिवस को संध्या 5.00 बजे उपस्थित निविदाकारों अथवा उनके अधिकृत प्रतिनिधियों के समक्ष खोली जावेगी। निर्धारित अवधि में यदि किसी दिन अवकाश होता है तो उल्लेखित कार्यवाही अगले कार्य दिवस पर सम्पन्न की जावेगी।

कार्य का विवरण निम्नानुसार है:-

| क्र. | कार्य का विवरण | आगणित राशि रू. (लाख में) | अमानती राशि | समयावधि | मद का नाम |
|---|---|---|---|---|---|
| 01 | रमण मंदिर वार्ड क. 14 अंतर्गत सोनी भवन से लक्ष्मी निवास होते हुए चुनाभट्टी नाला तक आर.सी.सी. ड्रेन कव्हर का निर्माण कार्य। | 9.97 | 10000.00 | 03 माह | सामान्य मद |
| 02 | रमण मंदिर वार्ड क्र. 14 अंतर्गत खारून रेल विहार कालोनी में हनुमान मंदिर के पास आर.सी.सी. नाला निर्माण कार्य। | 9.90 | 10000.00 | 03 माह | सामान्य मद |
| 03 | जोन क्र. 02 अंतर्गत जनगणना 2027 हेतु 07 वार्डों के मकान में नम्बरिंग कार्य। | 6.39 | 7000.00 | 01 माह | जनगणना |
| 04 | रमण मंदिर वार्ड क्र. 14 अंतर्गत नहरपारा के विभिन्न स्थानों में कवर्ड ड्रेन एवं रोड निर्माण कार्य। | 5.00 | 5000.00 | 02 माह | पार्षद निधि |
| 05 | इंदिरा गांधी वार्ड क्र. 27 अंतर्गत आने वाले सीटीयू का संधारण मरम्मत कार्य। | 2.90 | 3000.00 | 01 माह | संधारण मद |
| 06 | हवलदार अब्दुल हमीद वार्ड क्र. 35 मौदहापारा सामुदायिक भवन में इलेक्ट्रिकल एवं प्लम्बरिंग मरम्मत कार्य एवं टायलेट मरम्मत कार्य। | 2.64 | 3000.00 | 01 माह | संधारण मद |
| 07 | जोन क्र. 02 अंतर्गत मेकाहारा स्थित ई टॉयलेट में पानी की आपूर्ति हेतु बोरवेल खनन सह पावर पंप स्थापना कार्य। | 2.24 | 3000.00 | 01 माह | संधारण मद |
| 08 | राजीव गांधी वार्ड क्र. 13 अंतर्गत फोकट पारा में पाईप लाईन मरम्मत सह इंटरकनेक्शन का कार्य। | 1.96 | 2000.00 | 01 माह | संधारण मद |
| 09 | दानवीर भामाशाह वार्ड क्र. 26 के तुलसी नगर में जल संकट निराकरण हेतु 3 इंच जीआई पाईप संधारण कार्य। | 1.94 | 2000.00 | 01 माह | संधारण मद |
| 10 | वीरांगना अवंति बाई वार्ड क्र. 06 के बाल्मिकी नगर बस्ती के पानी/पेयजल समस्या के निराकरण हेतु 3 इंच जी आई पाईप डालकर इंटरकनेक्शन करने एवं संधारण कार्य। | 1.75 | 2000.00 | 01 माह | संधारण मद |

1. निविदा संबंधी अन्य शर्ते एवं जानकारियाँ जोन क्र. 02 कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर, शहीद स्मारक स्कूल परिसर, बीएसएनएल ऑफिस के पास, के.के. रोड, रायपुर से कार्यालय अवधि/दिवस में प्राप्त की जा सकती है।

जोन आयुक्त
जोन क्रमांक-02
नगर पालिक निगम, रायपुर

घरों से निकलने वाले गीला और सूखा कचरे को सफाई मित्र (वाहन) को देवें

दैनिक
प्रतिदिन राजधानी
आम आदमी का खास अखबार
के 25 वर्ष पूर्ण होने पर
आकर्षक ऑफर कम दर में
क्लासीफाईड विज्ञापन
प्रकाशित करें
पब्लिक नोटिस
आम सूचना
कोर्ट नोटिस
खरीदी बिक्री
आवश्यकता
अखबार पढ़ने के लिए स्केन करे :-
VISIT US ON SCAN
संपर्क करें:-
शारदा चौक, रायपुर ( छ.ग. )
9806044444
pratidincg@gmail.com
https://epaper.pratidinrajdhani.in

विज्ञापन एजेंसियां

मीतनिशा एडवरटाइजिंग
23, तीसरा माला रियो काम्पलेक्स, फ्रुट मार्केट के सामने लालपुर, रायपुर ( छ.ग. ) मो. 98271-46567,93298-46567

ए.के. एडवरटाइजर्स
चिमन प्लाजा, लिबाज टेलर के बाजू तात्यापारा, रायपुर
मो. 9826145558, 07714028271

प्रेम प्रकाश मध्यानी एड एजेंसी
लक्ष्मी ड्रेसेस - कपूर होटल के सामने, श्याम नगर, रायपुर
मो. 93294-07988

एम्बेसी कारपोरेट प्रमोशन
13-14 तीसरा माला अशोका मिलेनियम, राजेन्द्र नगर रिंग नं.1, रायपुर, मो. 99811-30300

खन्ना एडवरटाइजर्स
ए-5/2, शंकरनगर सेक्टर- I, केनरा बैंक वाली गली, रायपुर
मो. 98271-44343, 93001-60001 2524032

शिवम् पब्लिसिटी
नत्थानी बिल्डिंग बूढ़ापारा, रायपुर
फोन नं. 2539968, मो.-93291-00263

राजेश पब्लिसिटी
समता कॉलोनी, कृष्णा टॉकीज के पास, रायपुर
फोन नं. 4043063, मो-94252-08899, 99263-08899

प्रयास एडवरटाइजर्स
ग्राउंड फ्लोर 13, सत्य सांई प्लाजा, लेडिकल हॉस्पिटल, पुराना बस स्टैंड के पास, शिव टाकीज रोड बिलासपुर, रायपुर, द्वितीय तल श्याम प्लाजा, पंडरी शाप
मो. 98267-01259, 62642-74844

माँ एड एजेंसी
ग्राउण्ड फ्लोर, मंजीत टॉवर, रायपुरा चौक के पास, रायपुर
Website: www.maaadagency.com
मो. 78691-87165

# आंदोलन का असर: 8 करोड़ किसानों के खातों में जमा

**सूरजपुर, प्रतिदिन राजधानी**

मां महामाया शक्कर कारखाना केरता से जुड़े गन्ना किसानों एवं मजदूरों के लंबे समय से लंबित भुगतान को लेकर चल रहा आंदोलन अब असर दिखाने लगा है। किसानों की लगातार नाराजगी, धरना-प्रदर्शन और तालाबंदी की चेतावनी के बाद आखिरकार शासन हरकत में आया है। मंगलवार को किसानों की करीब 16 करोड़ रुपये की बकाया राशि में से 8 करोड़ रुपये किसानों के खातों में जमा करा दिए गए हैं, जबकि शेष राशि भी शीघ्र जारी किए जाने की बात कही गई है। इसकी जानकारी जिला पंचायत सदस्य क्षेत्र क्रमांक 11 सुरेश कुमार आयाम ने मीडिया को दी।

गौरतलब है कि विगत 8 अप्रैल को जिला पंचायत सदस्य सुरेश आयाम एवं गन्ना किसानों के प्रतिनिधिमंडल द्वारा जिला प्रशासन को ज्ञापन सौंपकर मांग की गई थी कि 15 दिनों के भीतर गन्ना किसानों एवं मजदूरों की लंबित राशि का भुगतान सुनिश्चित किया जाए। साथ ही कारखाने में किसानों का अध्यक्ष निर्वाचित कराने की मांग भी उठाई गई थी।

ज्ञापन में स्पष्ट चेतावनी दी गई थी कि यदि



समय सीमा के भीतर भुगतान नहीं हुआ तो किसान आंदोलन के लिए बाध्य होंगे। बावजूद इसके जब शासन और प्रशासन की ओर से कोई ठोस पहल नहीं हुई, तब पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार 27 अप्रैल 2026 को मां महामाया शक्कर कारखाना केरता में किसानों ने ताला बंदी कर दी और नागरिक आपूर्ति निगम द्वारा शक्कर उठाव पर भी रोक लगा दी गई। इस आंदोलन का नेतृत्व जिला पंचायत सदस्य सुरेश आयाम ने किया, जिसमें बड़ी संख्या में गन्ना किसान, मजदूर और कांग्रेस कार्यकर्ता शामिल हुए। आंदोलन के दौरान किसानों ने साफ कहा था कि कई महीनों से भुगतान नहीं होने के कारण उनकी आर्थिक स्थिति लगातार बिगड़ती जा रही है। मजदूरों के सामने रोजी-रोटी का संकट खड़ा हो गया था, वहीं किसान कर्ज और खेती के खर्च को लेकर परेशान थे। आंदोलन को जिला कांग्रेस कमेटी सूरजपुर का भी खुला समर्थन मिला। इस दौरान जिला कांग्रेस अध्यक्ष शशि सिंह, किसान कांग्रेस अध्यक्ष विमलेश दत्त तिवारी, जिला उपाध्यक्ष अनिल गुप्ता, कारखाना के पूर्व अध्यक्ष विद्यासागर सिंह आयाम, ओबीसी प्रदेश महामंत्री नवीन जायसवाल सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि एवं किसान मौजूद रहे। जिला पंचायत सदस्य सुरेश आयाम ने कहा कि किसानों और मजदूरों की एकजुटता तथा आंदोलन के दबाव के कारण शासन को निर्णय लेने के लिए मजबूर होना पड़ा।

# मुआवजे की राशि देने से इंकार पर मां की हत्या, आरोपी बेटा गिरफ्तार

**सूरजपुर, प्रतिदिन राजधानी**

जयनगर थाना क्षेत्र के लटोरी चौकी के ग्राम गजाधरपुर में मां की हत्या करने वाले आरोपी बेटे को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी ने मसाला पीसने वाले पत्थर के लोढ़े से सिर पर वार कर अपनी मां की हत्या कर दी थी।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार गत 10 मई को ग्राम गजाधरपुर निवासी फुलेन बाई पति स्वर्गीय ईश्वर प्रसाद चेरवा (50 वर्ष) को उसके पुत्र डिगम्बर प्रसाद चेरवा ने मसाला पीसने वाले पत्थर के लोढ़े से सिर पर हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया था। परिजनों द्वारा महिला को मेडिकल कॉलेज अस्पताल अंबिकापुर में भर्ती कराया गया, जहां उपचार के दौरान उसी दिन शाम करीब 7 बजे उसकी मौत हो गई।

मामले की सूचना पर लटोरी पुलिस ने मर्ग



कायम कर आरोपी पुत्र के खिलाफ बीएनएस की धारा 103(1) के तहत मामला दर्ज कर एफएसएल टीम के साथ घटनास्थल का निरीक्षण कर साक्ष्य जुटाए । जांच के दौरान आरोपी डिगम्बर प्रसाद चेरवा निवासी गजाधरपुर चौकी लटोरी थाना जयनगर को मंगलवार को गिरफ्तार कर पुलिस ने घटना में प्रयुक्त मसाला पीसने वाला लोढ़ा भी जब्त कर आरोपी को न्यायिक रिमांड पर न्यायालय सूरजपुर में पेश किया गया। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि उसके पिता की पिछले वर्ष कुएं में गिरने से मृत्यु हो गई थी, जिसके मुआवजे की राशि उसकी मां को मिलने वाली थी। आरोपी ने पूर्व में मां से मुआवजे में हिस्सा मांगा था, लेकिन मां द्वारा इंकार करने पर दोनों के बीच विवाद चल रहा था। घटना वाले दिन आरोपी ने मां से खाना मांगा था, जिस पर मां ने स्वयं निकालकर खाने की बात कही।

# अमन ओझा हत्याकांड की निष्पक्ष जांच की मांग

**अंबिकापुर, प्रतिदिन राजधानी**

मिशन चौक निवासी और टुन-टुन दाबेली संचालक अमन ओझा की संदिग्ध मौत के मामले में निष्पक्ष जांच और जिम्मेदार पुलिस अधिकारियों पर कार्रवाई की मांग तेज हो गई है। नगर निगम अंबिकापुर के पार्षद आलोक दुबे ने सरगुजा रेंज के पुलिस महानिरीक्षक दीपक झा को ज्ञापन सौंपकर पूरे मामले की उच्चस्तरीय जांच कराने की मांग की है। ज्ञापन में आलोक दुबे ने कहा है कि अमन ओझा की झारखंड के गढ़वा जिले में संदिग्ध परिस्थितियों में लाश मिलने से हत्या की आशंका प्रबल हो गई है। उन्होंने आरोप लगाया कि घटना से तीन-चार दिन पहले अमन ओझा ने सोशल मीडिया पर वीडियो जारी कर अपनी जान को खतरा बताया था। वीडियो में उसने आरोप लगाया था कि उसकी पत्नी और बच्चे को जय स्तंभ चौक निवासी एक युवक बहला-फुसलाकर अपने साथ ले गया है। इस संबंध में उसने अप्रैल 2026 में कोतवाली थाना अंबिकापुर और



कलेक्टर जनदर्शन में शिकायत भी की थी।

ज्ञापन में कहा गया है कि शिकायत में संबंधित लोगों के नाम और मोबाइल नंबर देने के बावजूद पुलिस ने मामले को गंभीरता से नहीं लिया। न तो उसकी पत्नी और बच्चे की तलाश की गई और न ही आरोपित युवक से पूछताछ की गई। पार्षद ने इसे पुलिस की गंभीर लापरवाही बताते हुए साइबर सेल, नगर पुलिस अधीक्षक, गांधीनगर थाना और कोतवाली थाना की भूमिका पर सवाल उठाए हैं।

# बिजली व्यवस्था सुधार पर महापौर ने ली बैठक, अंडरग्राउंड विद्युतीकरण व नए उपकेंद्रों पर जोर

**अंबिकापुर, प्रतिदिन राजधानी**

शहर की विद्युत व्यवस्था को बेहतर बनाने और लगातार हो रही समस्याओं के समाधान के लिए मंगलवार को अंबिकापुर महापौर मंजूषा भगत ने विद्युत विभाग के अधिकारियों की बैठक ली। बैठक में नए विद्युत पोल लगाने, क्षतिग्रस्त पोल व केबल बदलने, ट्रांसफार्मर और पोल शिफ्टिंग सहित विभिन्न मुद्दों पर विस्तृत चर्चा की गई।



बैठक में बताया गया कि गांधी चौक से महामाया चौक, सदर रोड और देवीगंज रोड तक अंडरग्राउंड विद्युतीकरण कार्य कराया जाएगा। इसके तहत इन मार्गों से बिजली के खंभे और ट्रांसफार्मर हटाए जाएंगे। महापौर ने मुख्यमंत्री विद्युतीकरण योजना के तहत नई बसाहट वाली कॉलोनियों और बस्तियों में नए खंभों के साथ विद्युतीकरण कार्य शीघ्र पूरा करने के निर्देश दिए।

महापौर ने लंबे समय से बंद पड़ी स्ट्रीट लाइटों को चालू करने के लिए क्षतिग्रस्त केबल तत्काल बदलने, सड़क किनारे लगे असुरक्षित ट्रांसफार्मरों की सेफ्टी और शिफ्टिंग सुनिश्चित करने तथा अधिक भार वाले मोहल्लों में अतिरिक्त ट्रांसफार्मर लगाने के निर्देश भी दिए। उन्होंने कहा कि मेंटेनेंस कार्य तेजी से किया जाए ताकि शहरवासियों को अनावश्यक विद्युत कटौती की परेशानी का सामना न करना पड़े। बैठक में तकिया और कतकालो स्थित पानी फिल्टर प्लांटों की विद्युत आपूर्ति बाधित होने से शहर की पेयजल व्यवस्था प्रभावित होने पर चिंता जताई गई। महापौर ने इन क्षेत्रों में निर्बाध बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने के निर्देश अधिकारियों को दिए। साथ ही अंडरग्राउंड विद्युतीकरण वाले मार्गों के डामरीकरण कार्य को देखते हुए नगर निगम और विद्युत विभाग के बीच समन्वय बनाकर काम करने पर जोर दिया गया।

शहर के लगातार विस्तार को देखते हुए अतिरिक्त 33/11 केवी विद्युत उपकेंद्र स्थापित करने के लिए गंगापुर वार्ड, पुराना बस स्टैंड, गहीरागुरु वार्ड (मठपारा) और महामाया पहाड़ (घूटरापारा) में भूमि उपलब्ध कराने का आग्रह विद्युत विभाग द्वारा किया गया।

# बस में छूटा जेवर और नगदी से भरा बैग, साइबर सेल ने एक घंटे में यात्री को लौटाया



**अंबिकापुर, प्रतिदिन राजधानी**

झारखंड से अंबिकापुर पहुंचे एक यात्री का जेवर, नगदी और मोबाइल से भरा बैग बस में छूट गया, जिसे सरगुजा साइबर सेल की तत्परता से महज एक घंटे के भीतर वापस दिला दिया गया। जानकारी के अनुसार, झारखंड के पलामू जिले के कजरी थाना क्षेत्र निवासी श्रवण सिंह अपनी पत्नी के साथ गढ़वा रोड से बस द्वारा अंबिकापुर आए थे। अंबिकापुर पहुंचने के बाद वे परिवार सहित बस से उतर गए। कुछ देर बाद उन्हें पता चला कि उनकी पत्नी का लेडीज हैंड बैग बस में ही छूट गया है। बैग में सोने के आभूषण, नगदी राशि और मोबाइल रखा हुआ था। मामले की जानकारी मिलते ही साइबर सेल अंबिकापुर के प्रभारी सहायक उप निरीक्षक अजीत कुमार मिश्रा और उनकी टीम ने तत्काल कार्रवाई शुरू की। टीम ने बस का तलाशी ली। जांच के दौरान यात्री का हैंड बैग बस में सुरक्षित मिला।

बैग में सोने का मंगलसूत्र, सोने की बालियां, 10 हजार रुपये नगद और मोबाइल सुरक्षित पाए गए। साइबर सेल के प्रधान आरक्षक भोजराज पासवान और आरक्षक राहुल केरकेट्टा ने बैग उसके मालिक को सौंप दिया।

# सुशासन तिहार में भाजपा के जिपं सदस्य धरने पर बैठे

## सीईओ पर कमीशनखोरी और काम रोकने का आरोप, मंत्री ने दिया

**कोरबा, प्रतिदिन राजधानी**

कोरबा जिला पंचायत में सोमवार को सत्तारूढ़ दल के भीतर असंतोष खुलकर सामने आ गया। भाजपा समर्थित जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ. पवन सिंह सहित सभी सदस्यों ने जिला पंचायत कार्यालय परिसर में धरना देकर प्रशासनिक कार्यप्रणाली के खिलाफ मोर्चा खोल दिया। मालूम हो कि 12 सदस्यीय जिला पंचायत में नौ सदस्य भाजपा समर्थित हैं।

धरने का मुद्दा जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी (सीईओ) दिनेश कुमार नाग की कार्यशैली रहा। सदस्यों ने आरोप लगाया कि विकास कार्यों से जुड़े फैसले सामान्य सभा को दरकिनार कर लिए जा रहे हैं। जनप्रतिनिधियों की बातों को गंभीरता से नहीं लिया जा रहा और प्रस्तावों पर कोई कार्रवाई नहीं हो रही है। कुछ सदस्यों ने विकास कार्यों में कमीशनखोरी के आरोप भी लगाए और निष्पक्ष जांच की मांग की। सोमवार को जिला पंचायत अध्यक्ष कक्ष में सदस्यों की बैठक बुलाई गई थी, जिसमें जिला खनिज न्यास मद से होने वाले विकास कार्यों पर चर्चा होनी थी। बैठक में जिला पंचायत सीईओ दिनेश नाग को भी आमंत्रित किया गया था, लेकिन करीब तीन घंटे इंतजार के बाद भी उनके नहीं



पहुंचने से सदस्य नाराज हो गए। इसी बीच जब सीईओ अपने कक्ष से बाहर निकलकर जाने लगे तो अध्यक्ष और अन्य सदस्यों ने उन्हें रोककर चर्चा करने की कोशिश की। हालांकि समय नहीं होने का हवाला देते हुए उनके वहां से चलते बने। इस पर विवाद और बढ़ गया। इसके बाद जिला पंचायत परिसर में नारेबाजी शुरू हो गई और सदस्य धरने पर बैठ गए।

धरने के दौरान जनप्रतिनिधियों ने कहा कि उनके क्षेत्रों में विकास कार्य ठप पड़े हैं, जिससे जनता के बीच उन्हें नाराजगी का सामना करना पड़ रहा है। धरने की सूचना मिलने पर उद्योग एवं श्रम मंत्री लखनलाल देवांगन जिला पंचायत पहुंचे। उन्होंने जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ. पवन सिंह और अन्य सदस्यों के साथ बंद कमरे में चर्चा की। सदस्यों ने सीधे मंत्री के सामने अपनी शिकायतें रखीं। कुछ सदस्यों ने यह भी आरोप लगाया कि विकास कार्यों में कमीशन लिए बिना काम आगे नहीं बढ़ाया जा रहा। इस दौरान एक कथित ऑडियो रिकॉर्डिंग भी सुनाई गई, जिसमें ठेकेदार और अन्य व्यक्ति के बीच बातचीत होने का दावा किया गया।

बाद में मीडिया से बातचीत में मंत्री ने कहा कि जनप्रतिनिधियों की बात सुनी गई है। यदि किसी अधिकारी के खिलाफ लगाए गए आरोप प्रमाणित होते हैं तो जांच कर कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने अधिकारियों को जनप्रतिनिधियों के साथ बेहतर समन्वय बनाए रखने के निर्देश देने की बात भी कही।

घटना ऐसे समय हुई है, जब पूरे जिले में सुशासन तिहार मनाया जा रहा है। ऐसे में प्रशासन और हैं। सोमवार को जिला पंचायत परिसर में लंबे समय तक तनाव और हंगामे की स्थिति बनी रही।

जनप्रतिनिधियों ने चेतावनी दी कि यदि एक महीने के भीतर प्रशासनिक कार्यप्रणाली में सुधार नहीं हुआ तो 10 जून को जिला पंचायत कार्यालय में तालाबंदी की जाएगी। वहीं जिला पंचायत सीईओ दिनेश नाग ने मामले पर प्रतिक्रिया देने से फिलहाल इनकार करते हुए कहा कि वे जरूरी वीडियो कॉन्फ्रेंस में व्यस्त हैं और बाद में इस विषय पर बात करेंगे।

# वार्ड 29 में भाजपा-कांग्रेस ने झोंकी ताकत, पंचायत उपचुनाव की प्रक्रिया भी शुरू

**बिलासपुर, प्रतिदिन राजधानी**

नगरीय निकाय और त्रिस्तरीय पंचायत उपचुनाव की अधिसूचना जारी होने के साथ ही सोमवार से नामांकन पत्र लेने की प्रक्रिया शुरू हो गई। हालांकि पहले दिन किसी भी प्रत्याशी ने नामांकन दाखिल नहीं किया। इसके बावजूद राजनीतिक दलों और संभावित उम्मीदवारों की सक्रियता ने चुनावी माहौल को गर्म कर दिया है। विशेष रूप से नगर निगम के वार्ड क्रमांक 29 संजय गांधी नगर में भाजपा और कांग्रेस दोनों ने अपनी रणनीतिक तैयारियां तेज कर दी हैं। नामांकन पत्र जमा करने की अंतिम तिथि 18 मई निर्धारित की गई है। इसके बाद 19 मई को नामांकन पत्रों की जांच होगी, जबकि 21 मई तक नाम वापस लिए जा सकेंगे। मतदान 1 जून को कराया जाएगा।

नगर निगम के संजय गांधी नगर वार्ड 29 पार्षद पद के लिए जिला कलेक्टोरेट के भूतल स्थित कक्ष क्रमांक 25 में नामांकन पत्र स्वीकार किए जाएंगे। इस सीट पर होने वाला उपचुनाव अब केवल एक वार्ड का चुनाव नहीं रह गया है, बल्कि भाजपा और कांग्रेस दोनों के लिए प्रतिष्ठा का विषय बन चुका है। यही कारण है कि संगठन स्तर पर लगातार बैठकें, फीडबैक और समीकरण साधने की कवायद जारी है।

सोमवार को विधायक अमर अग्रवाल ने अपने बंगले में टिकट के दावेदारों और समर्थकों की बैठक ली। बैठक में चुनाव जीतने की रणनीति पर चर्चा हुई। उन्होंने कार्यकर्ताओं से अपने-अपने स्तर पर तैयारी करने को कहा। साथ ही स्पष्ट किया कि टिकट वितरण का अंतिम निर्णय पार्टी हाईकमान करेगा। बैठक में यह भी कहा गया कि पार्टी का लक्ष्य हर हाल में जीत हासिल करना है, इसलिए जिसे भी टिकट मिले, उसे सभी को साथ लेकर चुनाव लड़ना होगा।

दूसरी ओर कांग्रेस भी वार्ड में अपनी पकड़ बनाए रखने के लिए सक्रिय हो गई है। जिला कांग्रेस कमेटी के शहर अध्यक्ष सिद्धांशु मिश्रा उम्मीदवार चयन समिति के साथ लगातार चर्चा कर रहे हैं। वार्ड में जनसंपर्क गतिविधियां बढ़ गई हैं और बूथ स्तर तक कार्यकर्ताओं स्थानीय माहौल को पूरी तरह राजनीतिक रंग दे दिया है। यह सीट कांग्रेस पार्षद शेख असलम के निधन से खाली हुई है। इसके पूर्व के कार्यकाल में उनके भाई शेख गफ्फार का निधन हो गया था, जिसके बाद हुए उप चुनाव में पार्षद निर्वाचित हुए थे।

इधर त्रिस्तरीय पंचायत उपचुनाव के लिए संबंधित जनपद पंचायत कार्यालयों में नामांकन पत्र जमा किए जाएंगे। नगर निगम पार्षद चुनाव के लिए अपर कलेक्टर डॉ. ज्योति पटेल को रिटर्निंग ऑफिसर नियुक्त किया गया है, जबकि पंचायत चुनाव की जिम्मेदारी संबंधित तहसीलदारों को सौंपी गई है।

# बिजली विभाग की नाकामी से मशीनें बंद, मजदूर खाली

**बिलासपुर, प्रतिदिन राजधानी**

जिले के औद्योगिक क्षेत्रों में लगातार बिगड़ रही बिजली व्यवस्था को लेकर सोमवार को उद्योगपतियों का गुस्सा फूट पड़ा। जिला उद्योग संघ के नेतृत्व में 50 से अधिक उद्योगपति छत्तीसगढ़ विद्युत वितरण कंपनी के मुख्य अभियंता कार्यालय पहुंचे और अधिकारियों के सामने बिजली आपूर्ति की बदहाल स्थिति पर तीखी नाराजगी जताई। बैठक के दौरान कई बार माहौल गरमा गया और उद्योगपतियों ने विभागीय अधिकारियों को जमकर खरी-खोटी सुनाई।

**50 से अधिक उद्योगपतियों ने मुख्य अभियंता कार्यालय पहुंचकर जताई तीखी नाराजगी**

जिला उद्योग संघ के अध्यक्ष सतीश शाह और महासचिव शरद सक्सेना के नेतृत्व में पहुंचे प्रतिनिधिमंडल ने मुख्य अभियंता आलोक अंबस्ट समेत अन्य अधिकारियों के सामने औद्योगिक क्षेत्रों की समस्याएं रखीं। उद्योगपतियों का कहना था कि लगातार ट्रिपिंग, अघोषित बिजली कटौती और शिकायतों के निराकरण में लापरवाही के कारण उद्योगों को भारी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है।

व्यापारियों ने बताया कि दिनभर में आठ से दस बार बिजली ट्रिप होने से उत्पादन व्यवस्था पूरी तरह प्रभावित हो रही है। कई उद्योगों में मशीनें बार-बार बंद करनी पड़ रही हैं, जिससे उत्पादन लागत बढ़ रही है और समय पर माल की सप्लाई भी प्रभावित हो रही है।

बैठक में मौजूद उद्योगपतियों ने अलग-अलग समस्याएं सामने रखीं। किसी ने डीओ गिरने की शिकायत की तो किसी ने फ्यूज खराब होने के बाद घंटों तक सुधार कार्य नहीं होने पर नाराजगी जताई। उद्योगपतियों का कहना था कि शिकायत करने पर विभाग की ओर से पर्याप्त स्टाफ नहीं होने का बहाना बना दिया जाता है। सिलपहरी औद्योगिक क्षेत्र में अघोषित बिजली कटौती का मुद्दा भी प्रमुखता से उठा। वहीं तिफरा क्षेत्र के व्यापारियों ने कम ऊंचाई वाले बिजली खंभों के कारण भारी वाहनों की आवाजाही में हो रही परेशानी बताई और पोलों की ऊंचाई बढ़ाने की मांग की। बैठक के दौरान एक उद्योगपति ने नाराजगी जताते हुए कहा कि उनके प्लांट में एक ही दिन में चार बार बिजली बंद हो चुकी है। हर बार मशीनें रोकनी पड़ती हैं, मजदूर खाली बैठ जाते हैं और नुकसान उद्योग संचालकों को उठाना पड़ता है। उन्होंने आरोप लगाया कि विभाग की लापरवाही के कारण उद्योगों का कामकाज लगातार प्रभावित हो रहा के रखरखाव के लिए पर्याप्त कर्मचारियों की तैनाती नहीं की गई है। इसके कारण छोटी तकनीकी खराबियों को दूर करने में भी घंटों लग जाते हैं। व्यापारियों ने चेतावनी दी कि यदि जल्द व्यवस्था में सुधार नहीं हुआ तो आगे बड़ा आंदोलन किया जाएगा।

# सुशासन तिहार बना जनविश्वास का महाअभियान, गांव-गांव पहुंच रही सरकार

**रायगढ़,, प्रतिदिन राजधानी**

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की मंशानुरूप पूरे प्रदेश में संचालित सुशासन तिहार अब जनविश्वास और जनसरोकार का बड़ा अभियान बनता जा रहा है। गांव-गांव आयोजित हो रहे जनसमस्या निवारण शिविर ग्रामीणों के लिए राहत का प्रभावी माध्यम साबित हो रहे हैं, जहां लोगों की समस्याओं का त्वरित समाधान किया जा रहा है और उन्हें शासकीय योजनाओं का सीधा लाभ मिल रहा है। इसी कड़ी में विकासखंड तमनार के ग्राम कुंजेमूरा स्थित स्वामी आत्मानंद स्कूल परिसर में आज जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने पहुंचकर अपनी समस्याएं प्रशासन के समक्ष रखीं।

कार्यक्रम में पहुंचे पूर्व मंत्री सत्यानंद राठिया ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व वाली राज्य सरकार की सुशासन नीतियों को ग्रामीण विकास और जनकल्याण का मजबूत आधार बताया। उन्होंने कहा कि यह सरकार गांव, गरीब, किसान, माताओं-बहनों और युवाओं की सरकार है। राज्य सरकार की योजनाएं सीधे जरूरतमंद लोगों तक पहुंच रही हैं और यही सुशासन



की वास्तविक अवधारणा है। उन्होंने कहा कि जब प्रदेश के 18 लाख जरूरतमंद परिवारों को प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत पक्का घर मिलता है, तब सुशासन की शुरुआत होती है। किसानों को प्रति एकड़ 21 क्विंटल धान की खरीदी पर 3100 रुपये का समर्थन मूल्य मिलना, भूमिहीन किसानों को प्रतिवर्ष 10 हजार रुपये की सहायता, प्रदेश की 70 लाख माताओं-बहनों को महतारी वंदन योजना के तहत हर माह एक हजार रुपये की सहायता मिलना-ये सभी सुशासन की मजबूत पहचान हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश में गांव से लेकर शहर तक पुल, पुलिया, सड़क, स्वास्थ्य सुविधाओं और मूलभूत अधोसंरचना का तेजी से विस्तार हो रहा है। राज्य सरकार नक्सल मुक्त छत्तीसगढ़ के निर्माण की दिशा में भी निरंतर कार्य कर रही है। पूर्व मंत्री राठिया ने कहा कि मुख्यमंत्री स्वयं जेठ माह की भीषण गर्मी में गांव-गांव पहुंचकर लोगों की समस्याएं सुन रहे हैं और अधिकारियों को तत्काल समाधान के निर्देश दे रहे हैं। इससे ग्रामीणों में सरकार के प्रति विश्वास और उत्साह लगातार बढ़ रहा है। उन्होंने ग्रामीणों से अधिक से अधिक संख्या में शिविरों में पहुंचकर शासन की योजनाओं का लाभ लेने की अपील भी की। इस दौरान कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी ने शिविर का निरीक्षण किया तथा विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टॉलों का अवलोकन कर अधिकारियों को पात्र हितग्राहियों तक योजनाओं का लाभ सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। शिविर में राजस्व, स्वास्थ्य, राशन, पेंशन, आवास, बिजली, पानी सहित विभिन्न विभागों से संबंधित समस्याओं के समाधान के लिए विशेष व्यवस्था की गई थी।

कुंजेमूरा शिविर में मांग एवं शिकायतों से जुड़े कुल 626 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें से कई आवेदनों का मौके पर ही निराकरण किया गया। शेष आवेदनों के समय-सीमा में समाधान का आश्वासन प्रशासन द्वारा दिया गया। शिविर में क्लस्टरवार 20 ग्राम पंचायतों को शामिल किया गया था, जिससे बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने भागीदारी निभाई। शिविर में विभिन्न विभागों द्वारा हितग्राहियों को योजनाओं का लाभ भी वितरित किया गया। श्रम विभाग द्वारा 4 हितग्राहियों को प्रमाण-पत्र दिए गए, वहीं 4 महिलाओं को लखपति दीदी卐 योजना के प्रमाण-पत्र प्रदान किए गए। समाज कल्याण विभाग द्वारा उपकरण वितरित किए गए, जिनमें तीन लोगों को सेटेबल वॉकिंग स्टिक तथा एक हितग्राही को श्रवण वितरित किए गए। उद्यान विभाग द्वारा 16 हितग्राहियों को फलदार पौधों का वितरण किया गया, जबकि पशुधन विकास विभाग की ओर से 5 लोगों को मिनरल मिक्चर पाउडर प्रदान किया गया। स्वास्थ्य विभाग द्वारा 5 हितग्राहियों को आयुष्मान कार्ड उपलब्ध कराए गए।

प्रतिदिन राजधानी

रायपुर, गुरूवार 14 मई 2026

https://epaper. pratidinrajdhani.in

### इंडियाएआई मिशन और एनएचए ने एबी पीएम-जेएवाई ऑटो-एडजुडिकेशन

# हैकथॉन शोकेस 2026 के विजेताओं को सम्मानित किया

## आईआईएससी बेंगलुरु में स्वास्थ्य दावों के प्रबंधन में अग्रणी एआई समाधानों के लिए नौ नवप्रवर्तकों को सम्मानित किया गया

**नई दिल्ली।** इंडियाएआई मिशन ने राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्राधिकरण (एनएचए) और भारतीय विज्ञान संस्थान (आईआईएससी), बेंगलुरु के सहयोग से 9 मई, 2026 को आईआईएससी बेंगलुरु में एबी पीएम-जेएवाई ऑटो-एडजुडिकेशन हैकाथॉन शोकेस 2026 के विजेताओं को सम्मानित किया, जो सार्वजनिक स्वास्थ्य बीमा में एआई-संचालित नवाचार के दो दिवसीय राष्ट्रीय प्रदर्शन के समापन का प्रतीक है।





एनएचए और आईआईएससी बेंगलुरु के सहयोग से आयोजित इस हैकाथॉन का उद्देश्य दावों के निपटान में गति, पारदर्शिता और सटीकता में सुधार लाने के साथ-साथ धोखाधड़ी का पता लगाने का मजबूत समाधान विकसित करना था।

राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्राधिकरण के सीईओ सुनील कुमार बरनवाल, राष्ट्रीय परीक्षण एजेंसी के महानिदेशक अभिषेक सिंह, एनएचए की संयुक्त सचिव सुज्योति यादव और इलेक्ट्रॉनिकी एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय में संयुक्त निदेशक सुशिखा दहिया ने उन नवप्रवर्तकों को सम्मानित किया जिनके समाधानों में एआई-संचालित दावों के निपटान को बदलने की क्षमता है।

इस हैकाथॉन में आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना (एबी पीएम-जेएवाई) के अंतर्गत दावों के निपटान के लिए महत्वपूर्ण तीन गहन समस्याओं पर समाधान आमंत्रित किए गए थे। एबी पीएम-जेएवाई विश्व के सबसे बड़े सार्वजनिक रूप से वित्त पोषित स्वास्थ्य बीमा कार्यक्रमों में से एक है। एबी पीएम-जेएवाई प्रतिदिन 1,900 से अधिक उपचार पैकेजों के तहत बड़ी संख्या में दावों का निपटान करता है।

### हैकाथॉन विजेता

समस्या कथन 1: नैदानिक दस्तावेज़ वर्गीकरण और एसटीजी अनुपालन

मिश्रित गुणवत्ता वाले स्वास्थ्य संबंधी दस्तावेजों को स्वचालित रूप से पढ़ना, महत्वपूर्ण डेटा निकालना, अनिवार्य दृश्य तत्वों का पता लगाना और एनएचए के मानक उपचार दिशा-निर्देशों (एसटीजी) के अनुपालन की जांच करना।

**विजेता: विनय बाबू उल्ली**

उपविजेता: सुखुशी सिंह

द्वितीय उपविजेता: विजय बालाजी

समस्या कथन 2: रेडियोधर्मी छवि-आधारित स्थिति का पता लगाना और रिपोर्ट सहसंबंध

एसटीजी के अंतर्गत साक्ष्य के रूप में प्रस्तुत किए गए एक्स-रे, सीटी स्कैन और एमआरआई जैसी छवि-आधारित जांचों का सत्यापन करना, दावों का सटीक और कुशलतापूर्वक निर्णय करने के लिए उनकी रिपोर्टों से तुलना करना।

**विजेता: हरीश कुमार**

**उपविजेता: भरत वर्मा संगराजू**

द्वितीय उपविजेता: अर्नोल्ड सचिथ

समस्या कथन 3: दस्तावेज़ जालसाजी और डीपफेक का पता लगाना

दावा प्रस्तुत करने के समय ही जाली या कृत्रिम रूप से तैयार किए गए दस्तावेजों का पता लगाना, जिनमें छेड़छाड़ किए गए डिस्चार्ज समरी, बिल में हेरफेरी, फर्जी पहचान और एआई-जनित बाहरी या कृत्रिम कारक शामिल हैं।

**विजेता: प्रवीण श्रीधर**

**उपविजेता: निखिलेश्वर राव सुलाके**

**द्वितीय उपविजेता: सुमंत नायडू मथिरेड्डी**

विजेता टीमों को क्रमशः 5 लाख रुपये, 3 लाख रुपये और 2 लाख रुपये के नकद पुरस्कार मिले। अधिकारियों ने बताया कि चयनित समाधानों को भविष्य में एबी पीएम-जेएवाई प्रणाली के अंतर्गत लागू करने पर विचार किया जा सकता है।



राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने आराष्ट्रपति भवन में भारत के पूर्व राष्ट्रपति फ़ख़रुद्दीन अली अहमद की जयंती पर उन्हें पुष्पांजलि अर्पित की।

# विकसित वाइब्रेंट विलेज प्रोग्राम 2026 के लिए राष्ट्रीय क्विज का शुभारंभ

### शीर्ष युवा प्रतिभागी जून 2026 में बॉर्डर विलेज विकास पहल में शामिल होंगे

**नई दिल्ली।** युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय ने गृह मंत्रालय के सहयोग से विकसित वाइब्रेंट विलेज प्रोग्राम (वीवीवीपी) 2026 के लिए मेरा युवा भारत पोर्टल के माध्यम से राष्ट्रीय क्विज का शुभारंभ किया है। यह प्रश्नोत्तरी जून 2026 में आयोजित होने वाले सीमावर्ती गांवों के लिए सहभागिता कार्यक्रम में युवाओं की भागीदारी के लिए चयन का पहला चरण है।

युवाओं के नेतृत्व वाली राष्ट्रीय पहल विकसित वाइब्रेंट विलेज प्रोग्राम 2026 का उद्देश्य लेह-लद्दाख, हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड सहित रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण क्षेत्रों में सीमावर्ती गांवों के विकास के प्रति जागरुकता बढाना और जमीनी स्तर की भागीदारी, सामुदायिक जुड़ाव तथा सांस्कृतिक आदान-प्रदान को मजबूत करना है।

10 से 20 मई 2026 तक आयोजित इस ऑनलाइन क्विज में देशभर के युवा भाग ले सकते हैं। इस पहल का उद्देश्य प्रतिभागियों को विकसित वाइब्रेंट विलेज प्रोग्राम के दृष्टिकोण और उद्देश्यों के बारे में जागरुक करना है, साथ ही राष्ट्र निर्माण और सीमावर्ती समुदायों के विकास में युवाओं की अधिक भागीदारी को प्रोत्साहित करना है।




यह क्विज प्रतिभागियों के लिए सीमावर्ती गांवों के परिवर्तन, स्थानीय संस्कृति, पर्यावरण के प्रति जागरुकता, शासन संबंधी पहलों, सामुदायिक भागीदारी और सीमावर्ती क्षेत्रों को मजबूत करने की दिशा में सरकार के प्रयासों के बारे में जानने के लिए एक मंच के रूप में काम करेगी।

क्विज़ में शीर्ष प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों की पात्रता और फिटनेस का मूल्यांकन किया जाएगा, जिसके बाद राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों से 500 मेरा युवा भारत स्वयंसेवकों का चयन किया जाएगा, जो जून 2026 में आयोजित होने वाले साप्ताहिक विकसित वाइब्रेंट विलेज प्रोग्राम में भाग लेंगे।

चयनित स्वयंसेवक सीमावर्ती गांवों में जमीनी स्तर के कार्यों और सामुदायिक संपर्क गतिविधियों में भाग लेंगे। इस कार्यक्रम में स्वच्छता अभियान, युवा संवाद कार्यक्रम, पर्यावरण संबंधी पहल, सांस्कृतिक आदान-प्रदान गतिविधियां, जागरुकता अभियान, करियर परामर्श सत्र और जमीनी स्तर के विकास और राष्ट्रीय एकता पर केंद्रित अनुभवात्मक शिक्षण के अवसर शामिल होंगे।

यह पहल युवाओं को विकसित भारत @2047 में सक्रिय योगदानकर्ता के रूप में सशक्त बनाने और जीवंत सीमावर्ती समुदायों के महत्व के बारे में जागरुकता बढाने की सरकार की प्रतिबद्धता को दर्शाती है।



### फिलिपींस सीनेट में फायरिंग, आरोपी ने ICC ट्रायल से बचने के लिए बिछाया जाल; पूर्व राष्ट्रपति रोड्रिगो दुतेर्ते से कनेक्शन

**नई दिल्ली।** फिलिपींस सीनेट में गोलियों की आवाजें सुनाई दी हैं। ये फायरिंग पूर्व राष्ट्रपति रोड्रिगो दुतेर्ते के एक सहयोगी ने ICC ट्रायल के लिए अपनी गिरफ्तारी से बचने की कोशिश में कराई है।

फिलीपीन सीनेट के अंदर आज बुधवार को फायरिंग हुई। एक के बाद एक कई गोलियों की आवाजें सुनी गईं, जहां सीनेटर रोनाल्ड डेला रोजा ने इंटरनेशनल क्रिमिनल कोर्ट (ICC) के एक मामले को लेकर अपनी गिरफ्तारी से बचने की कोशिश की।

डेला रोजा ने सेना से अपील की है कि वे उनकी गिरफ्तारी और उन्हें नीदरलैंड्स प्रत्यर्पित करने की कोशिशों को रोक दें।

# चीन दौरे से पहले ट्रंप ने शी जिनपिंग की तारीफ

### बोले- अमेरिका और चीन दुनिया की दो सबसे बड़ी ताकत

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने चीन दौरे पर रवाना होने से पहले राष्ट्रपति शी जिनपिंग के साथ अपने रिश्तों की तारीफ की और कहा कि उन्हें इस यात्रा के दौरान बेहतरीन मुलाकात की उम्मीद है। ईरान संकट, वैश्विक व्यापार और ऊर्जा सुरक्षा को लेकर बढ़ते तनाव के बीच ट्रंप का यह बयान काफी अहम माना जा रहा है। व्हाइट हाउस से चीन रवाना होने से पहले राष्ट्रपति ट्रंप ने मीडिया से बातचीत में कहा कि अमेरिका और चीन दुनिया की दो सबसे बड़ी ताकतें हैं और दोनों देशों के बीच रिश्ते मजबूत और स्थिर हैं। उन्होंने कहा, राष्ट्रपति शी जिनपिंग के साथ मेरे संबंध शानदार हैं। हम हमेशा अच्छी तरह साथ रहे हैं और चीन के साथ काम करना बहुत अच्छा रहा है। ट्रंप ने संकेत दिया कि इस शिखर वार्ता में व्यापार सबसे बड़ा मुद्दा रहेगा। उन्होंने कहा, हमारे चीन के साथ बड़े संबंध हैं। हम दोनों सुपरपावर हैं और कई अहम मुद्दों पर चर्चा होनी है। सबसे ज्यादा फोकस व्यापार पर रहेगा।



अमेरिकी राष्ट्रपति ने यह भी खुलासा किया कि शी जिनपिंग इस साल के अंत तक अमेरिका का दौरा कर सकते हैं। ट्रंप ने कहा, राष्ट्रपति शी इस साल के आखिर में अमेरिका आएंगे। यह भी काफी रोमांचक होगा।

ईरान संकट पर भी ट्रंप ने चीन की संभावित भूमिका का जिक्र किया। उन्होंने कहा कि अगर शी जिनपिंग इस मामले में मदद कर सकते हैं, तो उसका स्वागत होगा। हालांकि, उन्होंने यह भी दावा किया कि अमेरिका स्थिति को पूरी तरह नियंत्रित कर रहा है। ट्रंप ने कहा, ईरान सैन्य रूप से कमजोर हो चुका है। या तो वे सही रास्ता अपनाएंगे या हम बाकी काम पूरा करेंगे।

अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने अमेरिका-चीन आर्थिक संबंधों को दोनों देशों के लिए फायदेमंद बताया। उन्होंने कहा, हम चीन के साथ बहुत बड़ा व्यापार करते हैं। हम भी फायदा उठा रहे हैं और चीन भी। हमारे रिश्ते अच्छे हैं।

अपनी यात्रा के मकसद पर ट्रंप ने कहा कि यह दौरा सिर्फ व्यापार नहीं, बल्कि वैश्विक रणनीतिक संतुलन के हिसाब से भी महत्वपूर्ण है। उन्होंने अमेरिका को दुनिया की सबसे मजबूत सैन्य ताकत बताते हुए कहा कि चीन को दूसरा सबसे शक्तिशाली देश माना जाता है।

गौरतलब है कि पिछले कुछ वर्षों में अमेरिका और चीन के रिश्तों में व्यापार, तकनीक, ताइवान, सप्लाई चेन और इंडो-पैसिफिक क्षेत्र को लेकर कई मतभेद रहे हैं। इसके बावजूद दोनों देश लगातार उच्चस्तरीय कूटनीतिक संपर्क बनाए हुए हैं, ताकि रिश्तों में और तनाव न बढ़े।

# कैद में पाकिस्तान के पूर्व पीएम, बहनों को भाई इमरान खान से मिलने की फिर नहीं मिली इजाजत

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान की अदियाला जेल में बंद पूर्व वजीर-ए आजम (प्रधानमंत्री) और पाकिस्तान तहरीक ए इंसाफ के संस्थापक इमरान खान की बहनों को एक बार फिर पुलिस ने मिलने नहीं दिया। उनके साथ खैबर पख्तूनख्वा के मुख्यमंत्री सोहेल अफरीदी भी थे। यह जानकारी बुधवार को स्थानीय मीडिया ने दी।

रिपोर्ट के मुताबिक, मंगलवार को पत्रकारों से बात करते हुए, इमरान खान की बहन अलीमा खान ने कहा कि इमरान खान से मिलने से मना करना कोर्ट की अवमानना है। नियमों के हवाले से उन्होंने कहा कि इस्लामाबाद हाई कोर्ट ने हर मंगलवार और गुरुवार को फैमिली मीटिंग के साफ ऑर्डर दिए हैं; इसके



बावजूद उन्हें भाई इमरान से मिलने नहीं दिया गया। अलीमा खान ने कहा, इमरान खान सिर्फ हमारे भाई ही नहीं, बल्कि पीटीआई नेता भी हैं, इसलिए हमने कहा कि हमें आप सबकी (प्रेस) जरूरत है। यहां आएं और दबाव बनाएं ताकि इमरान खान को अस्पताल में सही इलाज मिल सकेइमरान खान ने 128 दिनों तक धरना दिया था। उन्होंने दिन-रात सड़कों पर बिताए। सभी को थोड़ी हिम्मत दिखानी होगी। यह मुश्किल समय है, और हम जो कर सकते हैं, कर रहे हैं।

पीटीआई लगातार इमरान खान की पुलिस हिरासत में सही मेडिकल केयर न करने का आरोप लगाती रही है। हाल ही में उन्होंने 1,000 दिन पूरे होने के बावजूद हिरासत में रखने को राजनीतिक उत्पीडन का कृत्य बताया था। दल के अनुसार पूर्व पीएम के संवैधानिक और न्यायिक अधिकारों की साफतौर पर धज्जियां उड़ाई जा रही हैं।

सूत्रों ने पीटीआई के केंद्रीय सूचना सचिव वकास अकरम के हवाले से कहा कि पीटीआई संस्थापक इमरान खान को राजनीतिक प्रताडना का शिकार होना पड़ रहा है, क्योंकि मौजूदा सरकार उनकी लोकप्रियता और स्वतंत्र नजरिए से डरती है। यही वजह है कि उन्हें साइडलाइन करने की कोशिश की जा रही है।

अकरम ने कहा कि इमरान खान और उनकी पत्नी बुशरा बीबी के साथ बुरा बर्ताव किया जा रहा है। पीटीआई संस्थापक को अकेले कैद में रखा जा रहा है, जबकि उनके परिवार, वकीलों और पार्टी लीडरशिप को उनसे मिलने नहीं दिया जा रहा है, जो बुनियादी इंसानी और कानूनी अधिकारों का साफ उल्लंघन है।

73 साल के खान अगस्त 2023 से जेल में हैं, जिसे पीटीआई राजनीति से प्रेरित कदम बताती रही है। 2022 में नो-कॉन्फिडेंस वोट के जरिए ऑफिस से हटाए जाने के बाद से, इमरान खान पर कई केस चल रहे हैं। इनमें सरकारी उपहार हासिल करने और गैर-कानूनी शादी के आरोप भी शामिल हैं।

# ‘पीएम मोदी दुनिया के सबसे जीवंत नेताओं में से एक, भारत को देते रहेंगे तेल’

## पुतिन के विदेश मंत्री का बड़ा बयान

**मॉस्को।** रूस के विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव ने भारत यात्रा से पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की जमकर तारीफ की है। उन्होंने रूस-भारत संबंधों को भी सराहा है और उसे मजबूत बताया है। लावरोव ने कहा है कि पीएम मोदी दुनिया के सबसे जीवंत नेताओं में से एक हैं। उन्होंने पीएम मोदी की ऊर्जा की भी तारीफ ही है। इसके अलावा, लावरोव ने यह भी कहा है कि रूस भारत की ऊर्जा सुरक्षा के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने ऐलान किया है कि रूस लगातार भारत को तेल निर्यात करता रहेगा।

### पीएम मोदी की जमकर तारीफ की

लावरोव ने कहा, ₹प्रधानमंत्री मोदी दुनिया के सबसे जीवंत नेताओं में से एक हैं। उनमें न केवल जबरदस्त ऊर्जा है, बल्कि वे इसे बहुत ही महत्वपूर्ण लक्ष्यों और उपलब्धियों पर केंद्रित करते हैं – चाहे वह अर्थव्यवस्था हो, सैन्य रक्षा हो, संस्कृति हो, या फिर स्वाभाविक रूप से, भारत की उस अद्वितीय सभ्यतागत विरासत को बनाए रखना हो, जो किसी और देश के पास नहीं है।₹ लावरोव ने ये बातें बुधवार से शुरू होने वाली ब्रिक्स विदेश मंत्रियों की बैठक के लिए नई दिल्ली की अपनी यात्रा से पहले की है।

जो लोग रूस-भारत की दोस्ती के भविष्य को लेकर चिंतित हैं, मुझे लगता है कि उन्हें चिंता नहीं करनी चाहिए।

**सर्गेई लावरोव, रूसी विदेश मंत्री**

### भारत को रूसी तेल आपूर्ति का दिया भरोसा

रूसी विदेश मंत्री से पूछा गया कि रूस से भारत की तेल खरीद में काफी गिरावट आई है। क्या इसकी वजह से



रूस भारत को एक साझीदार के तौर पर अलग नजरिए से देखने लगा है?

इस पर लावरोव ने कहा, ‘नहीं, इसका भारत से कोई लेना-देना नहीं है। यह सब संयुक्त राज्य अमेरिका द्वारा लिए गए एक गैर-कानूनी फैसले की वजह से हुआ है।’ उन्होंने आगे कहा, ‘मैं आपको भरोसा दिला सकता हूँ कि भारत के हितों और रूसी ऊर्जा की आपूर्ति पर कोई असर नहीं पड़ेगा। हम यह सुनिश्चित करने के लिए हर मुमकिन कोशिश करेंगे कि पश्चिमी देशों के अनुचित उपायों का हमारी व्यवस्थाओं पर कोई असर न पड़े।’

### भारत-रूस संबंधों पर यह कहा

लावरोव ने कहा, ‘जो लोग रूस-भारत की दोस्ती के भविष्य को लेकर चिंतित हैं, मुझे लगता है कि उन्हें चिंता नहीं करनी चाहिए।’ उन्होंने आगे कहा कि कुछ वैश्विक शक्तियां रूस और भारत के बीच संबंधों को ‘कमजोर’ करने की कोशिश कर रही हैं , लेकिन ‘इन प्रयासों से कोई परिणाम नहीं मिलता है।’ ऊर्जा और रक्षा क्षेत्रों में रूस-भारत संबंधों के बारे में विदेश मंत्री ने कहा कि ‘भारत को आजादी मिलने के बाद लंबे समय तक किसी भी पश्चिमी देश ने भारत के सैन्य विकास में मदद नहीं करना चाहा,’ जबकि रूस ने भारत को हथियार बेचे और भारत में निर्मित होने वाले कई प्रकार के हथियारों के लिए प्रौद्योगिकी साझा की।

# मयारू भौजी 2

# संघर्षों से सजे सफर, रिश्तों की मिठास और छत्तीसगढ़ी संस्कृति का भावनात्मक दस्तावेज

## 15 मई को 50 से ज्यादा स्क्रीन पर हो रही है रिलीज

जतिन नचरानी

रायपुर, (प्रतिदिन राजधानी)

छत्तीसगढ़ी सिनेमा के वरिष्ठ निर्माता, प्रस्तुतकर्ता और सांस्कृतिक पहचान बन चुके मोहन सुंदरानी की बहुप्रतीक्षित फिल्म मयारू भौजी 2 आगामी 15 मई को रिलीज होने जा रही है। फिल्म को लेकर उनसे हुई लंबी और आत्मीय बातचीत में सिर्फसिनेमा ही नहीं, बल्कि संघर्ष, परिवार, संस्कृति, नई पीढ़ी और जिंदगी के कई अनसुने पहलू सामने आए। बातचीत के दौरान मोहन सुंदरानी कई बार भावुक हुए तो कई बार अपने पुराने दिनों को याद करते हुए मुस्कुराते नजर आए। उन्होंने बताया कि मयारू भौजी 2 केवल मनोरंजन के लिए बनाई गई फिल्म नहीं है, बल्कि यह रिश्तों की संवेदनाओं और पारिवारिक मूल्यों को सामने लाने वाली कहानी है। उनके मुताबिक आज के दौर में जहां रिश्तों में दूरी बढ़ रही है, वहां यह फिल्म परिवार को जोड़ने और रिश्तों की अहमियत समझाने का काम करेगी।





गाने की शूटिंग के दौरान अभिनेता निखिल सुंदरानी और आस्था शर्मा

उन्होंने कहा कि फिल्म का मूल संदेश यह है कि 'भौजी' केवल रिश्ते का नाम नहीं, बल्कि कई परिवारों में वह मां का रूप निभाती है। फिल्म में ऐसी ही एक महिला का किरदार दिखाया गया है, जो मां के न रहने के बाद अपने देवर और ननद की जिम्मेदारी उठाती है। वह अपने सपनों, सुख और जरूरतों का त्याग कर पूरे परिवार को संभालती है। देवर–ननद को पढ़ाती–लिखाती है और उन्हें आगे बढ़ाने के लिए अपना जीवन समर्पित कर देती है।

मोहन सुंदरानी ने बताया कि फिल्म की कहानी तैयार करते समय उन्होंने इस बात का खास ध्यान रखा कि दर्शकों को एक ऐसी भौजी दिखाई जाए, जिससे हर परिवार जुड़ाव महसूस कर सके। उन्होंने कहा कि कहानी लिखते समय यह सोच थी कि किरदार सिर्फ फिल्मी न लगे, बल्कि वास्तविक जीवन का हिस्सा महसूस हो।

उन्होंने पहली मयारू भौजी के दौर को याद करते हुए कहा कि उस समय छत्तीसगढ़ी फिल्मों के पास संसाधन बेहद कम थे। रिकॉर्डिंग से लेकर म्यूजिक, स्पॉट बॉय, तकनीकी टीम और कई जरूरी कामों के लिए मुंबई पर निर्भर रहना पड़ता था। यहां के स्टूडियो उस स्तर के नहीं थे कि फिल्म की रिकॉर्डिंग सीधे इस्तेमाल की जा सके। उस समय हर रीटेक में खर्च बढ़ जाता था और तकनीकी गलतियों की गुंजाइश बहुत कम होती थी।

### रील का था जमाना, जम्मू में भी रिलीज हुई थी फिल्म

उन्होंने बताया कि पहली फिल्म के दौरान पूरी टीम ने सीमित संसाधनों में दिन–रात मेहनत की थी। बावजूद इसके दर्शकों ने फिल्म को इतना प्यार दिया कि वह सुपरहिट साबित हुई। उन्होंने कहा कि उस दौर में फिल्म की मांग इतनी बढ़ गई थी कि अलग–अलग शहरों में लगातार फिल्म की रीलें भेजनी पड़ती थीं। नागपुर, दुर्ग, राजनांदगांव और यहां तक कि जम्मू में भी फिल्म प्रदर्शित हुई। उन्होंने मुस्कुराते हुए कहा कि कई बार तो फिल्म की 'पेटियां' तैयार कराने और भेजने में ही पूरी टीम व्यस्त रहती थी।

उन्होंने कहा कि मयारू भौजी 2 तकनीकी रूप से पहली फिल्म से कहीं ज्यादा मजबूत और भव्य बनाई गई है। आधुनिक तकनीक के इस्तेमाल के बावजूद फिल्म की आत्मा पूरी तरह छत्तीसगढ़ी है। इसमें खानपान, वेशभूषा, गांव का परिवेश, तीज–त्योहार, रीति–रिवाज और पारिवारिक परंपराओं को बेहद खूबसूरती से फिल्माया गया है।

### याद किया गरीबी का दौर

मोहन सुंदरानी ने बातचीत में अपने संघर्ष भरे जीवन के कई पहलुओं का भी जिक्र किया। उन्होंने बताया कि बचपन बेहद गरीबी में बीता। आर्थिक स्थिति इतनी कमजोर थी कि परिवार चलाने के लिए छोटे–मोटे काम करने पड़े। उन्होंने पुराने कपड़े बेचे, छोटी–छोटी चीजों का व्यापार किया और कई तरह के संघर्षों का सामना किया।

उन्होंने कहा कि एक समय ऐसा भी था जब कुछ पैसों के लिए बिस्किट और बीड़ी तक बेचनी पड़ती थी। कई बार दो वक्त के खाने तक की चिंता रहती थी। उन्होंने अपने पुराने दिनों को याद करते हुए कहा कि आज जो लोग सुविधाएं देखते हैं, उन्हें शायद अंदाजा भी नहीं होगा कि उस दौर में गरीबी कितनी कठिन होती थी।

### काम करते रहना मेरी एनर्जी का राज

78 वर्षीय मोहन सुंदरानी ने बताया कि 24 साल की उम्र में पहली बार मुंबई गए थे। उस समय मुंबई जाना उनके लिए किसी सपने से कम नहीं था। वहां जाने से पहले उन्हें यह तक नहीं पता था कि कहां रुकेंगे और कैसे काम करेंगे। लेकिन मेहनत और जुनून ने उन्हें आगे बढ़ने की ताकत दी।

आज भी मोहन सुंदरानी लगातार काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि काम ही उनकी सबसे बड़ी ऊर्जा है। उनके मुताबिक अगर वे कुछ दिन खाली बैठ जाएं तो बेचैनी होने लगती है। उन्होंने कहा कि लगातार सक्रिय रहने की वजह से ही वे आज भी खुद को स्वस्थ महसूस करते हैं।

### पोते निखिल को लेकर थे असमंजस में, रातभर सो नहीं पाए थे

बातचीत के दौरान मोहन सुंदरानी ने अपने पोते को फिल्म में मौका देने के फैसले पर भी विस्तार से बात की। उन्होंने बताया कि उनका पोता बचपन से ही उनके साथ शूटिंग, स्टूडियो और सांस्कृतिक कार्यक्रमों में जाता रहा। अंग्रेजी माध्यम में पढ़ने की वजह से शुरुआत में उसे छत्तीसगढ़ी भाषा और संस्कृति की ज्यादा समझ नहीं थी, लेकिन धीरे–धीरे उसने माहौल को आत्मसात किया।

उन्होंने बताया कि उनका पोता घंटों शूटिंग सेट पर बैठकर कैमरा, डायरेक्शन और कलाकारों का काम देखता था। वह लगातार सवाल पूछता और हर छोटी चीज को समझने की कोशिश करता था। बाद में उसने एक्टिंग क्लास और डांस क्लब जॉइन कर अभिनय की बारीकियां सीखनी शुरू कीं।

मोहन सुंदरानी ने कहा कि जब उनके पोते ने खुद फिल्म में अभिनय करने की इच्छा जताई, तब वे असमंजस में थे। उन्होंने यहां तक कहा कि शूटिंग शुरू होने के एक दिन पहले तक उन्होंने दूसरे कलाकार को विकल्प के रूप में तैयार रखा था। वे पूरी रात सो नहीं पाए थे क्योंकि लाखों रुपए का प्रोजेक्ट दांव पर था। उन्हें डर था कि अगर अभिनय कमजोर हुआ तो फिल्म और परिवार दोनों की छवि प्रभावित हो सकती है।

लेकिन पहले दिन शूटिंग शुरू होते ही डायरेक्टर का फोन आया कि लड़का उम्मीद से बेहतर काम कर रहा है। इसके बाद उनका आत्मविश्वास बढ़ गया। उन्होंने कहा कि उनके पोते ने हर सीन के लिए कड़ी मेहनत की। कई बार पांच–पांच रीटेक दिए, लेकिन कभी हार नहीं मानी। परिवार का सदस्य होने के बावजूद सेट पर उसे किसी तरह की विशेष छूट नहीं दी गई।

फिल्म का मुहूर्त शॉट...मोहन सुंदरानी और फिल्म के कलाकार



### भावनात्मक और साफ सुथरी पारिवारिक फिल्म है मयारू भौजी 2

उन्होंने बताया कि वे नए कलाकारों और गायकों को लगातार मौका देने का प्रयास कर रहे हैं। उनके स्टूडियो में रोज रिकॉर्डिंग होती है और नए लोगों को मंच देने के लिए वे हमेशा तैयार रहते हैं। कई नए कलाकार उनके माध्यम से आगे आए हैं और आज पहचान बना रहे हैं।

दर्शकों की बदलती पसंद पर उन्होंने कहा कि अब लोग केवल मनोरंजन नहीं, बल्कि भावनात्मक और साफ-सुथरी पारिवारिक फिल्में देखना चाहते हैं। मयारू भौजी 2 उसी सोच के साथ बनाई गई है, ताकि पूरा परिवार एक साथ बैठकर फिल्म का आनंद ले सके।

बातचीत के अंत में मोहन सुंदरानी ने कहा कि संघर्ष, मेहनत, परिवार और कला के प्रति जुनून ने ही उन्हें यहां तक पहुंचाया है। उन्हें विश्वास है कि मयारू भौजी 2 दर्शकों के दिलों में उसी तरह जगह बनाएगी, जैसे पहली मयारू भौजी ने बनाई थी।

---

# आदर्श विद्यालय मोवा के विद्यार्थियों ने किया शानदार प्रदर्शन

रायपुर (प्रतिदिन राजधानी)




आदर्श विद्यालय, मोवा ने एक बार फिर अपनी शैक्षिक उत्कृष्टता की परंपरा को कायम रखते हुए CBSE ऑल इंडिया सीनियर स्कूल सर्टिफिक्टेट एग्जामिनेशन (AISSCE) 2026 में उत्कृष्ट परिणाम दर्ज किए हैं ।

कक्षा XII का शानदार प्रदर्शन स्कूल की गुणवत्ता शिक्षा और समग्र विकास के प्रति अडिग प्रतिबद्धता का प्रतिबिंब है । इस वर्ष, 10 छात्रों ने 90% से अधिक अंक प्राप्त करके उत्कृष्टता हासिल की, जबकि 50 छात्रों ने 80% से अधिक अंक प्राप्त करके सम्मानपूर्वक परिणाम दर्ज किया, इस प्रकार संस्थान की शैक्षिक यात्रा में एक और गौरवशाली अध्याय जोड़ा गया ।

JATIN GUPTA स्कूल के टॉपर के रूप में उभरे, जिन्होंने 94.4% का असाधारण स्कोर प्राप्त किया, इसके बाद NAVEEN SINHA ने 94.2% अंक प्राप्त किए। अन्य उच्च उपलब्धकर्ताओं में TWINKLE RACHDANI 93.4%, JANVI VERMA 93.2%, ANANYA SATHEESH SINDHU 93%, KSHNAPRAVA PARIDA 92.4%, BHAGYASHREE VERMA 90.8%, ANTARA SHRIVASTAVA 90.4%, ISHIKA MOHANTY 90.4%, और KOMAL VERMA 90% अंक प्राप्त करने वाले शामिल हैं ।

इन विद्यार्थियों की सराहनीय उपलब्धियाँ उनके समर्पण, दृढ़ संकल्प और निष्ठापूर्ण प्रयासों का उत्कृष्ट उदाहरण हैं। उनकी सफलता अनुशासित तैयारी, एकाग्रता तथा संस्था द्वारा प्रदान की गई सुदृढ़ शैक्षणिक नींव का प्रतिफल है। इनका उत्कृष्ट प्रदर्शन darsh Vidyalaya, Mowa में विकसित उत्कृष्टता एवं विद्वतापूर्ण अनुशासन की समृद्ध परंपरा को भी उजागर करता है । विद्यालय प्रबंधन ने सभी सफल विद्यार्थियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ प्रदान करते हुए शिक्षकों के प्रति भी गहरी कृतज्ञता व्यक्त की। प्रबंधन ने शिक्षकों के अथक परिश्रम, मूल्यवान मार्गदर्शन एवं निरंतर प्रेरणा को इस उल्लेखनीय सफलता का महत्वपूर्ण आधार बताया।

अध्यक्ष Shri Vinod Pillai, उपाध्यक्ष Shri T.C. Shaji, महासचिव Dr. Jacob Sakariah, कोषाध्यक्ष Shri J. Sajith Nair, संयुक्त कोषाध्यक्ष Shri Arun Kumar T.A. तथा सचिव Shri Philip Samuel, सचिव स्द्धह्द्ध Sajith Nair ने विद्यार्थियों को हार्दिक शुभकामनाएँ देते हुए उन्हें दृढ़ संकल्प, विनम्रता एवं सत्यनिष्ठा के साथ निरंतर उत्कृष्टता प्राप्त करने हेतु प्रेरित किया ।

प्रधानाचार्या Mrs. Sabita Chaturvedi ने विद्यार्थियों की इस शानदार उपलब्धि पर अत्यंत गर्व व्यक्त करते हुए उनके परिश्रम, समर्पण एवं धैर्य की भूरि–भूरि प्रशंसा की। उन्होंने विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य के लिए हार्दिक शुभकामनाएँ एवं आशीर्वाद प्रदान करते हुए विश्वास व्यक्त किया कि वे जीवन में आगे भी नई ऊँचाइयों को प्राप्त करेंगे।

---

# होली हॉर्टस स्कूल कबीर नगर रायपुर का सीबीएसई 12वीं का रहा उत्कृष्ट प्रदर्शन


JANNET J MATHEW (PCB)- 87.2%


ABEER KHAN (COM-MERCE) - 86 %


YUGANSH RAHANGDALE (COM MERCE)- 83.8%

JANNET J MATHEW (PCB)- 87.2%
ABEER KHAN (COMMERCE) - 86 %
YUGANSH RAHANGDALE (COM MERCE)- 83.8%
SHUBH SHUKLA (PCB) - 81.6%
DEVANSH JAIN (COMMERCE)- 78.8%


SHUBH SHUKLA (PCB) - 81.6%


DEVANSH JAIN (COMMERCE)- 78.8%

स्वामी एवं प्रकाशक शांतिदेवी नचरानी प्रतिदिन राजधानी, प्रतिदिन हाऊस जी.ई.रोड शारदा चौक रायपुर छत्तीसगढ़ के लिए मुद्रक हरीश कुमार नचरानी प्रतिदिन प्रिंटर्स एण्ड पब्लिशर्स कचहरी चौक जेल रोड रायपुर (छ.ग.) द्वारा मुद्रित एवं स्वामी शांतिदेवी नचरानी (रामचंद नचरानी एण्ड संस की कर्ता) द्वारा प्रतिदिन हाऊस जी.ई.रोड शारदा चौक से प्रकाशित। संपादक–शांतिदेवी नचरानी * कार्यकारी संपादक–हरीश नचरानी, मो.–9617598000। (किसी भी विवाद के लिए न्यायलयीन क्षेत्र रायपुर होगा।) RNI NO. CHH HIN/2001/05596 फोन नं.– 0771-2223399, मो.–6262904444